राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 16 अप्रैल 2026
वर्ष 07, अंक 193, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

रफ्तार का कहरः अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा, बड़ा हादसा टला- मकान क्षतिग्रस्त...03

ऐसा क्या हो गया था जो ट्रंप ने तुरंत मोदी को फोन लगाया और 40 मिनट तक बातचीत की?...12

# सुप्रीम कोर्ट ने पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत पर लगाई रोक

» सुप्रीम कोर्ट ने पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत पर रोक लगाई।
» तेलंगाना हाई कोर्ट के आदेश को असम सरकार ने चुनौती दी थी।
» असम सरकार की याचिका पर खेड़ा को नोटिस जारी किया गया।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने पवन खेड़ा को तेलंगाना हाईकोर्ट से मिली अग्रिम जमानत के फैसले पर रोक लगा दी है। यह मामला असम पुलिस द्वारा दर्ज एक एफआईआर से जुड़ा है। असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा ने यह एफआईआर दर्ज कराई थी। पवन खेड़ा ने 5 अप्रैल को रिंकी भुइयां सरमा पर तीन आलग-अलग देशों का पासपोर्ट रखने का आरोप लगाया था। जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस ए.एस. चांदुरकर की बेंच ने पवन खेड़ा और अन्य लोगों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ असम सरकार द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी करते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया।

असम सरकार की ओर से पेश होते हुए भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि पवन खेड़ा की याचिका में इस बात का कोई जिक्र नहीं था कि तेलंगाना में यह अधिकार क्षेत्र कैसे बनता है। तुषार मेहता ने यह भी कहा कि हाईकोर्ट इस तथ्य को नजरअंदाज कर गया कि इनमें से एक अपराध के लिए अधिकतम 10 साल की जेल की सजा का प्रावधान है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सुनवाई के दौरान पवन खेड़ा की तरफ से पेश किए गए नोट में बताया गया था कि उनकी पत्नी हैदराबाद में रहती हैं। लेकिन सॉलिसिटर जनरल ने इसके खिलाफ दलील दी कि उनकी पत्नी के आधार कार्ड में उन्हें दिल्ली का निवासी दिखाया गया है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि अगर ऐसा है, तो कोई भी व्यक्ति पूरे देश में कहीं भी प्रॉपर्टी खरीद सकता है और अपनी पसंद की जगह से अग्रिम जमानत मांग सकता है। उन्होंने कहा कि यह 'फोरम-शॉपिंग' है। उन्होंने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 'प्रिया इंदोरिया' मामले में अपने फैसले में ऐसी हरकतों को गलत ठहराया था।

सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि यह प्रक्रिया का पूरी तरह से दुरुपयोग है। उन्होंने यह नहीं बताया है कि वह असम क्यों नहीं जा सकते। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि याचिका में उन्होंने यह भी नहीं कहा है कि उनकी पत्नी की हैदराबाद में कोई संपत्ति है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम तेलंगाना हाईकोर्ट के आदेश से हैरान हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पवन खेड़ा ने अग्रिम जमानत की अवधि बढ़ाने के लिए एक अर्जी दाखिल की है।

10 अप्रैल को तेलंगाना हाई कोर्ट ने पवन खेड़ा को कुछ शर्तों के साथ एक सप्ताह की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी थी। पवन खेड़ा के खिलाफ केस गुवाहाटी क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर से जुड़ा है। यह एफआईआर पवन खेड़ा की 5 अप्रैल की प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए गए आरोपों के आधार पर दर्ज की गई थी। पवन खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने दावा किया था कि सीएम हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा के पास कई पासपोर्ट हैं। साथ ही विदेशों में उनकी प्रॉपर्टी है। सीएम हिमंत ने चुनावी हलफनामे में इन तथ्यों के बारे में जानकारी नहीं दी है।

## यह डरावना है कि 7.95 लाख से ज़्यादा एग्ज़ीक्यूशन याचिकाएं 6 महीने से ज़्यादा समय से लंबित हैं

सुप्रीम कोर्ट ने जल्द निपटारे के लिए व्यवस्था मांगी।



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में पाया कि पूरे देश में लगभग 8 लाख एग्ज़ीक्यूशन याचिकाएं लंबित हैं, जो छह महीने से ज़्यादा पुरानी हैं। इस स्थिति को 'बहुत डरावना और निराशाजनक' बताया। कोर्ट ने कहा, 'आज की तारीख़ में स्थिति बहुत डरावनी और निराशाजनक लगती है। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि आज की तारीख़ में पूरे देश में 7,95,981 एग्ज़ीक्यूशन याचिकाएं लंबित हैं, जो छह महीने पुरानी हैं।' जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच ने सभी हाईकोर्ट को निर्देश दिया कि वे एग्ज़ीक्यूशन याचिकाओं के जल्द निपटारे को सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई व्यवस्था के बारे में उन्हें जानकारी दें। कोर्ट ने आदेश दिया, 'अगली सुनवाई की तारीख़, यानी 07.10.2026 तक, हर हाईकोर्ट हमें संक्षेप में बताएगा कि एग्ज़ीक्यूशन याचिकाओं के प्रभावी और जल्द निपटारे के लिए उन्होंने क्या व्यवस्था बनाई या अपने-अपने ज़िला न्यायालयों को किस तरह के निर्देश जारी किए।' कोर्ट ऐसे मामलों के समय-सीमा के भीतर निपटारे के लिए दिए गए अपने निर्देशों के पालन की निगरानी कर रहा था।

16 अक्टूबर, 2025 तक पूरे देश में 8.82 लाख से ज़्यादा एग्ज़ीक्यूशन याचिकाएं लंबित थीं। उस समय कोर्ट ने इन आंकड़ों को बेहद निराशाजनक और चिंताजनक बताया था। हाईकोर्ट से छह महीने के भीतर निपटारा सुनिश्चित करने और प्रभावी निगरानी व्यवस्था बनाने का आग्रह किया। अपने ताज़ा आदेश में कोर्ट ने पाया कि निपटारे में प्रगति के बावजूद, लंबित मामलों की संख्या अभी भी बहुत ज़्यादा है। कोर्ट ने पाया कि मौजूदा आंकड़े दिखाते हैं कि 7,95,981 एग्ज़ीक्यूशन याचिकाएं अभी भी छह महीने से ज़्यादा समय से लंबित हैं।

कोर्ट ने पाया कि 6 मार्च, 2025 से जब उसने एग्ज़ीक्यूशन याचिकाओं के समय-सीमा के भीतर निपटारे का निर्देश दिया था, तब से 10 अप्रैल, 2026 तक कुल 7,69,731 एग्ज़ीक्यूशन याचिकाओं का फ़ैसला किया गया और उनका निपटारा किया गया। इसमें 6 मार्च, 2025 के निर्देशों के बाद पहले चरण में निपटाए गए 3,38,685 मामले और 16 अक्टूबर, 2025 के बाद निपटाए गए 4,31,046 अन्य मामले शामिल हैं। कोर्ट ने राज्य-वार आंकड़ों पर प्रकाश डाला, जो यह दिखाते हैं कि मामले अभी भी लंबित हैं। उत्तर प्रदेश में 26,943 एग्ज़ीक्यूशन याचिकाएं लंबित हैं, जिनमें से 3,057 मामलों में कार्यवाही ऊपरी अदालतों द्वारा रोक दी गई।

महाराष्ट्र में, 3,95,960 एग्ज़ीक्यूशन याचिकाएं लंबित हैं, जिनमें से 11,966 मामलों पर रोक लगी हुई है। पश्चिम बंगाल में 28,192 लंबित एग्ज़ीक्यूशन याचिकाओं में से 1,008 मामलों में कार्यवाही पर रोक है। मध्य प्रदेश में, 50,579 लंबित एग्ज़ीक्यूशन याचिकाओं में से 2,537 मामले रोक के अंतर्गत हैं सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट, बॉम्बे हाईकोर्ट, कलकत्ता हाईकोर्ट और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से अनुरोध किया कि वे उन मामलों की जांच करें, जिनमें कार्यवाही पर रोक लगी हुई और यह सुनिश्चित करें कि ऐसे मामलों को जल्द-से-जल्द उठाया जाए ताकि एग्ज़ीक्यूशन की कार्यवाही में देरी न हो।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मासूम से दरिंदगी की कोशिश पर फूटा गुस्सा, आरोपी की जमकर धुनाई

**तिलहर संवाददाता।** पांच साल की मासूम बच्ची के साथ छेड़खानी के आरोप ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। घटना के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और आरोपी को पकड़कर जमकर पीट दिया गया। पीड़िता के पिता ने मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी राजू उर्फ प्रेम प्रकाश के खिलाफ तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिस पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात खेत में बने एक मकान के पास यह शर्मनाक हरकत हुई। जैसे ही घटना की जानकारी परिजनों और ग्रामीणों को मिली, आक्रोशित भीड़ ने आरोपी को घेर लिया और उसकी पिटाई कर दी। पिटाई में घायल युवक को परिजन शनिवार सुबह सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस भी हरकत में आई। मंगलवार को पुलिस टीम मेडिकल कॉलेज पहुंची और आरोपी के डिस्चार्ज होते ही उसे हिरासत में लेकर थाने ले आई, जहां उससे कड़ी पूछताछ जारी है। प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

### गोपीगंज में आज किन्नर समाज निकालेगा सद्भावना जुलूस, प्रशासन से मांगी अनुमति

गोपीगंज। नगर की सुख-शांति और खुशहाली की कामना को लेकर किन्नर समाज की ओर 16 अप्रैल गुरुवार को सद्भावना जुलूस निकाले जाने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में किन्नर समाज की मुखिया बसंती किन्नर ने उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर को प्रार्थना पत्र देकर अनुमति के साथ पुलिस व्यवस्था की मांग की है। जुलूस 16 अप्रैल गुरुवार को दिन मे 10 बजे मंडी समिति गोपीगंज से धूमधाम के साथ शुरू होगा। यह जुलूस मीरजापुर रोड होते हुए शहीद स्मारक तिराहा से -ज्ञानपुर रोड चौराहे पर स्थित गोपेश्वरनाथ शिव मंदिर पहुंचेगा, जहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना और घंटा चढ़ाएंगे। इसके बाद जुलूस मुख्यालय मार्ग होते हुए इब्राहिमपुर स्थित बाबा इब्राहिम शहीद की मजार पर चादरपोशी करेगा। बसंती किन्नर ने बताया कि इस जुलूस में विभिन्न नगरों और जनपदों के सैकड़ों किन्नर शामिल होंगे। ऐसे में कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की गई है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि सामाजिक सौहार्द और परंपराओं को ध्यान में रखते हुए जुलूस की अनुमति प्रदान करना आवश्यक है। अब प्रशासनिक स्तर पर अनुमति को लेकर विचार किया जा रहा है।

## वाराणसी 'टकसाल शूटआउटः 24 साल बाद धनंजय सिंह और अभय सिंह की अदावत पर आया फैसला, विधायक समेत सभी आरोपी बरी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की सियासत और जरायम की दुनिया के दो बड़े नामों, धनंजय सिंह और अभय सिंह के बीच चली आ रही दो दशक पुरानी कानूनी जंग में आज वाराणसी की अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। कैंट थाना क्षेत्र के चर्चित 'टकसाल सिनेमा शूटआउट' मामले में विशेष न्यायालय (MP-MLA) यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत ने विधायक अभय सिंह, एमएलसी विनीत सिंह समेत सभी आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। साल 2002 से चले आ रहे इस हाई-प्रोफाइल मुकदमे में आज फैसले की घड़ी थी। फैसला आने से पहले ही विधायक अभय सिंह अपने समर्थकों के साथ कचहरी परिसर पहुंच गए थे। कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव और संदेह का लाभ देते हुए अभय सिंह (विधायक-गोसाईगंज), विनीत सिंह (एमएलसी), संदीप सिंह, संजय सिंह, विनोद सिंह और सत्येंद्र सिंह को दोषमुक्त करार दिया। घटना 4 अक्टूबर 2002 की शाम करीब 6 बजे की है। तत्कालीन केराकत विधायक धनंजय सिंह अपने साथियों के साथ सफारी गाड़ी से एक मरीज को देखकर जौनपुर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा हॉल के पास पहुंची, बोलेरो सवार हमलावरों ने उन्हें घेर लिया।

आरोप था कि विधायक अभय सिंह ने अपने साथियों के साथ उतरकर ललकारा और धनंजय सिंह की गाड़ी पर अत्याधुनिक असलहों से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस जानलेवा हमले में धनंजय सिंह, उनके गनर और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज के लिए सिंह मेडिकल में भर्ती कराया गया था। इस मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने उनके वहन पर फायरिंग किए जाने का आरोप लगाया था और इस मामले में एमएलसी विनीत सिंह, विधायक अभय सिंह समेत कई लोगों को आरोपी बनाया गया था। इस शूटआउट में पूर्व सांसद धनंजय सिंह के गनर और ड्राइवर को गोली लगी थी।

### तेज रफ्तार ट्रक नेः बाइक सवार को मारी टक्कर तीन घायल, दो महिलाओं की हालत गंभीर

**हंडिया प्रयागराज।** जनपद के हंडिया थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जहां बगहा चौराहे के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक पुरुष सहित दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाराणसी की ओर से आ रहा एक अनियंत्रित ट्रक बगहा चौराहे के पास बाइक सवारों से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों महिलाओं की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है। पुरुष घायल का भी उपचार चल रहा है। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक के नंबर के आधार पर विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग कर दी और कुछ ही देर में ट्रक को पकड़ लिया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा और कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा को केस से हटने का मामलाः केजरीवाल ने दायर किया नया हलफनामा

● कहा- जज का बेटा और बेटी केंद्र के पैनल वकील



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** शराब नीति मामले की सुनवाई से दिल्ली हाईकोर्ट की जज जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा के हटने की मांग वाली अपनी याचिका में क्क प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने अतिरिक्त हलफनामा दायर किया। इसमें उन्होंने कहा है कि जस्टिस शर्मा के बेटे और बेटी, दोनों ही केंद्र सरकार के वकील के तौर पर पैनल में शामिल हैं। केजरीवाल ने कहा कि जस्टिस शर्मा के बच्चों को काम सॉलिसिटर जनरल द्वारा सौंपा जाता है, जो जस्टिस शर्मा के सामने CBI की तरफ से पेश हुए। उनके अनुसार, इससे जस्टिस शर्मा की ओर से पक्षपात की एक उचित आशंका पैदा होती है, जिसके चलते शराब नीति मामले में आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ CBI की याचिका की सुनवाई से उनका हटना ज़रूरी हो जाता है।

13 अप्रैल को जस्टिस शर्मा ने केजरीवाल और अन्य आरोपियों द्वारा दायर उन आवेदनों पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिनमें शराब नीति मामले में सभी आरोपियों को बरी किए जाने को चुनौती देने वाली CBI की पुनर्विचार याचिका की सुनवाई से उनके हटने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान, केजरीवाल ने खुद इस मामले पर बहस की थी। उन्होंने मौखिक रूप से कहा था कि सोशल मीडिया पर जस्टिस शर्मा के बच्चों के केंद्र सरकार के साथ पेशेवर जुड़ाव को लेकर चर्चा चल रही है।

केजरीवाल ने कहा था कि स्थापित परंपराओं के अनुसार, अगर किसी जज के रिश्तेदारों का मामले में पेश होने वाले किसी भी पक्ष से कोई जुड़ाव होता है तो जज खुद को सुनवाई से अलग कर लेते हैं।

सुनवाई खत्म होने के बाद केजरीवाल ने यह हलफनामा दायर किया, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसे रिकॉर्ड मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि जस्टिस शर्मा के बच्चे केंद्र सरकार के वकील के तौर पर पैनल में शामिल हैं। जहां उनके बेटे सुप्रीम कोर्ट के लिए 'ग्रुप ए' पैनल वकील हैं, वहीं उनकी बेटी 'ग्रुप सी' पैनल वकील हैं। उन्होंने कानूनी रिपोर्टर सौरभ दास द्वारा सार्वजनिक की गई जानकारियों का हवाला दिया।

### अंदावा चौराहे पर तेज रफ्तार का कहरः अनियंत्रित कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक गंभीर




**झूंसीः प्रयागराज।** अंदावा चौराहे के पास तेज रफ्तारसे, जहां एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में संग्रामपट्टी निवासी मिथिलेश चतुर्वेदी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार अत्यधिक तेज गति से आ रही थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिसके चलते सड़क किनारे खड़ी बाइक को टक्कर मारते हुए हादसा हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल मिथिलेश चतुर्वेदी को पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। प्राथमिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा वाहन चालक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## बलिया में खाकी का कहरः सिपाही ने गर्भवती महिला को पीटा, जमीन विवाद में पहुंची थी पुलिस वीडियो वायरल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलियाः** जनपद के बांसडीह कोतवाली क्षेत्र से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करने वाला एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां जमीन विवाद के दौरान पुलिसकर्मी द्वारा एक महिला की बेरहमी से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना 13 अप्रैल की बताई जा रही है, जब डायल 112 की टीम जमीन विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंची थी। वायरल वीडियो में बांसडीह थाने का सिपाही सुजीत कुमार एक महिला को हाथ-पैर से मारता नजर आ रहा है। पीड़िता पूजा पटेल, निवासी सारंगपुर, ने आरोप लगाया है कि वह अपने चाचा को पुलिस द्वारा ले जाने का विरोध कर रही थीं, इसी दौरान सिपाही ने उनके साथ मारपीट की। पीड़िता ने यह भी बताया कि वह गर्भवती हैं, बावजूद इसके पुलिस ने उनकी बात नहीं सुनी।

पीड़िता के अनुसार, विवादित जमीन का मामला सिविल कोर्ट में विचाराधीन है, लेकिन विपक्षी पक्ष ने कथित रूप से पुलिस की मिलीभगत से निर्माण कार्य कराया। विरोध करने पर उनके चाचा को थाने ले जाकर पीटा गया और चालान कर दिया गया। महिला ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने मेडिकल जांच कराने की मांग की तो पुलिस ने उनकी बात अनसुनी कर दी और अपशब्द कहकर थाने से भगा दिया। इस पूरे मामले को लेकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक (SP) से न्याय की गुहार लगाई है और प्रार्थना पत्र सौंपा है। वहीं, घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## लखनऊः विकास नगर क्षेत्र में झोपड़ियों में भीषण आग, कई किलोमीटर तक फैला काला धुआं, दहशत में लोग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बुधवार दोपहर एक बड़ी आग की घटना ने इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। विकास नगर कॉलोनी के पास रिंग रोड स्थित एक खाली प्लॉट में बनी झोपड़ियों में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कई किलोमीटर दूर तक काला धुआं आसमान में फैल गया, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर के समय झोपड़ियों से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया, जो कुछ ही मिनटों में तेज लपटों में बदल गया। आग इतनी भयावह थी कि दूर-दूर तक इसके धुएं के गुबार साफ देखे जा सकते थे। स्थानीय लोगों ने तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी, जिसके बाद कई फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया।

घटना स्थल रिंग रोड पर स्थित है, जहां पास में कई बड़े वाहन शोरूम और Holiday Inn भी मौजूद हैं। आग के कारण आसपास के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में भी कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति बनी रही। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट के चलते आग भड़की। इसके बाद झोपड़ियों में रखे गैस सिलेंडरों में धमाके होने से आग ने और भी विकराल रूप ले लिया, जिससे आग तेजी से एक झोपड़ी से दूसरी झोपड़ी तक फैलती चली गई।

दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और स्थिति को नियंत्रण में लाने की कोशिश जारी है। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है, हालांकि कई झोपड़ियां जलकर पूरी तरह खाक हो गई हैं, जिससे वहां रहने वाले लोगों का भारी नुकसान हुआ है। स्थानीय प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। साथ ही, आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच के आदेश भी दिए गए हैं। गौरतलब है कि गर्मी के मौसम में इस तरह की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे प्रशासन और आम लोगों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### सिंचाई विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर सात लाख की ठगी, मां बेटे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बस्ती।** बस्ती जिले में सिंचाई विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर कोतवाली थाना क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी के रहने वाले एक व्यक्ति से सात लाख रुपये ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है, गौर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मां बेटे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी के रहने वाले कुशाग्र श्रीवास्तव ने पुलिस को ताहिर देकर आरोप लगाया है, कि गौर थाना क्षेत्र के पिकौरा गांव के रहने वाले अजय कुमार श्रीवास्तव बांदा जिले में सिंचाई विभाग में तैनात है और वह अपने विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर मुझसे अप्रैल से लेकर जून 2025 के बीच में कुल सात लाख रुपये लिए। जब वह नियुक्ति पत्र की मांग करने लगे तो अजय कुमार श्रीवास्तव फर्जी तरीके से कूटरचित चयन सूची तैयार कर दे दिया। विभाग में जब सत्यापन कराया गया तो फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ।

पीड़ित कुशाग्र श्रीवास्तव जब अपने पैसे की मांग करने लगे तो आरोपी की मां सुशीला देवी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वर्तमान समय में आरोपी लखनऊ के थाना चिनहट के बगल मानस गार्डन कॉलोनी बीबीडी पुलिस चौकी के बगल में रहते हैं। थानाध्यक्ष गौर अतुल कुमार अंजान ने बताया कि कुशाग्र श्रीवास्तव की तहरीर पर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में अजय कुमार श्रीवास्तव और सुशीला देवी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है, मामले की जांच उप निरीक्षक रामरेखा यादव की ओर से किया जा रहा है।

### हाई टेंशन लाइन से बुरी तरह झुलसा युवक



**ट्रक पर तिरपाल फैलाते समय हुआ हादसा, अस्पताल में भर्ती**

**सुल्तानपुर** – कोतवाली देहात क्षेत्र में अयोध्या बाईपास पर लोहरामऊ के पास एक ट्रक खलासी हाई टेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया। उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। यह घटना तब हुई जब सुल्तानपुर शहर के एक ट्रक पर कटका निवासी 18 वर्षीय अयान पुत्र मासूक अली खलासी का काम करता है। ट्रक रायबरेली से सीमेंट लादकर सुल्तानपुर के एक गोदाम में उतारने के लिए लाया गया था। आसमान में बादल छाए होने के कारण चालक के निर्देश पर अयान ट्रक पर तिरपाल फैलाने लगा। इसी दौरान वह ऊपर से गुजर रही पावर लाइन की चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत युवक को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। अयान कटका खानपुर, थाना गोसाईगंज का निवासी है। घटना की सूचना मिलने पर देहात कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। देहात कोतवाल धर्मबीर सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### डायल 1962 से पशुपालकों को मिल रहा सीधा लाभ, बीमार गाय का घर पहुंचकर हुआ इलाज

**अमेठी** – जिले में सरकार की पशुपालन विभाग की डायल 1962 सेवा पशुपालकों के लिए राहत का बड़ा माध्यम बन रही है। शाहगढ़ ब्लॉक के ग्राम रामगंज निवासी रमेश कुमार ने अपनी बीमार गाय के इलाज के लिए डायल 1962 पर संपर्क किया। सूचना मिलते ही जामों ब्लॉक की मोबाइल वेटनरी यूनिट (एमवीयू) संख्या UP32EG3592 तत्काल मौके पर पहुंची।

टीम में शामिल पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सत्येंद्र कुमार, एमटीएस रवि कुमार तथा पायलट शनि प्रताप ने मौके पर पहुंचकर गाय की जांच की और आवश्यक उपचार प्रदान किया। समय पर चिकित्सा सुविधा मिलने से पशु की हालत में सुधार हुआ, जिससे पशुपालक रमेश कुमार ने संतोष जताया।

रमेश कुमार ने कहा कि डायल 1962 जैसी सेवा ग्रामीण पशुपालकों के लिए बेहद उपयोगी है, क्योंकि इससे पशुओं का इलाज घर पर ही समय से हो जाता है। उन्होंने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे किसानों और पशुपालकों को सीधा लाभ मिल रहा है।

# जिलाधिकारी ने शिवा नगर लर्निंग सेंटर में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का किया निरीक्षण

**● कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों तथा हाईरिस्क प्रेग्नेंसी वाली महिलाओं के चिन्हांकन और शत-प्रतिशत टीकाकरण के दिए निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर–** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने बुधवार को ब्लॉक हर्रैया सतघरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवा नगर लर्निंग सेंटर में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टीकाकरण, कुपोषित बच्चों की पहचान, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन, पोषण कार्य, आयुष्मान, गोल्डेन कार्ड तथा आभा आईडी की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सैम व मैम रजिस्टर, ड्यू लिस्ट, एचआरपी और वैक्सीनेशन रजिस्टर का अवलोकन किया। मौके पर लक्षित 46 बच्चों के सापेक्ष केवल 4 बच्चों का टीकाकरण पाए जाने पर उन्होंने सीएचसी अधीक्षक हर्रैया डॉ. रजत शुक्ला को सख्त निर्देश दिए कि वीएचएनडी दिवस पर सूची के अनुसार शत-प्रतिशत बच्चों और गर्भवती महिलाओं की उपस्थिति सुनिश्चित कर टीकाकरण कराया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि शेष सभी बच्चों का टीकाकरण अगले सत्र तक हर हाल में पूरा किया जाए।

निरीक्षण में यह भी पाया गया कि वीएचएनडी से संबंधित रजिस्टर अद्यतन नहीं थे, जिस पर जिलाधिकारी ने अभिलेखों को तत्काल अपडेट करने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के संबंध में जानकारी करने पर ग्राम पंचायत में कोई भी मामला चिन्हित न होने की बात सामने आई। इस पर जिलाधिकारी ने अभियान चलाकर गर्भवती महिलाओं की पहचान करने, उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराने और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को निर्देशित किया कि वीएचएनडी दिवस पर कुपोषित बच्चों की पहचान के लिए लक्षित बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए और उनका विधिवत अभिलेखीकरण किया जाए। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के लिए वजन मापन, टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड, गोल्डेन कार्ड और आभा आईडी बनवाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, खंड विकास अधिकारी हर्रैया सतघरवा, सीएचसी अधीक्षक, नायब तहसीलदार, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गोल्डन कार्ड निर्माण की प्रगति तेज करने के निर्देश, 15 दिन में लक्ष्य पूरा करने पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी, बलरामपुर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में आयुष्मान गोल्डन कार्ड निर्माण को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी सहित समस्त संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर हिमांशु गुप्ता ने निर्देश दिए गए कि जनपद के सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य केंद्र अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर शेष बचे गोल्डन कार्ड 15 दिनों के भीतर बनवाना सुनिश्चित करें। जिन लाभार्थियों का आयुष्मान पोर्टल पर पंजीकरण नहीं हुआ है, उनका शीघ्र पंजीकरण कराते हुए कार्ड निर्माण की प्रक्रिया पूर्ण करने को कहा गया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधीक्षकों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने आयुष्मान आरोग्य मंदिर क्षेत्रों में अभियान चलाकर अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनवाएं। प्रतिदिन न्यूनतम लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में यह भी कहा गया कि आयुष्मान मित्र, आशा, एएनएम एवं पंचायत स्तर के कार्मिक समन्वय बनाकर घर-घर जाकर छूटे हुए लाभार्थियों की पहचान करें और उनका गोल्डन कार्ड बनवाएं। ब्लॉक स्तर पर सुपरवाइजरों को प्रतिदिन 15-15 कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया गया है। साथ ही निर्देश दिए गए कि आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, सहायिकाओं एवं अन्य संबंधित कार्मिकों का भी गोल्डन कार्ड बनाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। सभी अधिकारियों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस को बड़ी सफलता, डेढ़ करोड़ का गांजा जब्त

**● ओडिशा से लखनऊ जा रहा था ट्रक, माल के साथ दो तस्कर गिरफ्तार**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर** – पुलिस और एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम ने बुधवार, 14 अप्रैल को नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इस अभियान में लगभग 15 क्विंटल 20 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 1.5 करोड़ रुपये है। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी सुल्तानपुर-लखनऊ हाईवे पर रवनिया पूरब गांव के पास हुई। पुलिस ने एक संदिग्ध ट्रक को घेराबंदी कर रोका और उसकी तलाशी ली, जिसके बाद भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद हुआ। सीओ सिटी सौरभ सामंत ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि यह गांजा ओडिशा से लाया जा रहा था और इसे लखनऊ में किसी अन्य व्यक्ति को सप्लाई किया जाना था। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और इसके पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है ताकि अवैध धंधे की जड़ों तक पहुंचा जा सके। पुलिस ने बताया कि शहर में बड़े ट्रक के प्रवेश से बचने के लिए बंधुआ कला गांव से मजदूर बुलाकर गांजे को ट्रक से उतारकर पिकअप वाहन में लोड किया जा रहा था। इस काम में चार मजदूर लगे थे। बरामद गांजा 50 बोरियों में पैक था। इसके साथ ही, पुलिस ने एक 14 टायर वाला ट्रक, दो मोबाइल फोन और 4150 रुपये नकद भी जब्त किए हैं। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान मुजफ्फरनगर के सिखरेड़ा गांव निवासी नासिर पुत्र स्व. अली हसन, और लखनऊ के मोहन रोड, थाना पारा निवासी आर्या पुत्र स्व. जय नारायण के रूप में हुई है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस सफल अभियान में एसटीएफ लखनऊ के उप-निरीक्षक फजुद्दीन सिद्दीकी, थाना बंधुआकला के थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, थाना कुड़वार के थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल और एसओजी प्रभारी शिवानंद यादव सहित कुल 17 पुलिसकर्मी शामिल थे।

# राज्य महिला आयोग की मा. उपाध्यक्ष श्रीमती चारू चौधरी द्वारा नारी शक्ति वंदन जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा. उपाध्यक्ष श्रीमती चारू चौधरी द्वारा नारी शक्ति वंदन जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन राजकीय बालिका इण्टर कालेज में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मा. उपाध्यक्ष श्रीमती चौधरी ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं का शिक्षित एवं आत्मनिर्भर होना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होने महिलाओं से संबंधित विभिन्न कानूनों, अधिकारों एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। इस दौरान महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्प लाईन नं.-जैसे-1090 एवं 181 की जानकारी दी गयी तथा छात्राओं को आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं सामाजिक चुनौतियों से निपटने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होने छात्राओं को जीवन में आगे बढने, अपने लक्ष्य निर्धारित करने तथा आत्मविश्वास के साथ उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होने उपस्थित छात्राओं को मातृत्व वंदन योजना, बाल विवाह, बेटी बचाओं-बेटी पढाओ, कन्या सुमंगला योजना, टीकाकरण, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक दी गयी। उन्होने नारी वंदन जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत यह भी कहा कि हम परिवर्तन युग के साक्षी है, नारी का सम्मान शब्दों तक सीमित नही है, धरातल पर भी देखने को मिल रहा है। महिला हर क्षेत्र में आगे बढ रही है। इस कार्यक्रम के तहत उनके द्वारा प्रधानमंत्री जी को हृदय से बधाई दी गयी। उन्होने यह भी कहा कि इस योजना के तहत विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी बनेंगी। राष्ट्रनिर्माण में सहायक होंगी। उन्होने यह भी कहा कि उ.प्र. में कानून व्यवस्था पहले से और बेहतर हुआ है। आज के दौर में महिलाए सुरक्षित महशूस कर रही है।

उन्होने यह भी कहा कि आयोग द्वारा जनसुनवाई के साथ-साथ चौपाल का आयोजन तथा अन्तिम पायदान पर खड़ी महिला तक पहुँचने का प्रयास किया जाता है, जिससे किसी महिला पर अन्नयाय न होने पाये। इस दौरान नारी वंदन योजना के तहत उपस्थित महिलाओं ने हस्ताक्षर अभियान में प्रतिभाग भी किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा राली सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजेश कुमार, पिछड़ा कल्याण अधिकारी रेखा गुप्ता, डीपीआरओ धनश्याम सागर, जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव, महिला थानाध्यक्ष शालिनी सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी बीना सिंह, प्रभारी प्रधानाचार्य अंजू वर्मा, सीडीपीओ देवेन्द्र सिंह, प्रभारी सीडीपीओ अनुराधा पाण्डेय, इंस्पेक्टर मंजू सिंह, वरिष्ठ सहायक अशोक सिंह, वन स्टाफ सेण्टर की टगर पाल सहित छात्राए एवं शिक्षिका उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मानवी सिंह ने किया।

# मूक चेतना की मुखर आवाज हैं बाबा साहब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** मंगलवार को भारत रत्न मूक चेतना की आवाज को स्वर देने वाले संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर को उनकी जयन्ती पर याद किया गया। सदर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत दुबखरा के ग्राम संसारपुर फुटहिया चौराहे के निकट स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के आयोजक और समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये कहा कि डॉ. आंबेडकर, भगवान बुद्ध सामाजिक विकास मिशन समिति द्वारा निरन्तर उनके सपनों को साकार करने के लिये प्रयत्न निरन्तर जारी है। कहा कि बाबा साहेब ने आजीवन दलित, वंचित, उपेक्षित, महिलाओं, दलितों शोषितों की स्थिति मजबूत बनाने के लिए काम किया। भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान देकर विश्व पटल पर भारत का दुनिया में रोशन किया, बाबा साहेब संविधान के रचयिता के महान विचारक, पत्रकार और दार्शनिक थे। उनका योगदान युगों तक याद किया जायेगा। जयन्ती अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में समिति की संरक्षिका शान्ती देवी, हितलाल, सौरभ गौतम, मृत्युंजय कुमार, हर्षित, अथर्व, उज्वल, रामदीन, भगवानदीन, बुद्धिराम, विनोद कुमार, पंकज, दुर्गादास चंदन, अरुण कुमार, अजय कुमार, लालमन, सत्यम, शिवम, अनुज, विधान, पार्वती देवी, सुधा, शिखा, नीलम, कृष्णावती देवी, शान्ती, कृष्णावती देवी कुमार, सूरज, जाबिर, अर्जुन, ओम प्रकाश, रामललित, जंग बहादुर, विजय कुमार, रामनयन, राधेश्याम, के साथ ही बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

### अधिवक्ता मौत प्रकरण में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

**देवरिया।** जनपद के बरहज क्षेत्र में वरिष्ठ अधिवक्ता की मौत के मामले में जिला प्रशासन ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए यह निर्णय लिया है। बताया गया कि 5 अप्रैल को बरहज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता बिजेंद्र सिंह की मृत्यु के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसकी विवेचना अभी जारी है। इस बीच करणी सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुँवर वीर प्रताप सिंह उर्फ वीरू भैया द्वारा मृतक के परिजनों से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर मामले में तत्कालीन उपजिलाधिकारी विपिन कुमार द्विवेदी का नाम एफआईआर में शामिल करने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 196(1) के तहत मजिस्ट्रियल जांच के आदेश जारी किए हैं।

### थारू छात्रों के लिए अभ्युदय योजना से छ्श्वक्च कोचिंग शुरू: बलरामपुर के सीमावर्ती अंचल में उच्च शिक्षा के अवसर बढ़े

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर–** जनपद के सीमावर्ती थारू अंचल में अभ्युदय कोचिंग योजना के तहत CUET (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) की विशेष कक्षाएं शुरू हो गई हैं। यह पहल थारू समाज के छात्र-छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा के नए अवसर खोलेगी। कक्षाओं का उद्घाटन समाज कल्याण अधिकारी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही वंचित और पिछड़े वर्ग के युवाओं को नई दिशा दे सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों को निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराना है, ताकि वे उच्च शिक्षा के अवसरों से जुड़ सकें।यह पहल विशेष रूप से थारू समाज के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जो लंबे समय से सीमावर्ती और जनजातीय क्षेत्रों में निवास करता है। इसके माध्यम से थारू छात्र भी CUET परीक्षा उत्तीर्ण कर देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश पा सकेंगे।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने छात्रों को छ्श्वक्च परीक्षा के पैटर्न, पाठ्यक्रम और प्रभावी तैयारी के तरीके बताए। उन्होंने छात्रों को नियमित पढ़ाई, अनुशासन और आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने इस पहल को अपने जीवन में बदलाव लाने और उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करने वाला बताया। कई छात्रों ने इसे 'सपनों को पंख देने वाला अवसर' कहकर सराहा। समाज कल्याण विभाग ने आश्वासन दिया कि ऐसी योजनाएं भविष्य में भी जारी रहेंगी। इसका उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों के अधिक से अधिक जरूरतमंद छात्रों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है।

# मेरे पास तुम्हारे प्राइवेट फोटो हैं', शादी के पहले थे पत्नी के प्रेमी के साथ शारीरिक संबंध! पति के साथ मिलकर रचा मारने का षडयंत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर–** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर के महराजगंज तराई क्षेत्र में 2 युवकों की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। जिस घटना को शुरुआत में सड़क दुर्घटना माना जा रहा था, वह दरअसल एक सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या निकली। पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर पूरे मामले का पर्दाफाश करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया13 अप्रैल को ग्राम रमवापुर निवासी प्रमोद ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसके भाई मनोज और पड़ोसी दीपचंद उर्फ छोटू की मौत सड़क हादसे में हो गई है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की और प्रथम दृष्टया इसे दुर्घटना ही माना गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के अनुसार, जब टीम घटनास्थल पर पहुंची तो कई ऐसे तथ्य सामने आए जो सामान्य सड़क दुर्घटना से मेल नहीं खाते थे। शवों की स्थिति और आसपास के हालात संदिग्ध लगे, जिससे पुलिस को घटना में साजिश की आशंका हुई। यहीं से जांच का रुख बदल दिया गया।जांच के दौरान पुलिस ने मृतकों के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल खंगाली। आखिरी कॉल और लोकेशन के आधार पर कुछ संदिग्ध लोगों की पहचान हुई। इसके बाद पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ शुरू की, जिससे पूरे मामले की परतें खुलने लगीं।पूछताछ में सामने आया कि मृतक दीपचंद उर्फ छोटू का खुशबू वर्मा के साथ शादी से पहले शारीरिक संबंध था। शादी के बाद भी दोनों के बीच संपर्क बना रहा। छोटू के पास खुशबू की कुछ निजी तस्वीरें थीं, जिनके जरिए वह उस पर दबाव बना रहा था। बताया जा रहा है कि छोटू खुशबू को कहता, ''मेरे पास तुम्हारे प्राइवेट फोटो हैं, जिसे वायरल कर दूंगा।'' इसी से परेशान होकर खुशबू ने इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए खौफनाक साजिश रची। पुलिस के अनुसार, खुशबू वर्मा ने अपने पति अनिल कुमार और दो भाइयों अजय कुमार वर्मा व संतोष कुमार के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। साजिश के तहत खुशबू ने दीपचंद और उसके दोस्त मनोज को मिलने के बहाने बुलाया। वहां चारों आरोपियों ने मिलकर दोनों की हत्या कर दी।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनिल कुमार, खुशबू वर्मा, अजय कुमार वर्मा और संतोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस खुलासे ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है।

# बढ़ईपुरवा-कोल्हुई रोड बनी खतरे का रास्ता

**● ग्रामीणों का फूटा गुस्सा – मुख्यमंत्री पोर्टल तक पहुंची शिकायत**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** विकास खण्ड पचपेड़वा क्षेत्र में बढ़ईपुरवा चौराहे से कोल्हुई गांव को जोड़ने वाली करीब 2 किलोमीटर लंबी पीडब्ल्यूडी सड़क अब लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन चुकी है। वर्षों से बदहाल पड़ी इस सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि रोजाना राहगीरों की जान जोखिम में पड़ रही है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी डामर और जलभराव ने हालात को भयावह बना दिया है। खासकर साइकिल, बाइक और ई-रिक्शा चालकों के लिए यह मार्ग किसी 'डेथ ट्रैप' से कम नहीं है। बरसात के दिनों में पानी भरने से गड्ढे नजर नहीं आते, जिससे हादसों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

**मुख्यमंत्री पोर्टल तक पहुंची शिकायत**

फिर भी कार्रवाई शून्य कोल्हुई निवासी डॉ. वसीम ने समस्या की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे ग्रामीणों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।

**ग्रामीणों की एकजुट मांग — 'अब और नहीं सहेंगे '**

स्थानीय ग्रामीणों–अख्तर प्रधान, राजा सिद्दीकी, शमशाद खां, जावेद खान, मुकेश कुमार, कमलेश कुमार यादव, इरशाद मास्टर, मुकीम और जुम्मन सहित दर्जनों लोगों ने प्रशासन से तत्काल सड़क मरम्मत की मांग की है। उनका कहना है कि यह सड़क कई गांवों को जोड़ती है, जिससे रोजाना सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है।

**बड़ा हादसा होने की आशंका**

ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**अब सवाल यही है — आखिर कब जागेगा प्रशासन?**

लोगों की निगाहें अब प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं कि इस गंभीर समस्या का समाधान कब तक होता है।

# उद्यान विभाग, उ0प्र0 द्वारा 13 अप्रैल से 16 अप्रैल 2026 तक सिंचाई पोषण प्रबन्धन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, बस्ती के अन्तर्गत संचालित इण्डो-इजराइल सेन्टर आफ एक्सीलेन्स फार फ्रूट्स, बंजरिया, बस्ती में राष्ट्रीय बागवानी विकास मिशन, भारत सरकार व मशाव, एम्बेसी आफ इजराइल, नई दिल्ली तथा उद्यान विभाग, उ0प्र0 द्वारा दिनांक 13 से 16 अप्रैल 2026 तक ''सिंचाई व पोषण प्रबन्धन'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिनांक 15 अप्रैल 2026 को नेटाफिम इरीगेशन के प्रतिनिधि प्रशांत पंचोली, द्वारा फील्ड विजिट टू डिमान्सटेऊट दी यूज आफ वेंचुरी, डिजिटल टूल्स कान्सेप्ट आफ आटोमेशन इरीगेशन मैनेजमेंट इन मैंगो तथा संदीप जावलेकर द्वारा अब तक दिये गये प्रशिक्षण के आंकलन हेतु प्रतिभागियों के लिए परीक्षा आयोजित की गयी।

दिनांक 13 से 16 अप्रैल 2026 तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, मिजोरम, तेलंगाना, राजस्थान, आन्ध्र प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश के विभिन्न इण्डो-इजराइल सेन्टर आफ एक्सीलेन्सों से आये हुए प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया जा रहा है। संयुक्त निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र अनीश कुमार श्रीवास्तव द्वारा इण्डो-इजरायल सेन्टर आफ एक्सीलेन्स बंजरिया बस्ती पर चल रहे औद्यानिक गतिविधियों के बारे में प्रतिभागियों को भ्रमण कराकर अवगत कराया गया। ब्रम्हदेव, प्रोजेक्ट आफिसर, मशाव, एम्बेसी आफ इजराइल, नई दिल्ली द्वारा प्रशिक्षण के प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में दी जाने वाली उपयोगी व बहुमूल्य जानकारी को अपने कार्य क्षेत्र में प्रचारित व प्रसारित कर, कृषकों को अपने प्रक्षेत्र पर माइक्रोइरीगेशन व फर्टीगेशन की तकनीक अपनाने हेतु प्रोत्साहित करने का आवाहन किया गया।

# स्वयं सहायता समूहों की क्रांति, महिलाओं को मिली आत्मनिर्भरता की नई पहचान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में नवनिर्माण के 9 वर्षों के दौरान महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिला है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 1122.87 लाख रुपये की लागत से 16,041 स्वयं सहायता समूहों का गठन कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की मजबूत नींव रखी गई है।

इन स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण अंचलों में रहने वाली महिलाओं के जीवन में नई रोशनी भर दी है। पहले जहां महिलाएं केवल घरेलू कार्यों तक सीमित थीं, वहीं अब वे समूहों के माध्यम से बचत, ऋण और स्वरोजगार की गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। छोटे-छोटे बचत समूहों के जरिए महिलाएं आपसी सहयोग से पूंजी इकट्ठा कर रही हैं और जरूरत पड़ने पर एक-दूसरे की आर्थिक मदद भी कर रही हैं। समूहों के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण भी दिए जा रहे हैं, जिनमें सिलाई-कढ़ाई, पशुपालन, डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प और लघु उद्योग जैसे कार्य शामिल हैं। इससे महिलाएं अपने गांव में ही रोजगार के अवसर सृजित कर रही हैं और स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रही हैं। इन प्रयासों का सीधा असर परिवारों की आय पर पड़ा है। हजारों परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और जीवन स्तर ऊंचा उठा है। महिलाएं अब अपने बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण पर अधिक ध्यान दे पा रही हैं, जिससे सामाजिक विकास को भी गति मिली है।

स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का भी विकास हुआ है। वे ग्राम स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी निभा रही हैं और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी जागरूकता फैला रही हैं। इससे गांवों में सकारात्मक बदलाव का माहौल बना है। जनपद में स्वयं सहायता समूहों की यह पहल केवल आजीविका तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को सम्मान, आत्मविश्वास और पहचान दिलाने का सशक्त माध्यम बन गई है। नवनिर्माण के इस दौर में बस्ती की महिलाएं अब केवल घर की जिम्मेदारी नहीं संभाल रहीं, बल्कि विकास की धारा को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## स्कूल चलो अभियान के तहत बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

**रायबरेली:** ब्लाक संसाधन केंद्र अमावां में ब्लाक स्तरीय स्कूल चलो अभियान बाइक रैली एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया, खंड विकास अधिकारी अमावां संदीप सिंह ने गोष्ठी में उपस्थिति शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा हर अभिभावक को जागरुक करना है इसके लिए पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि अपनी महती भूमिका निभा सकते हैं,हमने अपने स्तर से भी उनसे अपील की है। कार्यक्रम आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने कहा अभिभावकों से सीधे संपर्क कर एवं स्कूल चलो अभियान रैली के माध्यम से विभाग में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को बताते हुए उन्हें जागरूक कर बच्चों के नामांकन एवं उनकी शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु निरंतर प्रेरित करते रहना होगा तभी हम अपने उद्देश्यों को पूरा कर सकते हैं, गोष्ठी के उपरांत बाइक रैली को मुख्य अतिथि संदीप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा रैली में प्रतिभाग करते हुए अभियान का हिस्सा बने,रैली चकपीरशाह, थारुइयां मोड़,सिधौना,दुसौती मोड होते हुए पुनः बीआरसी पहुंची जहां खंड शिक्षा अधिकारी अमावां के आभार के साथ उसका समापन हुआ। रैली में मुख्य रूप से एआरपी सतीश चौरसिया, हरीशचंद्र पाण्डेय, मानवेंद्र सिंह, अशोक प्रियदर्शी, सुरेश सिंह, बृजेंद्र सिंह, सूर्य प्रकाश, दयाशंकर तिवारी, संजय सिंह, राजेंद्र यादव, माताबदल कश्यप, बृजेश कुमार, घनश्याम, श्रीकांत, वरुणेंद्र, विजयकांत, गणेश वर्मा, कुलदीप, महताब खान, अफरोज अहमद, अमित यादव, विनोद यादव, गणेश कुमार, हेमंत रमन, संदीप गौतम, रामभरत राजभर, संदीप वर्मा, पवन मौर्या, धीरेन्द्र बहादुर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक प्रतिनिधियों तथा शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

## सीएचसी परिसर में आग लगने से दो एंबुलेंस जलकर राख

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को अचानक आग लग गई। आग कर्मचारी आवास के पीछे खड़ी दो निष्प्रयोज्य एंबुलेंस तक पहुंच गई। देखते ही देखते दोनों एंबुलेंस जलकर राख हो गईं। घटना से अस्पताल परिसर में अफरा तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। तब तक एंबुलेंस पूरी तरह नष्ट हो चुकी थीं। बताया जा रहा है कि एंबुलेंस के पास कूड़ा और करकट पड़ा था। इसी में आग लगी और फैल गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमल पटेल ने बताया कि अस्पताल की बाउंड्री वॉल से सटे खेल मैदान में अराजक तत्वों का जमावड़ा रहता है। आशंका है कि बीड़ी या सिगरेट फेंकने से आग लगी होंगी।

## महिला ने भट्ठा मुनीम पर लगाया पति और मजदूरों कों बंधक बनाने का आरोप

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के पूरे शीतलाबख्श मजरे मधुकरपुर गांव की एक महिला ने गाजीपुर के ईट भट्ठा मुनीम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि मुनीम ने उसके पति समेत कई मजदूरों को बंधक बना लिया है। गांव निवासी रामरती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके पति रनबहादुर ईंट भट्ठे पर मिस्त्री का काम करते हैं। वह गांव और आसपास के राजकुमार, करन, राकेश और रिंकू को भी अपने साथ मजदूरी के लिए लेकर गए थे। महिला ने बताया कि भट्ठा मुनीम मजदूरों के साथ मारपीट कर रहा है। उन्हें वापस आने नहीं दिया जा रहा है। यह जानकारी पति ने उसे फोन पर दी जिससे वह बेहद परेशान है। रामरती ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर पति और अन्य मजदूरों को मुक्त कराने की गुहार लगाई है।

## शारदा सहायक नहर पुल के पास अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी

**बिसवां/सीतापुर** बुधवार को शारदा सहायक नहर पुल के पास एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्राम पुरैनी के पास नहर में एक युवक का शव उतराता हुआ देखा गया। मृतक शर्ट और अंडरवियर पहने था। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। काफी प्रयास के बावजूद मृतक की पहचान नहीं हो सकी। प्रभारी निरीक्षक राम राघव सिंह ने बताया कि शव पुराना प्रतीत हो रहा है और अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## रफ्तार का कहर: अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा, बड़ा हादसा टला- मकान क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों ने चालक पर लगाए गंभीर आरोप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र के अनीपुर गांव में बुधवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक के अनियंत्रित होकर घर में घुस जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। यह हादसा सुबह करीब 10:30 बजे हुआ, जब ट्रक अचानक नियंत्रण खो बैठा और सीधे गांव निवासी महेंद्र उर्फ टीटू के मकान में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मकान का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और घर के अंदर रखा सामान पूरी तरह टूटकर बिखर गया। गनीमत रही कि इस भीषण हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के समय घर के अंदर मौजूद लोग बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका।

मिली जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक सराफत सरवन, जो कि केसरिपुर का निवासी बताया जा रहा है, रहीमाबाद की ओर जा रहा था। जैसे ही ट्रक अनीपुर गांव के पास पहुंचा, चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और ट्रक सीधे महेंद्र के घर में जा टकराया। टक्कर के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ट्रक चालक नशे की हालत में था, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। हालांकि, इस बात की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और हालात को संभालते हुए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस घटना में पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। मकान के साथ-साथ घर का कीमती सामान भी बुरी तरह



क्षतिग्रस्त हो गया है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे ने एक बार फिर से तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग के खतरों को उजागर कर दिया है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश और भय का माहौल बना हुआ है।

## महमूदाबाद में नवजात का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**महमूदाबाद** सीतापुर मंगलवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब एक नवजात शिशु का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। यह शव फखरुद्दीन अली अहमद डिग्री कॉलेज के पास, डिग्री कॉलेज से लॉ कॉलेज की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित एक आम के बाग में पड़ा मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नवजात के दोनों पैर और एक हाथ कटे हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि शव को किसी जानवर, संभवतः कुत्तों द्वारा नोचा गया हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिशु कुछ ही दिन का प्रतीत हो रहा था। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह और कस्बा इंचार्ज दीपक राठौर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

## मिशन शक्ति 5.0: में छात्राओं को महिला सुरक्षा कानून व योजनाओं की दी गई जानकारी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महमूदाबाद, सीतापुर** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत बुधवार को बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज, बिलौली बाजार में एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में करीब 70 बालिकाओं ने भाग लिया, जहां उन्हें महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया,गोष्ठी के दौरान पुलिस टीम ने छात्राओं को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों–1090 (वूमेन पावर लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 112, 1076, 102, 108, 181 और 1930–की जानकारी दी और इनके उपयोग के बारे में समझाया इसके साथ ही सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय पोषण मिशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे



में विस्तार से बताया गया, ताकि बालिकाएं इनका लाभ उठा सकें,कार्यक्रम में छात्राओं की काउंसलिंग भी की गई, जहां उनकी समस्याएं सुनी गईं और समाधान का भरोसा दिलाया गया। साथ ही उन्हें यातायात नियमों के पालन के प्रति भी जागरूक किया गया। जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लगभग 70 पंपलेट भी वितरित किए गए,इस अवसर पर महिला आरक्षी शालिनी पांडे, कविता शर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## पावर हाउस परिसर में विद्युत विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लहरपुर सीतापुर** नगर स्थित पावर हाउस परिसर में विद्युत विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अभियंता संजीव कुमार मिश्रा द्वारा की गई, जिसमें डिवीजन के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता संजीव कुमार मिश्रा ने विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्मार्ट मीटर और कार्यकुशलता पर जोर देते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने की प्रक्रिया में तेजी लाने और उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में पारदर्शिता और गतिशीलता विभाग की प्राथमिकता है। इस दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, अधिशासी अभियंता ने संविदा



लाइनमैनों और फील्ड कर्मचारियों को सुरक्षा किट एवं ड्रेस वितरित की। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि लाइन पर कार्य करते समय सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग अनिवार्य है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इस दौरान प्रमुख रूप से लहरपुर उपखंड अधिकारी अंचल मिश्रा, हरगांव उपखंड अधिकारी अब्दुल अजीज, अवर अभियंता अमरेश कुमार वर्मा, राकेश कुमार, विजय प्रकाश, अभिनव शुक्ला, समेत टीजी 2 व लाइनमैन मौजूद रहे।

## सीएचसी परिसर में आग लगने से दो एंबुलेंस जलकर राख



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को अचानक आग लग गई। आग कर्मचारी आवास के पीछे खड़ी दो निष्प्रयोज्य एंबुलेंस तक पहुंच गई। देखते ही देखते दोनों एंबुलेंस जलकर राख हो गईं। घटना से अस्पताल परिसर में अफरा तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। तब तक एंबुलेंस पूरी तरह नष्ट हो चुकी थीं। बताया जा रहा है कि एंबुलेंस के पास कूड़ा और करकट पड़ा था। इसी में आग लगी और फैल गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमल पटेल ने बताया कि अस्पताल की बाउंड्री वॉल से सटे खेल मैदान में अराजक तत्वों का जमावड़ा रहता है। आशंका है कि बीड़ी या सिगरेट फेंकने से आग लगी होंगी।

## पहलवान बाबा उमाशंकर ने भूकंप राणा को किया चित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बिसवां (सीतापुर)।** डा0 भीमराव आंबेडकर के जन्म जयंती के अवसर पर महमूदाबाद विकास खण्ड के जगदीशपुर (हाजीपुर) स्थित त्रिमूर्ति धाम के प्रांगण में मंगलवार रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल का आयोजन हाजीपुर प्रधान प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कुमार द्वारा किया गया जिसमें देश एवं प्रदेश के नामी पहलवान शामिल हुए। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे। दंगल का शुभारंभ अध्यक्ष निर्माण समिति जिला पंचायत सीतापुर शिव कुमार गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष सेवा भारती सीतापुर महा नारायण वर्मा ने संयुक्त रूप से पहलवानों का हांथ मिलवा कर किया। कार्यक्रम में संजय कुमार वर्मा, रमाशंकर वर्मा, अनिल कुमार यादव,मोहन प्रसाद बारी,नमन कुमार गुप्ता, मुन्ना जादूगर, सुरेश चौहान, दिनेश



कुमार, वीरेंद्र व निहाल खान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इस विराट कुश्ती दंगल में उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान, पंजाब,दिल्ली,नेपाल व अयोध्या के नामी गिरामी युवा पहलवानों ने दांव आजमाये। दंगल में महिला पहलवानों की उपस्थिति ने दर्शकों में जोश भर दिया। दंगल का महा मुकाबला महिला पहलवान चीमा कानपुर व खुशी पहलवान दिल्ली के बीच हुआ जिसमें खुशी ने कड़े मुकाबले में चीमा को पटखनी देकर जीत हासिल की। दंगल का फाइनल मुकाबला राजस्थान के पहलवान भूकंप राणा और अयोध्या हनुमानगढ़ी के मशहूर पहलवान बाबा उमाशंकर के बीच हुआ जिसमें काफी देर तक उठा पटक के बाद बाबा उमाशंकर ने भूकंप राणा को चित कर मुकाबले का खिताब अपने नाम कर लिया। आयोजकों द्वारा उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## हिंद के लाल थे बाबा अम्बेडकर:- पिंकी अरविंद प्रजापति

### ● जो पढ़ता निज इतिहास नहीं गढ़ पाता इतिहास नहीं:- देवेन्द्र कश्यप निडर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मिश्रिख।** कस्बा के डाक बंगला परिसर में डॉ भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के शुभ अवसर पर एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन एकेडमी मसूरी के पूर्व प्रशिक्षक और लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ से दलित साहित्य पर पीएचडी करने वाले डॉ गंगा प्रसाद शर्मा 'गुणशेखर' ने कहा कि अम्बेडकर ने भारत के समग्र उन्नति का आधार तैयार किया जो आज भी प्रासंगिक हैं। कवि देवेन्द्र कश्यप निडर ने पढ़ा जो हित का करता काम नहीं पाता दिल से सम्मान नहीं। जो कर में रखता कलम नहीं पाता दिल से सम्मान नहीं। सारी दुनिया की तारीखे इसकी करती तस्दीक निडर, जो पढ़ता निज इतिहास नहीं गढ़ पाता है इतिहास नहीं। कवयित्री पिंकी अरविंद प्रजापति ने पढ़ा ज्ञान का सिन्धु जब हो गए बन्धुवर।

मान सम्मान पाया सितम झेलकर।
लिख गए संविधान वो सबके लिए
हिन्द के लाल थे बाबा अम्बेडकर।।

पिंकी अरविन्द प्रजापति, रोहित विश्वकर्मा ने मंच संचालन करते हुए पढ़ा सही रहने का ठौर आएगा।

मेरी बगिया में बौर आएगा।
इस तरह जुल्म ना करों यारों
कभी मेरा भी दौर आएगा।

कानपुर के सैनिक व कवि लाल सिंह प्रहरी ने पढ़ा खिलाफ हवाओं में खुदको संभाल रक्खा है। भंवर से भी कश्ती निकाल रक्खा है। वाकिफ हूं हिमालय की ऊंचाईयों से, सिंधु भी मैंने खंगाल रक्खा हूं। कार्यक्रम संयोजक व कवि राम जीवन मिश्रित ने पढ़ख जश्न मुबारक तुम्हे भूखे पेट त्यौहार हमने मनाए हैं, खुशबू मुबारक तुम्हे पसीने से फूल हमने कमाए हैं, कहां आसान थे मेरे रास्ते कांटो पर चलना सीखा, बारिश का तुम इस्तकबाल करते हो बिस्तर हमने खिसकाए



हैं। लखीमपुर पुर के पवन तारा ने पढ़ा ज़मीं पे रहकर आवाज देना, जमीं से तारे पसंद करना। कभी सवालों को न बदलना न इन आवाजों को बंद करना। हमारे पुरखों ने हमसे बोला , हमारे रहबर ने ये कहा है। कभी न सिर को झुकाना अपने हमेशा नारे बुलंद करना। अनिल अनिकेत ने पढ़ा उलटी सीधी जो कोई बकता है। स्वाद अपने किये का चखता है। आप खुद को खुदा नहीं समझो, वक्त सबका हिसाब रखता है। सागर उन्नावी और तरन्नुम नाज ने भी खूबसूरत काव्यपाठ किया। इस मौके पर ओमकार नाथ पुष्कर, अमित गौतम, नन्दलाल, एड. अजय पाल सिंह, बबलू दीक्षित, वीपी हंस, कुसुम सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

## शिया पीजी कॉलेज के विधिक सहायता केंद्र का दौलतगंज में शिविर, घर-घर पहुंचकर सुनी समस्याएं



**लखनऊ।** शिया पीजी कॉलेज, विधि संकाय के विधिक सहायता केंद्र द्वारा बुधवार को दौलतगंज वार्ड स्थित मुगल पैलेस हॉल में एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय 'भारतीय आपराधिक न्याय व्यवस्था: चुनौतियां एवं समाधान' रहा। इस दौरान क्षेत्र में रैली निकालकर टीम ने घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के सुझाव दिए। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य/इंचार्ज विधि संकाय प्रो. एस. सादिक हुसैन आबिदी ने हरी झंडी दिखाकर की। शिविर में उप निदेशक डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने विधिक सहायता केंद्र की स्थापना, उद्देश्य एवं संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी दी। विधिक सहायता केंद्र के निदेशक डॉ. वहीद आलम ने भारतीय आपराधिक कानून, विशेषकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली, थाने और कोर्ट में आने वाली समस्याओं पर भी प्रकाश डालते हुए समाधान बताए। उप निदेशक डॉ. उग्रसेन ने लोगों से अपील की कि किसी भी विधिक सहायता के लिए केंद्र से संपर्क करें। वहीं डॉ. प्रिया सिंह ने जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के लिए निशुल्क न्यायिक सहायता उपलब्ध कराने की जानकारी दी। शिविर में बड़ी संख्या में विधि के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और जागरूकता अभियान को सफल बनाया।

## छात्र सार्थक त्रिपाठी ने गणित में 95% अंक प्राप्त कर किया क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन



### ● कड़ी मेहनत और लगन के दम पर हासिल की सफलता, कुल 92% अंकों के साथ परिवार व शिक्षकों का बढ़ाया मान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ, उत्तर प्रदेश।** राजधानी के विकास नगर स्थित RLB सेक्टर-3 के निवासी छात्र सार्थक त्रिपाठी ने अपनी शानदार शैक्षणिक उपलब्धि से न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गर्व से ऊँचा कर दिया है। सार्थक ने हाल ही में घोषित परीक्षा परिणाम में गणित विषय में सर्वाधिक 95% अंक प्राप्त किए हैं, जबकि उनका कुल प्रतिशत 92% रहा। सार्थक, अधिवक्ता विवेक कुमार त्रिपाठी के पुत्र हैं और शुरू से ही पढ़ाई में मेहनती व अनुशासित छात्र माने जाते हैं। उनकी इस सफलता के पीछे उनकी लगातार मेहनत, लगन और पढ़ाई के प्रति समर्पण को मुख्य कारण बताया जा रहा है।

विद्यालय की शिक्षिका अंशु रस्तोगी ने सार्थक की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि, 'सार्थक ने अपनी मेहनत और लगन से स्कूल का नाम रोशन किया है। वह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा हैं।' उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि सार्थक आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे।

वहीं, सार्थक के माता-पिता ने बताया कि उनके बेटे ने इस सफलता के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत की है। उन्होंने कहा, 'हमें अपने बेटे पर गर्व है। उसकी मेहनत का ही यह परिणाम है। हम उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और उम्मीद करते हैं कि वह आगे भी इसी तरह परिवार और समाज का नाम रोशन करता रहेगा। 'क्षेत्र में भी सार्थक की इस उपलब्धि को लेकर खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताया है। शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह की उपलब्धियाँ यह दर्शाती हैं कि सही मार्गदर्शन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## रोजगार सेवकों ने मानदेय न मिलने के विरोध में किया बड़ा आंदोलन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महराजगंज/ रायबरेली:** विकासखंड महराजगंज में कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों ने पिछले 11 महीनों से मानदेय न मिलने के विरोध में बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। प्रांतीय आह्वान पर सभी रोजगार सेवक 16 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक कलमबंद हड़ताल पर रहेंगे। इस निर्णय से मनरेगा कार्यों के प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। आपको बता दें कि, बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय पर एकत्रित होकर रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि, लंबे समय से मानदेय न मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है, जिससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

रोजगार सेवकों ने चेतावनी दी कि, यदि शीघ्र ही बकाया मानदेय का भुगतान नहीं किया गया, तो वे प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार करेंगे। उन्होंने यह भी मांग करी कि, हड़ताल के दौरान किसी भी कर्मचारी पर कार्य करने का दबाव न बनाया जाए। इस दौरान खंड




विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने आश्वासन दिया कि, रोजगार सेवकों का ज्ञापन उच्च अधिकारियों तक उचित माध्यम से भेज दिया जाएगा और समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप सिंह, शिव मोहन तिवारी, पूनम यादव, शिव शंकर मौर्य, अनुपम पांडेय, अलका वर्मा, छाया रानी, अरुण कुमार, अवधेश कुमार, आशा देवी, प्रेम कुमार, राजेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, नन्हेंलाल, सत्येंद्र त्रिपाठी, अविनाश मिश्रा (महामंत्री), देशराज रावत, राम सिंह, सोमनाथ, एखलाक अहमद, श्याम सुंदर, मोहिनी वर्मा, शिवनाथ, भोला प्रसाद सहित बड़ी संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे। गौरतलब है कि, यह हड़ताल मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन पर सीधा असर डाल सकती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की गति धीमी पड़ने की संभावना है।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों से किया संवाद




**लखनऊ।** शिया पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा बुधवार को दौलतगंज वार्ड में एक दिवसीय 'कानूनी मामलों में सलाह' शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान रैली निकालकर स्वयंसेवकों ने क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के सुझाव दिए। रैली से पूर्व आयोजित शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वहीद आलम ने वार्ड निवासियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों को भारतीय आपराधिक कानून, विशेष रूप से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली, थाने और कोर्ट में आने वाली आम समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके व्यावहारिक समाधान भी बताए। शिविर में एनएसएस के बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया और जागरूकता अभियान को सफल बनाया।

## भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ी पाण्डुलिपियों एवं दुर्लभ ज्ञान ग्रन्थों आदि का होगा वैज्ञानिक संरक्षण डिजिटलीकरण एवं अभिलेखीकरण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रायबरेली:–** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार भारत की समृद्धि ज्ञान परम्परा और बौद्धिक विरासत को ज्ञान भारत मिशन के अन्तर्गत देश भर में उपलब्ध भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ी पाण्डुलिपियों एवं दुर्लभ ज्ञान ग्रन्थों आदि का वैज्ञानिक संरक्षण डिजिटलीकरण एवं अभिलेखीकरण किया जायेगा, जिससे यह धरोहर शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को प्राचीन ज्ञान दर्शन साहित्य एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचय करा सके तथा विकसित भारत-2047 के अन्तर्गत डिजिटल इण्डिया के दृष्टिकोण और विरासत एवं विकास के राष्ट्रीय संकल्प को समृद्ध कर सके। ज्ञान भारत मिशन के अन्तर्गत उ0प्र0 की समृद्ध ज्ञान परम्परा सांस्कृतिक धरोहर एवं बौद्धिक विकास के महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राचीन पाण्डुलिपियों ताड पत्रों एवं दुर्लभ अभिलेखों (निजी एवं सरकारी) का संरक्षण भी किया जाना है। इस हेतु राष्ट्र व्यापी राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान 16 मार्च 2026 से प्रारम्भ किया गया है। जनपद में ज्ञान भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समिति का गठन किया है।

उन्होंने बताया है कि राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अन्तर्गत- जनपद स्तर पर ऐसी सरकारी एवं गैर सरकारी समस्त संस्थाओं (मठ मन्दिर, शैक्षणिक संस्थान, निजी संगठन, पुस्तकालय आदि) व व्यक्तियों जिनके पास पाण्डुलिपियों, दुर्लभ ग्रन्थों आदि का संग्रह हो का चिन्हीकरण कराते हुए उनकी सूची तैयार की जायेगी। पाण्डुलिपियों का तात्पर्य कागज, भोजपत्र, ताड़पत्र, कपड़ा, धातु आदि पर हाथ से लिखे गए ग्रंथ जो न्यूनतम 75 वर्ष प्राचीन हो, से है। जिला स्तर पर तैयार की जाने वाली सूची में संस्था व व्यक्ति का नाम, संस्था के प्रभारी का नाम, ई-मेल एवं मोबाइल नम्बर तथा पाण्डुलिपियों/ग्रन्थों/अन्य अभिलेखों की अनुमानित संख्या का स्पष्ट उल्लेख किया जायेगा। प्रत्येक केन्द्र तथा व्यक्ति के पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों की सूची भी संकलित की जायेगी। उन्होंने बताया है कि सर्वेक्षण कार्य 16 मार्च 2026 से प्रारम्भ किया गया है जिसको आगामी 3 माह पूर्ण किया जाएगा। जनपद में सर्वेक्षण कार्य ''ज्ञान भारतम एप'' मोबाइल एप्लीकेशन जो गूगल प्ले स्टोर/एप स्टोर पर निःशुल्क डाउनलोड हेतु उपलब्ध है, के माध्यम से किया जाएगा। जनपद में ज्ञान भारत मिशन के सफल क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण हेतु जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

## रामपुर घाट पर धड़ल्ले से शुरू हुआ अवैध बालू का धंधा,बालू माफिया सक्रिय

**गोपीगंज।** शासन की सख्ती और अवैध खनन पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद क्षेत्र में बालू माफिया पुनः सक्रिय,। अवैध बालू रामपुर गंगा घाट पर इन दिनों नाव के सहारे लाए जाने का सिलसिला खुलेआम शुरू हो गया। सूत्रों के अनुसार, गंगा पार से नावों के जरिए स्थानीय नाविक बालू लाकर घाट पर उतारते हैं, जिसके बाद इसे आसपास के क्षेत्रों में खपाया जाता है। यह पूरा खेल लंबे समय से जारी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अनजान बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस अवैध कारोबार में संलिप्त माफिया खनन विभाग और पुलिस को मोटी रकम देकर कार्यवाही से बचते हैं। यही वजह है कि प्रतिबंध के बावजूद अवैध खनन पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पा रही है। गौरतलब है कि शासन द्वारा अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाई गई है, इसके बावजूद रामपुर घाट पर इस तरह खुलेआम नियमों की अनदेखी प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। क्षेत्रीय लोगों ने उ'चाधिकारियों से मामले की जांच कर अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है, ताकि इस अवैध कारोबार पर रोक लग सके।

# जबरन धर्मांतरण और उत्पीड़न के आरोपों से हिला कॉर्पोरेट तंत्र

**[ सिस्टम की परतें खुलीं: शोषण के साथ आस्था पर दबाव के दावे ]**
**[ धर्म और अधिकारों के बीच दबाव की दीवार — आईटी सेक्टर का काला सच ]**

कॉर्पोरेट दफ्तरों की जगमगाहट, कांच की ऊँची इमारतों का मोहक आभास और 'प्रोफेशनलिज़्म' के बड़े-बड़े दावे–यदि इनके भीतर भय, शोषण और दबाव का अंधकार पलता हो, तो यह किसी एक कंपनी की चूक नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की गहरी असफलता का संकेत है। अप्रैल 2026 में नासिक स्थित एक आईटी इकाई (टीसीएस) से सामने आया प्रकरण इसी कड़वी सच्चाई को उजागर करता है, जहाँ महिला कर्मियों के सपनों को सुनियोजित ढंग से रौंद दिया गया। रोजगार, सम्मान और आत्मनिर्भरता की आकांक्षा लेकर आई इन महिलाओं को अपने ही कार्यस्थल पर ऐसे असहनीय दबावों का सामना करना पड़ा, जो किसी भी सभ्य समाज के मूल्यों के सर्वथा विपरीत हैं।

यह मामला केवल यौन शोषण के आरोपों तक सीमित नहीं है; इसके भीतर भय, मानसिक उत्पीड़न, धार्मिक आस्था पर दबाव और अधिकारों के खुले दुरुपयोग की कहीं अधिक गंभीर परतें छिपी हुई हैं। सामने आई शिकायतों के अनुसार, कुछ वरिष्ठ कर्मचारियों ने महिला कर्मियों पर अनुचित प्रस्तावों, अश्लील टिप्पणियों और निजी संबंध बनाने के लिए निरंतर दबाव डाला। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो उन्हें पदोन्नति रोकने, नौकरी समाप्त करने और उनके निजी जीवन को बदनाम करने की धमकियाँ दी गईं। सत्ता और पद के बल पर किया गया यह आचरण केवल अनैतिकता की पराकाष्ठा नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से कानूनन दंडनीय अपराध है, जो किसी भी कार्यस्थल की गरिमा, सुरक्षा और विश्वास को पूरी तरह ध्वस्त कर देता है।

यह प्रकरण और भयावह तब बनता है, जब स्पष्ट होता है कि यह छिटपुट घटनाएँ नहीं, बल्कि लंबे समय से सक्रिय संगठित तंत्र का परिणाम था। पुलिस जांच और शिकायतों के अनुसार, आठ महिला कर्मचारियों की नौ एफ़आईआर्स में सामने आया कि टीम लीडर्स सहित वरिष्ठों ने 2022 से 2026 तक करीब चार वर्षों तक सुनियोजित ढंग से उन्हें निशाना बनाकर दबाव में रखा। पुलिस ने फरवरी से 40 दिन तक महिला पुलिसकर्मियों के जरिए अंडरकवर ऑपरेशन चलाकर साक्ष्य जुटाए। आरोप हैं कि निजी तस्वीरें-वीडियो से ब्लैकमेल करना, नमाज पढ़ने और गोमांस खाने को मजबूर करना, जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव और मानसिक रूप से तोड़ना–ये सब उसी तंत्र के औजार थे। यह स्थिति दिखाती है कि जब शक्ति का दुरुपयोग संस्थागत रूप ले लेता है, तो पीड़ितों के लिए आवाज उठाना कठिन और जोखिम भरा हो जाता है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे चिंताजनक पक्ष मानव संसाधन विभाग की भूमिका पर उठते सवाल हैं। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पोश) के तहत हर संगठन में आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) और समयबद्ध, निष्पक्ष जांच अनिवार्य है। इसके बावजूद आरोप हैं कि शिकायतों को नजरअंदाज किया गया, ईमेल और लिखित आवेदन दबाए गए, और पीड़ितों को चुप रहने के लिए मजबूर किया गया–यहाँ तक कि एक एचआर असिस्टेंट जनरल मैनेजर को भी अनदेखी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जिस विभाग पर कर्मचारियों की सुरक्षा और न्याय की जिम्मेदारी होती है, यदि वही निष्क्रिय या सहभागी दिखे, तो यह कानून की अवहेलना के साथ विश्वास का गंभीर हनन भी है।

चार वर्षों तक लगातार उठती शिकायतों के बावजूद कार्रवाई का अभाव यह स्पष्ट करता है कि समस्या कुछ व्यक्तियों तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की गहरी खामियों में जड़ें जमाए हुए थी। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पोश) के दिशानिर्देश स्पष्ट करते हैं कि 24 घंटे के भीतर संज्ञान लिया जाए और 90 दिनों में जांच पूरी हो, परंतु यहाँ इन प्रावधानों की खुलेआम अनदेखी की गई। यह मात्र लापरवाही नहीं, बल्कि कानूनी दायित्वों से बचने की प्रवृत्ति का संकेत देता है। ऐसे मामलों में देरी न केवल पीड़ित के मानसिक आघात को गहरा करती है, बल्कि आरोपियों के हौसले भी बढ़ाती है।

'जीरो टॉलरेंस' की नीति का हवाला तब खोखला लगता है, जब सवाल उठता है कि वर्षों तक शिकायतें दबने और पीड़ितों की आवाज अनसुनी रहने के दौरान यह लागू क्यों नहीं हुई। टीसीएस द्वारा उच्च प्रबंधन स्तर पर जांच (सीओओ के निर्देशन में) के आदेश और आरोपियों का निलंबन आवश्यक कदम हैं, पर पर्याप्त नहीं–क्योंकि नेसेंट इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज़ सीनेट ने श्रम मंत्रालय से पोश कंप्लायंस ऑडिट की मांग की है। जवाबदेही केवल निचले स्तर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए; उसे उन सभी स्तरों तक तय होना चाहिए जहाँ लापरवाही या मिलीभगत रही हो। कॉर्पोरेट संस्थानों की साख मुनाफे या छवि से नहीं, बल्कि कर्मचारियों की सुरक्षा, सम्मान, पारदर्शिता और विश्वास से बनती है।

यह घटना किसी एक कंपनी तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे आईटी क्षेत्र में कार्यस्थल की सुरक्षा पर गहरे और असहज प्रश्न खड़े करती है। क्या आधुनिक दफ्तर वास्तव में सुरक्षित हैं, या केवल बाहर से सजे-धजे और आकर्षक दिखते हैं? क्या महिलाओं और अन्य कर्मचारियों को अपने अधिकारों के लिए आज भी संघर्ष करना पड़ेगा? यह प्रकरण स्पष्ट करता है कि जब तक शिकायत तंत्र मजबूत, पारदर्शी और निष्पक्ष नहीं होगा, तब तक किसी भी कानून का प्रभाव सीमित और अधूरा ही रहेगा। कर्मचारियों के भीतर यह विश्वास होना चाहिए कि उनकी आवाज न दबेगी, न अनसुनी होगी–बल्कि उसे गंभीरता से सुना जाएगा और उन्हें समयबद्ध न्याय अवश्य मिलेगा। अब समय केवल औपचारिक प्रतिक्रिया का नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक सुधार का है। इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यापक जांच होनी चाहिए, दोषियों को कठोर दंड मिले और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पोश) के अनुपालन की स्वतंत्र ऑडिट पूरे आईटी क्षेत्र में कराई जाए। साथ ही मानव संसाधन तंत्र को स्पष्ट रूप से जवाबदेह बनाना और कर्मचारियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। कार्यस्थल केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और विश्वास का वातावरण होना चाहिए। यदि इस घटना से भी ठोस सबक नहीं लिया गया, तो यह महज़ एक और मामला बनकर रह जाएगा–और यह किसी भी समाज की सबसे बड़ी विफलता होगी।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# बिछुड़ रहे है सब बारी-बारी...

वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब एक ऐसा क्लब है जहां 60+के सदस्य हैं। लगभग 23 साल हो रहे हैं इसके लिए काम करते-करते। इसमें खुशियां हैं, गम है, सदस्य आते हैं, जाते हैं, ईश्वर को प्यारे हो जाते हैं परन्तु कई सदस्य अपनी यादें अपने अच्छे व्यवहार, प्यार, अपने क्लब के प्रति समर्पण से हमारे दिलों में अमिट छाप छोड़ जाते हैं और तभी यह समझ आता है कि जीवन एक पहेली की तरह कभी हंसाता है, कभी रुलाता है। सच में ऐसे सदस्य हमें बहुत याद आते हैं, क्योंकि इनसे ऐसे संबंध बन जाते हैं जो खून के रिश्ते से भी बढ़कर हो जाते हैं। इसीलिए हम अपने सभी सदस्यों को कहते हैं कि आप अपनी सेहत को देखते हुए अपनी जिम्मेदारी और अपने घरवालों की इजाजत और सहमति से आएं। क्योंकि सबको इतनी खुशियां मिलती हैं कि उन्हें अपनी सेहत की भी परवाह नहीं होती। मुझे तो सारे सदस्य बहुत ही प्यारे लगते हैं। उनके चेहरे की मुस्कान मुझे बहुत सुकून और खुशियां देती है। उनका उत्साह और जोश देखते ही बनता है परन्तु यही हंसते-खेलते, डांस करते हुए ईश्वर को प्यारे हो जाते हैं तो मन बहुत उदास होता है। यहां तक कि खाना खाने को भी मन नहीं करता।

यही हमारे साथ हुआ। हमारा जीके 2 ब्रांच का बैसाखी का फंक्शन था। सभी सदस्यों में बच्चों जैसा उत्साह था। गिद्दे, भांगड़ा, डांस, कविता भरपूर था। सभी सदस्यों ने बहुत मेहनत की हुई थी। हमारी बहुत ही प्यारी सदस्य मेरे साथ मिलकर डांस कर रही थी। हमारी 90 वर्षीय प्रभा जी, 80 वर्षीय वीना शर्मा, डॉ. नीलम नाथ और 80 वर्षीय सुमन कुमार भी इतनी खुश थीं कि मेरे पास शब्द नहीं बयान करने को। हमारे मेहता जी का मंच संचालन और ब्रांच हैड अंजू जी और को-हैड मेहता जी, किरण और उनके हसबैंड की मेहनत दिख रही थी।

हमारी प्यारी सुमन कुमार मेरे साथ झूम रही थीं। क्योंकि डांस करने का अर्थ है एक तरह की एक्सरसाइज। हम सभी सुमन कुमार को प्यार से बेबी डॉल कहते हैं। इस उम्र में इतनी सुन्दर उनके शब्द कम होते लेकिन उनकी अपार स्नेह और समझ होती थी। वह जब डांस कर रही थीं (धीरे) तो सभी ने उन्हें कहा कि बस, पर वह बहुत खुश थी। मुझे बाद में पता चला कि वो गिर गई थीं, परन्तु उनको परवाह नहीं थी। यही नहीं वीना शर्मा अपनी छड़ी छोड़कर नाच रही थीं और प्रभा जी बड़े जोश से गाना गा रही थीं।

मुझे 2 दिन बाद पता चला कि उनको तो फैक्चर हुआ था। मैं हैरान थी कि हमारे जैसे लोगों को छोटी से चोट लगने पर बस हो जाती है और वो तो हमारी प्यारी सी डॉल नाच रही थी।

यही नहीं 4 दिन बाद मुझे पता चला कि उनको हार्ट अटैक आया, वे अस्पताल में हैं। मुझे यह नहीं मालूम था परन्तु दिल में इतना प्यार था कि मैं तो तुरंत स्वाभाविक रूप से उनका हाल पूछने के लिए फोन कर रही थी। मैं सचदेवा जी के पिता की प्रार्थना सभा में माता सुन्दरी गुरुद्वारे जा रही थी। पहले तो उनका और उनके बेटे का फोन नहीं उठा परन्तु जब मैं गुरुद्वारे में थी तो उनके बेटे ऋषि का फोन आया, जो मैं गुरुद्वारे में उठा नहीं सकती थी। फिर मैंने बाहर आकर जैसे ही कार में बैठी उन्हें फोन किया तो उन्होंने बताया कि उनको 3 बार हार्ट अटैक आया और डाक्टर के बारे पूछ रहे थे। जैसे ही मुझे उनकी डिटेल मालूम पड़ी वो इस संसार से विदा ले गई।

आप सब विश्वास नहीं करोगे जो मेरा दिल बैठा जैसे फिर से अपनी मां को खो दिया। फिर मैं अपनी ब्रांच हैड के साथ उनके घर गई, उनके परिवार को मिलकर बहुत ही सुकून मिला। अधिकतर मैं किसी के ईश्वर को प्यारे होने के बाद जाती नहीं। उनके ब्रांच हैड ही जाते हैं। क्योंकि लाखों सदस्य हैं। हर महीने कुछ सदस्य जाते हैं, कुछ आते हैं परन्तु यह मेरी प्यारी बहू सना की रिश्ते में थी और हमारी बहुत प्यारी सदस्य थीं, तो मैं विशेष रूप से गई। वहां जाकर उनके बेटे-बहू और रिश्तेदारों को मिलकर बहुत अच्छा लगा। उनकी बहन, भाभी, भाई, पोते-पोती तथा परिवार के सदस्य मौजूद थे। वे इतने कृतज्ञ थे कि हमारी मां आपके क्लब से बहुत खुशियां पाकर गई हैं। उनका प्यारा बेटा ऋषि कुमार उनको हमेशा छोडने आता था। उनकी प्यारी बहू राधिका उनकी इतनी तारीफ कर रही थी जिसे सुनकर मैं धन्य हो रही थी। घर में एक सुकून था, ऐसी मां फिजिकली वहां नहीं थी परन्तु उनके बच्चों और भाई-बहनों में उनकी प्यारी सी झलक थी और मैं सोच रही थी, काश! मैं उनके जीते जी उनके परिवार में आती तो वह कितनी खुश होतीं, परन्तु इतने सदस्यों के घर जाना सम्भव नहीं। क्योंकि सभी बारी-बारी बिछड़ते हैं, जो आज हैं वो कल नहीं रहेंगे और एक दिन आएगा मैं भी नहीं रहूंगी। क्योंकि जीवन, मरण, यश, अपयश, लाभ, हानि सब विधि हाथ।

# नारी: संघर्ष, संभावनाएँ और समाज की असली परीक्षा

भारतीय संस्कृति में नारी को सृष्टि की जननी, शक्ति और संवेदना का स्रोत माना गया है। हमारे शास्त्रों में स्पष्ट कहा गया है - 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता' - अर्थात जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहाँ देवताओं का वास होता है। किंतु यह आदर्श वाक्य आज भी व्यवहारिक जीवन में पूर्णतः साकार नहीं हो पाया है। आधुनिकता के इस युग में, जब हम तकनीकी और आर्थिक प्रगति के शिखर को छूने का दावा करते हैं, तब भी नारी अपने मूलभूत अधिकारों, सम्मान और स्वतंत्रता के लिए संघर्षरत है। नारी की समस्याएँ बहुआयामी हैं - सामाजिक, आर्थिक, मानसिक और सांस्कृतिक। इन समस्याओं को केवल सतही दृष्टि से नहीं, बल्कि उनकी जड़ों तक जाकर समझने की आवश्यकता है। नारी के संघर्ष की सबसे बड़ी वजह समाज की वह मानसिकता है, जो उसे आज भी पुरुष के समकक्ष स्वीकार करने में संकोच करती है। बचपन से ही लड़कियों को मर्यादा, सीमाओं और त्याग का पाठ पढ़ाया जाता है, जबकि लड़कों को स्वतंत्रता और अधिकारों की शिक्षा दी जाती है। यह भेदभाव केवल व्यवहार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि धीरे-धीरे एक स्थायी सामाजिक संरचना का रूप ले लेता है। परिणामस्वरूप, लड़की अपने ही अस्तित्व को सीमित मानने लगती है। वह अपने सपनों को छोटा कर लेती है, अपनी इच्छाओं को दबा देती है, और कई बार अपनी पहचान तक खो देती है। समाज को यह समझना होगा कि नारी कोई 'कमतर' इकाई नहीं है, बल्कि वह समान अधिकारों और संभावनाओं वाली एक पूर्ण व्यक्तित्व है।

शिक्षा नारी सशक्तिकरण की आधारशिला है। यह केवल अक्षरज्ञान नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और जागरूकता का माध्यम है। हालांकि शहरी क्षेत्रों में स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन ग्रामीण भारत में आज भी कई लड़कियाँ शिक्षा से वंचित हैं।

गरीबी, सामाजिक रूढ़ियाँ, बाल विवाह और सुरक्षा की चिन्ता - ये सभी कारण लड़कियों की शिक्षा में बाधा बनते हैं। कई परिवार आज भी यह मानते हैं कि लड़कियों की पढ़ाई पर खर्च करना 'निवेश' नहीं, बल्कि 'व्यर्थ व्यय' है। यह सोच न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि समाज के विकास के लिए भी घातक है। एक शिक्षित महिला न केवल अपने जीवन को बेहतर बनाती है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को सकारात्मक दिशा देती है। नारी के सशक्तिकरण की राह में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है उसकी आर्थिक निर्भरता। जब तक महिला आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं होगी, तब तक वह अपने जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय स्वतंत्र रूप से नहीं ले पाएगी। कामकाजी महिलाओं को भी कई बार समान कार्य के लिए कम वेतन मिलता है। इसके अलावा, घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारी उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से थका देती है। घरेलू कार्यों को आज भी 'काम' नहीं माना जाता, जबकि यह भी उतना ही महत्वपूर्ण और श्रमसाध्य है। महिलाओं के लिए स्वरोजगार, उद्यमिता और कौशल विकास के अवसर बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज मेंक्ष सम्मानजनक स्थान प्राप्त कर सकें।घरेलू हिंसा एक ऐसी सच्चाई है, जिसे समाज अक्सर नजरअंदाज कर देता है। यह केवल शारीरिक हिंसा नहीं, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक उत्पीड़न का भी रूप लेती है।कई महिलाएँ इस हिंसा को सहन करती रहती हैं - कभी समाज के डर से, कभी बच्चों के भविष्य के कारण, तो कभी अपनी आर्थिक निर्भरता के चलते। इसके अलावा, सार्वजनिक स्थानों पर भी महिलाओं की सुरक्षा एक गंभीर चिंता का विषय है। आज भी देर शाम घर लौटती एक महिला के मन में एक अदृश्य भय साथ चलता है - यह भय केवल अंधेरे का नहीं, बल्कि उस असुरक्षित सामाजिक वातावरण का है, जो उसे हर कदम पर सावधान रहने को मजबूर करता है।जब तक नारी स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं करेगी, तब तक उसकी स्वतंत्रता और आत्मविश्वास अधूरा रहेगा। सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। आज महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं - विज्ञान, राजनीति, कला, शिक्षा, व्यवसाय - हर जगह उनकी भागीदारी बढ़ी है। फिर भी कार्यस्थल पर उन्हें कई प्रकार के भेदभाव और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उच्च पदों तक पहुँचने में 'अदृश्य बाधाएँ' (ग्लास सीलिंग), पदोन्नति में असमानता, और यौन उत्पीड़न जैसी समस्याएँ आज भी मौजूद हैं। कई बार महिलाओं को अपनी योग्यता सिद्ध करने के लिए पुरुषों से अधिक मेहनत करनी पड़ती है। इसके साथ ही, मातृत्व को कई बार 'कमजोरी' के रूप में देखा जाता है, जबकि यह एक स्वाभाविक और सम्मानजनक अवस्था है। कई महिलाएँ अपने करियर और मातृत्व के बीच संतुलन बनाने के संघर्ष में मानसिक दबाव का सामना करती हैं। यह स्थिति न केवल महिलाओं के लिए अन्यायपूर्ण है, बल्कि समाज की प्रगति के लिए भी बाधक है।

आज की नारी एक ऐसे दौर में जी रही है, जहाँ उसे परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाना पड़ता है। उससे अपेक्षा की जाती है कि वह एक आदर्श बेटी, बहू, पत्नी और माँ बने, साथ ही एक सफल प्रोफेशनल भी हो। यह दोहरी अपेक्षाएँ कई बार उसे मानसिक तनाव और आत्म-संघर्ष की स्थिति में डाल देती हैं। वह हर भूमिका में 'पूर्णता' पाने की कोशिश में स्वयं को थका देती है। समाज को यह समझना होगा कि नारी को किसी एक भूमिका में सीमित करना अन्याय है। उसे अपनी पहचान स्वयं गढ़ने का अधिकार और स्वतंत्रता होनी चाहिए– बिना अपराधबोध के, बिना दबाव के। आधुनिक मीडिया ने नारी की छवि को एक विशेष साँचे में ढालने का प्रयास किया है। 'परफेक्ट' शरीर, गोरा रंग, आकर्षक व्यक्तित्व - इन सबको सफलता और स्वीकार्यता का मानदंड बना दिया गया है। इसका सीधा प्रभाव युवा लड़कियों के आत्मविश्वास पर पड़ता है। वे अपनी तुलना अवास्तविक छवियों से करने लगती हैं और स्वयं को कमतर महसूस करने लगती हैं। यह आवश्यक है कि समाज नारी को उसके बाहरी रूप से नहीं, बल्कि उसकी प्रतिभा, विचार और संवेदना से पहचाने।

तकनीकी विकास ने जहाँ महिलाओं के लिए नए अवसर खोले हैं, वहीं नई चुनौतियाँ भी उत्पन्न की हैं। सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग, साइबर बुलिंग, और ऑनलाइन उत्पीड़न जैसी समस्याएँ तेजी से बढ़ी हैं। महिलाओं को उनके विचारों, तस्वीरों और अभिव्यक्ति के लिए निशाना बनाया जाता है। यह एक नया प्रकार का मानसिक उत्पीड़न है, जो उनके आत्मविश्वास और स्वतंत्र अभिव्यक्ति को प्रभावित करता है। डिजिटल सुरक्षा और जागरूकता आज के समय की एक अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है। नारी की समस्याओं का समाधान केवल कानून बनाने से संभव नहीं है। इसके लिए समाज की सोच में परिवर्तन आवश्यक है। हर लड़की को अपने सपनों को पूरा करने का अवसर मिले। महिलाएँ अपने अधिकारों को जानें और उनका उपयोग करें। आर्थिक सशक्तिकरणः रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाए जाएँ। यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि नारी कोई समस्या नहीं है, बल्कि वह हर समस्या का समाधान बनने की क्षमता रखती है। यदि उसे अवसर, सम्मान और समर्थन मिले, तो वह समाज को नई दिशा दे सकती है।नारी को केवल 'संरक्षण' नहीं, बल्कि 'सशक्तिकरण' की आवश्यकता है। उसे सहानुभूति नहीं, बल्कि समानता चाहिए; दया नहीं, बल्कि अधिकार चाहिए।

नारी का संघर्ष केवल उसका व्यक्तिगत संघर्ष नहीं है; यह समाज की चेतना और संवेदना की परीक्षा है। जिस दिन हम नारी को उसके पूर्ण अधिकारों और सम्मान के साथ स्वीकार कर लेंगे, उस दिन समाज सच्चे अर्थों में विकसित कहलाएगा। अब समय आ गया है कि हम केवल नारे न लगाएँ, बल्कि अपने व्यवहार, अपनी सोच और अपनी नीतियों में वास्तविक परिवर्तन लाएँ।क्योंकि अंततःॾ्जब नारी सशक्त होगी, तभी समाज सशक्त होगा, और जब समाज सशक्त होगा, तभी राष्ट्र सच्चे अर्थों में प्रगति करेगा।

**डॉ. दीप्ति गुप्ता**

# चुनाव आयोग पर सुप्रीम सवाल



भारत में जन्मे हर व्यक्ति को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने और सरकार चुनने के लिए मतदान करने का अधिकार है। वोट देने का अधिकार न केवल संवैधानिक है, बल्कि भावनात्मक भी है। लोकतांत्रिक सरकार के चुनाव के लिए सहभागी प्रक्रिया में भाग लेना राष्ट्रीयता और देशभक्ति की सबसे बड़ी अभिव्यक्ति है। चुनाव आयोग का यह दायित्व है कि वह मतदाता सूची में हर जायज मतदाता का नाम शामिल करे। निर्वाचन आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल में एसआईआर में 91 लाख मतदाताओं के नाम काटे जाने के बाद बवाल मचा हुआ है। यद्यपि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में उन वोटरों को मतदान की इजाजत देने से इंकार कर दिया है, जिनके नाम एसआईआर में काटे गए हैं और उनकी शिकायतें अपीलीय ट्रिब्यूनलों में लम्बित हैं। 11 अप्रैल तक 34 लाख से अधिक अपीलें दायर की जा चुकी हैं जिनका फैसला आना बाकी है। स्पष्ट है कि चुनावों से 10 दिन पहले इस स्टेज पर सुप्रीम कोर्ट भी चुनाव प्रक्रिया में कोई दखल नहीं दे सकता। क्योंकि अगर ऐसे ही आपत्तियां आती रहीं तो चुनाव कैसे होंगे।

सुनवाई के दौरान जस्टिस जायमाल्या बागची ने चुनाव आयोग पर तीखे सवाल दाग दिए और उन्होंने पश्चिम बंगाल में चल रही मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर गम्भीर चिंता जता दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस बागची की पीठ उन लोगों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिन्हें वोटर लिस्ट से बाहर किया गया है। चुनाव अधिकारियों की ओर से खारिज की गई विवादित अपीलों की सुनवाई के लिए पूर्व जजों के नेतृत्व में 19 अपीलीय ट्रिब्यूनल बनाए गए हैं, जिनमें से एक की अध्यक्षता कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस कर रहे हैं। बनाए गए 19 ट्रिब्यूनलों में से अधिकांश ने काम शुरू ही नहीं किया। याचिकाकर्ताओं ने वोटर लिस्ट फ्रीज करने की तारीख आगे बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर वोट डालने की अनुमति मिल जाती है तो वे विधानसभा चुनाव में वोट डाल सकेंगे। जस्टिस बागची ने बहुत महत्वपूर्ण सवाल उठाया कि अगर जीत का मार्जन लिस्ट से बाहर किए गए मतदाताओं से प्रतिशत से कम हुआ तो, उन्होंने कहा, 'अगर 10 प्रतिशत लोग वोट नहीं करते हैं और जीत का मार्जिन 10 प्रतिशत से ज्यादा हुआ तो क्या होगा। अगर जीत का मार्जिन 2 प्रतिशत है और वोट न करने वाले 15 प्रतिशत हैं, तब क्या होगा? हम कोई राय व्यक्त नहीं कर रहे हैं, लेकिन हमें अपना दिमाग इस्तेमाल करने की जरूरत है।' जस्टिस बागची ने कहा कि बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया बाकी राज्यों से अलग है और यहां चुनाव आयोग ने एक नई कैटेगरी लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी शुरू की है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग यहां एसआईआर में लागू उस प्रक्रिया का भी पालन नहीं कर रहा है, जिसमें कहा गया था कि 2002 के चुनावों में वोट करने वालों को अपने दस्तावेज अपलोड करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के नोटिस में भी यह बात लिखी है।

पीठ ने यह भी कहा कि आपत्तियों और दावों की जांच कर रहे न्यायिक अधिकारियों से 100 प्रतिशत सही फैसलों की उम्मीद कैसे की जा सकती है जबकि तय समय सीमा के अन्दर एक-एक अधिकारी हर दिन 1000 दस्तावेजों की जांच कर रहा है, ऐसे में 70 प्रतिशत सटीकता की भी उत्कृष्ट मान लिया जाए तो भी गलती होने की गुंजाइश हमेशा रहेगी। इसलिए राज्य में एक मजबूत अपीलीय तंत्र की जरूरत है। पीठ ने यह भी कहा कि कहीं न कहीं हम आने वाले चुनाव की धूल और गुस्से में अंधे हो रहे हैं।

देश की शीर्ष अदालत द्वारा निर्वाचन आयोग पर सवाल खड़े करने के बाद पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, कांग्रेस और अन्य दल चुनाव आयोग को निशाना बना रहे हैं। चुनाव आयोग की ?विश्वसनीयता पर संदेह के बादल गहराते जा रहे हैं। चुनावी लोकतंत्र में विश्वास का संकट खड़ा हो गया है। निष्पक्षता के अभाव में इसका प्रभाव नागरिक भागीदारी, मतदान के प्रतिशत और सामाजिक एकता पर पड़ता है। भारत में चुनावी लोकतंत्र की मजबूती, उसके नागरिकों के निष्पक्षता पर,? विश्वास पर निर्भर करती है। इस विश्वास के संवैधानिक संरक्षक के रूप में चुनाव आयोग को कानूनी अनुपालन से आगे बढ़कर संस्थागत साख को बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। बेहतर यही होगा कि अपीलीय ट्रिब्यूनल समावेश के सिद्धांत के आधार पर अपीलों को सुने। फिलहाल काटे गए मतदाताओं के सामने ट्रिब्यूनल के पास जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इतना तय है कि यह काम अब चुनाव के बाद ही होगा।

# बिहार को मिला नया 'सम्राट'

बिहार की राजनीति में सम्राट चौधरी के नेतृत्व में पहली बार भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री बनना केवल एक व्यक्ति का सत्ता में आना नहीं है, बल्कि यह उस राजनीतिक यात्रा का परिणाम है जो पिछले कई वर्षों से धीरे-धीरे आकार ले रही थी। 243 सदस्यीय विधानसभा में 2025 के चुनाव के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 202 सीटें मिलीं, जिनमें अकेले भारतीय जनता पार्टी के पास 89 सीटें थीं, जो उसे सबसे बड़ा दल बनाती हैं । यही संख्या अंततः उस दावे की बुनियाद बनी जिसके सहारे भाजपा ने नेतृत्व परिवर्तन का निर्णय लिया। सम्राट चौधरी का उदय अचानक नहीं हुआ। वे 2024 से उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्य कर रहे थे और वित्त, गृह जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके थे । इससे पहले वे विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके थे, जो उनके राजनीतिक अनुभव को दर्शाता है। उनका जन्म 1968 में मुंगेर जिले के एक राजनीतिक परिवार में हुआ और उनके पिता शकुनी चौधरी कई बार सांसद और विधायक रहे । यह पृष्ठभूमि उन्हें सामाजिक आधार और राजनीतिक नेटवर्क दोनों देती है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि वे लंबे समय तक भाजपा के मूल कार्यकर्ता नहीं रहे, बल्कि बाद में पार्टी में आए और तेजी से ऊपर उठे, जो यह दर्शाता है कि भाजपा ने उन्हें एक रणनीतिक चेहरा के रूप में विकसित किया। नीतीश कुमार का राजनीतिक दौर बिहार में लगभग दो दशकों तक प्रभावी रहा। उन्होंने 2005 से लेकर 2026 तक अलग अलग अवधियों में राज्य का नेतृत्व किया और इस दौरान शासन की एक विशिष्ट शैली विकसित की। उनकी सरकार 20 नवंबर 2025 को बनी और 14 अप्रैल 2026 तक चली । इस लंबे कार्यकाल में उन्होंने प्रशासनिक स्थिरता, कानून व्यवस्था और बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया। अब जब वे पद से हटकर राष्ट्रीय स्तर की भूमिका की ओर बढ़ रहे हैं, तो यह सवाल उठता है कि क्या उनकी बनाई हुई संरचना को नई सरकार उसी तरह आगे बढ़ा पाएगी।

सम्राट चौधरी के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वे निरंतरता और बदलाव के बीच संतुलन कैसे स्थापित करते हैं। उन्होंने स्वयं यह कहा है कि वे राज्य को विकास के नए आयाम पर ले जाने का प्रयास करेंगे । इसका अर्थ यह है कि वे पूरी तरह नई दिशा देने के बजाय पहले से चल रही योजनाओं को आगे बढ़ाने की रणनीति अपनाएंगे। बिहार जैसे राज्य में जहां प्रशासनिक ढांचा धीरे धीरे स्थिर हुआ है, वहां अचानक बड़े बदलाव जोखिम भरे हो सकते हैं। इसलिए संभावना यही है कि नीति के स्तर पर निरंतरता बनी रहेगी, जबकि कार्यशैली में परिवर्तन दिखाई देगा। इस पूरे घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू जातीय और सामाजिक समीकरण भी है। बिहार की राजनीति में पिछड़े वर्गों की भूमिका हमेशा निर्णायक रही है। सम्राट चौधरी कुशवाहा समुदाय से आते हैं, जो राज्य की बड़ी आबादी में शामिल है और जिसे राजनीतिक रूप से संगठित करने की कोशिश लंबे समय से होती रही है। भाजपा ने उन्हें आगे करके एक संदेश देने की कोशिश की है कि वह केवल पारंपरिक वोट बैंक तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि सामाजिक आधार का विस्तार करना चाहती है। यह कदम उस रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत पार्टी क्षेत्रीय नेतृत्व को मजबूत कर राष्ट्रीय राजनीति में भी संतुलन बनाना चाहती है।

नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी के बीच संबंध भी इस परिवर्तन को समझने में महत्वपूर्ण हैं। दोनों ने लंबे समय तक एक साथ काम किया और सम्राट चौधरी को दो बार उपमुख्यमंत्री बनाया गया। इससे यह संकेत मिलता है कि नेतृत्व परिवर्तन पूरी तरह टकराव का परिणाम नहीं है, बल्कि एक नियोजित प्रक्रिया का हिस्सा है। यह भी माना जा सकता है कि नीतीश कुमार ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में उन्हें अप्रत्यक्ष समर्थन दिया, जिससे सत्ता का संक्रमण सहज हो सके। यही कारण है कि इस बदलाव को केवल राजनीतिक



प्रतिस्पर्धा के नजरिये से नहीं देखा जा सकता, बल्कि इसे साझेदारी के नए चरण के रूप में समझना चाहिए। इस परिवर्तन के साथ बिहार की राजनीति में तुलना का आधार भी बदल जाएगा। अब तक राज्य में विकास और शासन की चर्चा लालू प्रसाद और नीतीश कुमार के संदर्भ में होती थी। लेकिन अब यह तुलना सम्राट चौधरी और नीतीश कुमार के बीच होगी। यह बदलाव केवल व्यक्तियों का नहीं बल्कि राजनीतिक विमर्श का भी है। अब यह देखा जाएगा कि क्या नई सरकार उसी गति से विकास कर पाती है या उससे आगे निकलती है। यदि ऐसा नहीं होता है तो विपक्ष को सरकार पर सवाल उठाने का मजबूत आधार मिल जाएगा। विपक्ष की भूमिका भी इस पूरे परिदृश्य में महत्वपूर्ण होगी। राष्ट्रीय जनता दल और उसके नेता तेजस्वी यादव पहले ही इस बदलाव को जनादेश के खिलाफ बता रहे हैं। इससे यह स्पष्ट है कि आने वाले समय में राजनीतिक संघर्ष और तीखा होगा। विपक्ष यह दिखाने की कोशिश करेगा कि यह बदलाव जनता की इच्छा के बजाय राजनीतिक समीकरणों का परिणाम है, जबकि सत्तारूढ़ गठबंधन इसे विकास और स्थिरता के लिए जरूरी कदम के रूप में प्रस्तुत करेगा।

केंद्र और राज्य के संबंधों के संदर्भ में भी यह बदलाव महत्वपूर्ण है। सम्राट चौधरी का नेतृत्व भाजपा के साथ सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है, जिससे केंद्र और राज्य के बीच समन्वय बढ़ने की संभावना है। दूसरी ओर नीतीश कुमार का राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश इस समन्वय को और मजबूत कर सकता है। यह स्थिति उस दौर की याद दिलाती है जब राज्य और केंद्र में एक ही गठबंधन की सरकार होने से नीति निर्माण और क्रियान्वयन में तेजी आई थी। यदि यह तालमेल बना रहता है तो बिहार को इसका लाभ मिल सकता है। हालांकि चुनौतियां भी कम नहीं हैं। बिहार की अर्थव्यवस्था, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में अभी भी सुधार की बड़ी जरूरत है। सम्राट चौधरी के सामने यह अवसर भी है और परीक्षा भी कि वे इन क्षेत्रों में ठोस परिणाम दिखा सकें। यदि वे केवल राजनीतिक संतुलन बनाए रखने में ही उलझे रहते हैं तो उनकी सरकार पर प्रश्नचिह्न लग सकते हैं। दूसरी ओर यदि वे प्रशासनिक दक्षता और विकास के नए मानक स्थापित करते हैं तो वे अपनी अलग पहचान बनाने में सफल हो सकते हैं। समग्र रूप से देखा जाए तो बिहार में यह बदलाव केवल सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि राजनीतिक संरचना के पुनर्गठन का संकेत है। इसमें निरंतरता और परिवर्तन दोनों के तत्व मौजूद हैं। एक ओर नीतीश कुमार की विरासत है, दूसरी ओर भाजपा की नई रणनीति और सम्राट चौधरी का नेतृत्व। आने वाला समय यह तय करेगा कि यह प्रयोग कितना सफल होता है और क्या यह बिहार की राजनीति को नई दिशा दे पाता है। फिलहाल इतना निश्चित है कि राज्य एक नए दौर में प्रवेश कर चुका है जहां पुरानी विरासत और नई आकांक्षाएं एक साथ चलेंगी।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की गई



**सिद्धार्थनगर /** बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के मौके पर इटवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत लमुइया में विधि विधान से पूजा कर भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की गई। इससे पहले डॉ. भीमराव आंबेडकर और भगवान बुद्ध की प्रतिमा लेकर जुलूस के रूप क्षेत्र में भ्रमण किया गया । और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। साथ ही तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित कर शांति का संदेश दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोगों ने कहा कि भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर ही चलकर दुनिया में शांति फैल सकती है। बुद्ध का मार्ग शांति, सद्भावना व भाई चारे का मार्ग है। लोगों ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर बौद्ध धर्म ग्रहण कर दुनिया को शांति का संदेश दिया था। इसीलिए आंबेडकर की जयंती के अवसर पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान चिनके चौरसिया, अजीत चौरसिया, लाल बहादुर गौतम, राम नेवास चौरसिया, आयोजक कमेटी के अध्यक्ष राम उजागीर गौतम, चिनकू भारती,विजय पाल गौतम, दिनेश गौतम पंचम गौतम आदि मौजूद रहे।

### हत्या कांड का खुलासा, महिला समेत चार गिरफ्तार




**देवरिया।** जनपद के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बैतालपुर में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 12 अप्रैल की रात बैतालपुर में एक व्यक्ति की हत्या की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच में मृतक की पहचान सोपारी बुजुर्ग निवासी पप्पू यादव के रूप में की। मृतक के पिता की तहरीर पर छह नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में गठित टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए नवनाथ गोड़ और उनकी पत्नी मालती को पांडेय भिस्वा के पास से गिरफ्तार किया। वहीं, अन्य आरोपी आनंद कुमार उर्फ कुमकुम और रामसकल यादव को चीनी मिल के खंडहर परिसर से दबोचा गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मृतक का एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया है। सभी के खिलाफ संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमार समेत पुलिस टीम के कई सदस्य शामिल रहे।

### पुलिस उपायुक्त दक्षिण ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**कानपुर।** आज दिनांक 15.04.2026 को पुलिस उपायुक्त दक्षिण, दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा कार्यालय में जन-सुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र से आए नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। जन-सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज करते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस उपायुक्त द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि किसी भी शिकायत के समाधान में अनावश्यक विलंब न किया जाए तथा प्रत्येक शिकायतकर्ता को की गई कार्यवाही से अवगत कराया जाए। इसके अतिरिक्त, जन-सुनवाई में उपस्थित सभी आगंतुकों के साथ शालीन एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने, उनके बैठने की समुचित व्यवस्था करने तथा उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनने पर विशेष बल दिया गया। पुलिस उपायुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि स्थानीय स्तर पर बार-बार उत्पन्न होने वाली समस्याओं की पहचान कर उनके स्थायी समाधान के लिए प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को दीर्घकालिक राहत मिल सके।

## खजनी में नाबालिग लड़की से बलात्कार का खौफनाक मामला: आरोपी विपिन गुप्ता गिरफ्तार, बाल अपराधी भी हिरासत में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ख़जनी** - गोरखपुर जनपद के थाना खजनी क्षेत्र में 16 नाबालिग के साथ दरिंदगी का जघन्य मामला सामने आया है। आरोपी विपिन गुप्ता ने चालाकी से लड़की को बहला-फुसलाकर सुनसान पुराने मकान में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर घटना छुपाने की कोशिश की। पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तेजी से कार्रवाई करते हुए विपिन को गिरफ्तार कर लिया। एक नाबालिग अपराधी को भी बाल सुधार गृह भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक, थाना खजनी में मुकदमा संख्या 109/26 दर्ज है। इसमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 70(2), 351(3), POCSO एक्ट की धारा 5G/6 तथा SC/ST एक्ट की धारा 3(2)(5) लगाई गई है। आरोपी विपिन गुप्ता (20 वर्ष), पुत्र दिनदयाल गुप्ता, निवासी मिश्रौलिया, थाना खजनी है।



**घटना का भयावह विवरण**

14 अप्रैल 2026 की रात आरोपी विपिन और उसके एक साथी ने नाबालिग को बहकाया। उन्होंने कहा, 'तुम्हारे दूसरे घर पर तुम्हारी मम्मी से झगड़ा हो रहा है, जल्दी चलो।' बेकसूर लड़की तुरंत पुराने मकान की ओर चल पड़ी। रास्ते में अंधेरी गली में दोनों ने उसे पकड़ लिया और विपिन के पुराने सुनसान मकान (जिसमें कोई नहीं रहता) ले गए। वहां विपिन ने नाबालिग के साथ जबरन बलात्कार किया। बाद में दोनों ने धमकी दी कि अगर घर पर किसी को बताया तो तुम्हें, तुम्हारे भाई और मां को मारकर फेंक देंगे।

**तेज कार्रवाई और गिरफ्तारी**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर डॉ कौस्तुभ के सख्त निर्देश और पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, क्षेत्राधिकारी खजनी दीपांशी राठौर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जयंत कुमार सिंह की टीम ने रात 10:55 बजे पड़िया गांव पुलिया के पास से विपिन गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। टीम में उपनिरीक्षक अर्जुन पटेल, वंशनारायण यादव, कांस्टेबल मनोज चौहान, प्रविन सिंह और अविनाश खरवार शामिल थे। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद दोनों को थाने लाकर पूछताछ की गई और आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूर्ण कर आज उन्हें न्यायालय भेज दिया गया।

**पुलिस का बयान**

प्रभारी निरीक्षक जयंत कुमार सिंह ने कहा, 'वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अपराधियों पर शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जा रही है। नाबालिग के साथ हुई इस जघन्य घटना में तुरंत कार्रवाई की गई। पीड़िता की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित की जा रही है।

## उनवल विद्युत सब स्टेशन पर वेतन को लेकर संविदा कर्मियों का जोरदार प्रदर्शन, ठेकेदार कंपनी पर लगाए गंभीर आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ख़जनी-** गोरखपुर जनपद के खजनी तहसील क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत उनवल स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर बुधवार को उस समय माहौल गरमा गया, जब बिजली विभाग के संविदा कर्मियों ने लंबित वेतन को लेकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। आक्रोशित कर्मियों ने प्रशासन और संबंधित ठेकेदार कंपनी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए तत्काल वेतन भुगतान की मांग उठाई। प्रदर्शन कर रहे कर्मियों का कहना है कि वे लंबे समय से पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है। कर्मियों के अनुसार, उनका अक्टूबर माह का वेतन अब तक लंबित है, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की स्कूल



फीस, मकान किराया और रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करना उनके लिए बेहद कठिन हो गया है। संविदा कर्मियों ने वेतन भुगतान में हो रही देरी के लिए ठेकेदार कंपनी 'टीडीएस (TDS)' को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। उनका आरोप है कि कई बार संबंधित अधिकारियों और कंपनी से शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे कर्मियों में भारी नाराजगी व्याप्त है। धरना स्थल पर मौजूद कर्मियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही उनका बकाया वेतन जारी नहीं किया गया, तो वे अपने आंदोलन को और तेज करेंगे। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आगे होने वाले किसी भी उग्र प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित कंपनी की होगी। प्रदर्शन के दौरान धनंजय, प्रिंस कुमार, राज मंगल मौर्य, गोविंद कुमार, श्याम सुंदर, अजय पांडे, राम अवतार, बिरजू कुमार, मनोज यादव, हनुमान, सलमान और पुनीत त्रिपाठी सहित दर्जनों संविदा कर्मी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर अधिशासी अभियंता एवं उपखंड अधिकारी, 33/11 केवी उपकेंद्र उनवल को एक प्रार्थना पत्र सौंपते हुए जल्द से जल्द वेतन भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की। कर्मियों के इस प्रदर्शन से विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं और अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी जल्द कार्रवाई करता है।

## बाबा साहब की जयंती पर क्षेत्र के कार्यक्रमों मे प्रदेश सचिव सपा रईस अहमद उर्फ़ बब्बू प्रधान बतौर मुख्य अतिथि ने बढ़ चढ़ हिस्सा लिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोण्डा** - गौरा विधानसभा की कूक नगर ग्रांट मोहन यादव द्वारा स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा का उद्घाटन फीता काटकर रईस अहमद द्वारा किया गया बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए संबोधित किया गया रईस अहमद द्वारा बाबा साहब के विचारों को रखते हुए बताया गया कि शिक्षित बनने से क्या होगा संगठित होने से क्या होगा और संघर्ष करने से क्या होगा उन्होंने कहा कि आज ऐसे महापुरुष की जयंती है जिनकी जयंती भारत देश में ही नहीं संपूर्ण विश्व के 56 देश में मनाई जा रही है बाबा साहब ने जिस भारत का सपना देखा था हमें आपको संकल्प लेना चाहिए उनके सपनों को साकार करना चाहिए इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य अमर यादव ने कार्यक्रम को संबोधित किया पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन यादव ने आए हुए अतिथियों को अंग



वस्त्र भेंट कर माला पहनाकर स्वागत किया और उन्होंने बताया कि इससे पहले मैंने चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का भी स्थापना किया था इस अवसर पर राधेश्याम बबलू ठेकेदार अजय लेखपाल नरेंद्र यादव बसंत यादव बुनने प्रधान सेराज तौफ़ीक़ आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे तरैनी में आयोजित बाबा साहब की जयंती में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव रईस अहमद ने बाबा साहब के चित्र पर माला पहना कर वहां उपस्थित आम जनमानस को संबोधित किया तरैनी में मंसाराम राम द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर राम चन्द्र भास्कर राकेश प्रधान राम करन पूर्व प्रधान आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे वही पर महाराज गंज में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में रईस अहमद ने संबोधित किया इस कार्यक्रम का आयोजन धर्मेंद्र गौतम फूल चंद गौतम विनय गौतम राम प्रकाश गौतम द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर संतोष यादव पिछड़ा प्रकोष्ठ बेचन प्रसाद सुनील कुमार संजय कच्चू गौतम राम करन आदि लोग मौजूद रहे घारीघाट में सुरेश एडवोकेट द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया कार्यक्रम में पहुंचकर रईस अहमद द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया इस अवसर पर राम जीत निषाद द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित किया गया इस अवसर पर अनिल पटेल दिलीप वर्मा केडी पटेल अरुण वर्मा चंद्रभान पटेल बिर्जलाल गौतम पूर्व प्रधान आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे महुली खोरी मंदिर पुरवा मे बाबा साहब की जयंती पिंटू भारती प्रतिभा यादव द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## नगर पालिका में पांच सदस्यों ने ली शपथ

### ● विकास कार्यों को मिलेगी नई गति, अध्यक्ष ने जताई उम्मीद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर** - नगर पालिका परिषद के लिए राज्यपाल के निर्देश पर पांच नए सदस्यों को मनोनीत किया गया है। इन सभी का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को नगर पालिका प्रांगण में आयोजित हुआ। उपजिलाधिकारी (सदर) बिपिन द्विवेदी ने नवनियुक्त सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अन्य सभासद और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इन नियुक्तियों को नगर पालिका परिषद के विकास कार्यों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।




मीडिया से बात करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि परिषद का परिवार अब और मजबूत हो गया है। उन्होंने बताया कि पहले 25 निर्वाचित सभासदों के साथ मिलकर नगर के विकास की योजनाएं बनाई जाती थीं। अध्यक्ष अग्रवाल ने विश्वास व्यक्त किया कि पांच नए अनुभवी सदस्यों के जुड़ने से जनहित के कार्यों में बेहतर सुझाव और मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे नगर के बुनियादी ढांचे, सफाई व्यवस्था और अन्य विकास परियोजनाओं को नई गति मिलेगी, जिससे परिषद की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। शपथ ग्रहण के बाद, मनोनीत सदस्य रेनू सिंह ने अपनी नियुक्ति के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और राज्यपाल का धन्यवाद किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार महिलाओं के उत्थान और उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। रेनू सिंह ने कहा, 'आज हमारी बहनें बहुत खुश हैं। सरकार महिलाओं के बारे में जो सोचती है, उसका परिणाम है कि आज हम जैसे कार्यकर्ताओं को यह सम्मान मिल रहा है।' उन्होंने नगर पालिका चेयरमैन की कार्यशैली की प्रशंसा की और विश्वास दिलाया कि वह अपनी नई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगी। चुनौतियों पर उन्होंने कहा कि महिलाएं कभी किसी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटतीं और मिलकर नगर के विकास के लिए बेहतर कार्य करेंगी।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में मेधावी छात्राएं हुई सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के एचएन बहुगुणा पीजी कालेज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ऋचासुकुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम के तहत भाषण, निबन्ध, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सफल प्रतिभागी आकांक्षा, मीनाक्षी, बविता, जान्हवी तिवारी, अंजू विश्वकर्मा, रूपा गौतम, तनु मिश्रा को प्राचार्य डॉ0 ऋचासुकुमार ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ0 ऋचा ने कहा कि देश के नव निर्माण में बेटियों का योगदान अहम है। संयोजक डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। संचालन डॉ0 शिव कुमार यादव ने किया। इस मौके पर इं0 जितेन्द्र त्रिपाठी,



डॉ0 अभिषेक पाण्डेय, डॉ0 श्याम नारायण त्रिपाठी, डॉ0 प्रियंका शुक्ला, डॉ0 शैलेन्द्र सरोज आदि रहे।

## एस पी एस पब्लिक कान्वेंट मे धूम धाम से मनाया गया बाबा साहब डॉ0 अम्बेडकर का जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोण्डा-** शिव पब्लिक कान्वेंट केशव नगर ग्रांट परिसर मे डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की जन्म जयंती बहुत ही धूम धाम से मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बभनजोत नीरज पटेल एवं विशिष्ट अतिथि प्रबंधक हकीकुल्लाह चौधरी महा विद्यालय घारी घाट मोहम्मद कमाल चौधरी ने पहुंच कर डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जी के प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने बाबा साहब के विचारों एवं आदर्शो के बारे मे जानकारी देते हूए उनके द्वारा बताए हूए आदर्शो पर चलने के लिए अपील किया गया साथ ही साथ शिक्षा पर प्रकाश डालते हूए बच्चो को एकाग्र मन से शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के बच्चो द्वारा कार्यक्रम मे मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोह लिया विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि सहित गणमान्य व्यक्तियों का फूल माला से स्वागत किया विद्यालय प्रबंधन द्वारा निर्धारित मुख्य अतिथि द्वारा परीक्षा मे अच्छे अंक प्राप्त बच्चो को मेडल पहनाकर मोवेंटो और अंकपत्र देकर सम्मानित किया। आए हूए गणमान्य व्यक्तियों का विद्यालय प्रबंधक शिव प्रसाद यादव ने आभार व्यक्त किया ।इस अवसर पर पूर्व प्रधान सूर्य कुंवर वर्मा, इंद्र देव यादव, पूर्व प्रधान वृज लाल, राम जीत वर्मा,कार्यालय अधीक्षक एजाज अहमद, अशोक चौधरी, बदलू प्रसाद यादव सहित सैंकड़ो गणमान्य व्यक्तियो सहित विद्यालय के प्रधानाचार्या पूजा यादव उप प्रबंधक क्षमा तिवारी, पुष्पा, सीमा यादव,मोहन यादव, रिंकू, सोनी, आरती वर्मा, मनीषा वर्मा, शाकिर अली राम सेवक हिमांशु चौधरी, दुर्गा प्रजापति, विजय, गौरव सहित विद्यालय के समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

## दुष्कर्म तथा पास्को एक्ट के आरोपी धराए, गये जेल



**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुष्कर्म तथा पास्को एक्ट के मुकदमे में उदयपुर पुलिस द्वारा बुधवार को दो आरोपियो को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया गया। थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ दुष्कर्म का केस दर्ज हुआ था। घटना को लेकर उदयपुर पुलिस आरोपियो की तलाश में जुटी थी। बुधवार की सुबह दरोगा राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी व ओमप्रकाश सिंह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के पेड़रिया तिराहे के समीप भंवरी रोड पर पुलिस ने मुकदमे में वांछित आरोपी बढ़ई का पुरवा पेड़रिया निवासी आशीष पुत्र राधेश्याम यादव व अतुल शर्मा पुत्र देवी प्रसाद शर्मा को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियो को पूंछताछ के बाद जेल भेज दिया।

## युवक की संदिग्ध मौत से गांव में सनसनी, फॉरेंसिक जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां** - गोरखपुर के सहजनवा क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में हड़कंप मच गया। पिपरौली चौकी क्षेत्र के नेवास गांव में 30 वर्षीय शिवम मिश्रा का शव उनके पुराने मकान में लोहे की खूंटी से गमछे के सहारे लटका मिला। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, शिवम मिश्रा अपने परिवार के सबसे छोटे पुत्र थे और एक निजी विद्यालय में ड्राइवर के रूप में कार्यरत थे। परिजनों ने बताया कि रोज की तरह मंगलवार रात को पूरा परिवार खाना खाकर सो गया था। सुबह जब उनके पिता मंगल मिश्रा घर की साफ-सफाई के लिए पुराने मकान में



पहुंचे, तो अंदर का दृश्य देख उनके होश उड़ गए। शिवम का शव खूंटी से लटका हुआ था। परिजनों ने तत्काल गमछा काटकर युवक को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पर दी गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

चौकी प्रभारी संतोष कुमार सिंह और थाना प्रभारी अश्वनी कुमार पाण्डेय ने मौके का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर जांच के लिए भेजे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार के मुताबिक, शिवम स्वभाव से शांत और जिम्मेदार थे। परिवार में चार भाई और तीन बहनें हैं, जिनमें दो बहनों की शादी हो चुकी है जबकि एक की शादी की तैयारी चल रही थी। ऐसे में इस घटना ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। फिलहाल घटना के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है और न ही परिवार की ओर से कोई तहरीर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक गीडा अश्वनी पाण्डेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## स्कूल बस की लापरवाही से 18 माह की मासूम की मौत, परिवार में मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ग़ोला गोरखपुर जनपद के गोला क्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक निजी स्कूल बस की लापरवाही ने एक मासूम बच्ची की जिंदगी छीन ली। घटना 15 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 6:30 बजे की है, जब ग्राम पंचायत डेहरीभार (धौजहर उर्फ बेलवाभारी) निवासी सुनील कुमार की 18 माह की पुत्री नित्या घर के सामने सड़क किनारे खेल रही थी। इसी दौरान 'एम.सी.ए पब्लिक स्कूल, गोला' की बस तेज रफ्तार और लापरवाही से गुजर रही थी। आरोप है कि बस चालक ने नियंत्रण खो दिया और बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि नित्या गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन तुरंत उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर भागे, लेकिन रास्ते में ही मासूम ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। एक तरफ जहां माता-पिता अपनी इकलौती बच्ची के खोने के गम में टूट चुके हैं, वहीं ग्रामीणों में भी भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि स्कूल बसों द्वारा अक्सर तेज गति और लापरवाही से वाहन



चलाया जाता है, लेकिन प्रशासन इस पर ध्यान नहीं देता।

पीड़ित पिता सुनील कुमार ने थाना गोला में लिखित तहरीर देकर आरोपी बस चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा है कि उनकी बेटी की मौत के जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से मांग की है कि स्कूल वाहनों की नियमित जांच हो और तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। घटना के बाद क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है और हर आंख नम है। फिलहाल पुलिस ने मामला संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट को लेकर आरक्षी की तहरीर पर आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने दो पक्षो मे हुई मारपीट को लेकर आरक्षी की तहरीर पर आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। आरक्षी रोहित कुमार ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 13 अप्रैल को दिन में दो बजे थाना क्षेत्र के सगरा का पुरवा भोजपुर में दो पक्षों में मारपीट की सूचना पर वह मौके पर पहुंचा। वहां दोनों पक्ष गालीगलौज के साथ मारपीट में संलिप्त पाए गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक पक्ष के अखिलेश सिंह पुत्र राम नरायन सिंह तथा नीलू सिंह पत्नी अखिलेश सिंह, प्रिया सिंह पुत्री अखिलेश तथा दूसरे पक्ष के राजेश सिंह व दीप सिंह पुत्रगण हीरालाल, अमन पुत्र हरिश्चंद्र, मनीषा पत्नी राजेश सिंह, निशा सिंह पत्नी कुल्लू उर्फ दीप सिंह के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष गौरव त्रिवेदी का कहना है कि केस दर्ज किया गया है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## गोरखपुर में सनसनी: बंद दुकान में 3 दिन से सड़ रही युवती की लाश, बदबू से खुला राज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोरखपुर शहर के व्यस्त गोलघर इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक बंद दुकान से तेज बदबू आने पर अंदर 25 वर्षीय युवती की सड़ी-गली लाश बरामद हुई। सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शटर खोलकर अंदर दाखिल हुई तो केबिन के भीतर युवती का शव पड़ा मिला। अंदाजा लगाया जा रहा है कि शव करीब तीन दिन पुराना है। मृतका की पहचान महराजगंज जनपद के पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के करमैनी गांव निवासी गंगोत्री यादव (25) के रूप में हुई है। वह गोलघर स्थित जिला पंचायत भवन के पास 'ङ्घश्वस् ङ्गर्ढ्ढं' नाम से डिजिटल प्रिंटिंग की दुकान चलाती थी। दुकान के अंदर फ्लैक्स प्रिंटिंग का काम होता था और स्थानीय




लोगों के अनुसार युवती पिछले एक से डेढ़ साल से यहां किराए पर दुकान संचालित कर रही थी। घटना का खुलासा तब हुआ जब आसपास के दुकानदारों को दुकान से तेज दुर्गंध आने लगी। पहले लोगों ने इसे नजरअंदाज किया, लेकिन जब बदबू असहनीय हो गई तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे दुकान मालिक ने बताया कि यह दुकान उनकी माता के नाम पर है और उन्होंने इसे युवती को किराए पर दे रखा था। सूचना मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचे तो अंदर का नजारा देख सन्न रह गए।

पुलिस जांच में एक अहम नाम सामने आया है–अनिल, जो पिछले करीब 8 वर्षों से युवती के साथ काम कर रहा था। घटना के बाद से वह लापता बताया जा रहा है, जिससे मामला और संदिग्ध हो गया है। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है और उसे इस केस की महत्वपूर्ण कड़ी मान रही है। कैंट थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आ सकेगी। पुलिस हर एंगल–हत्या, आत्महत्या या अन्य कारणों–को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## जंगल से भटक कर रिहायशी इलाके में पहुंचा काकड़ प्रजाति का हिरण, रेस्क्यू

### ● सोनौली की घनी आबादी से काकड़ हिरण का हुआ सुरक्षित रेस्क्यू, वन विभाग-पुलिस और एसएसबी के संयुक्त प्रयास से बची बेजुबान की जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महाराजगंज।** सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग के उत्तरी चौक रेंज अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सोनौली नगर पंचायत में जंगल से भटक कर एक काकड़ प्रजाति का हिरण पहुंच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम के साथ सोनौली कोतवाली पुलिस व



एसएसबी की संयुक्त टीम ने हिरण को कोई नुकसान न पहुंचे तथा वह किसी वाहन की चपेट में न आए इसको लेकर घेराबंदी की। घंटों की कड़ी मशक्कत और सूझबूझ के बाद टीम ने हिरण को सुरक्षित तरीके से अपने संरक्षण में ले लिया। वन विभाग की टीम ने सुरक्षित काकड़ हिरण को घोड़ाहआ बीट के जंगल में छोड़ दिया। घोड़हवा बीट के फोरेस्टर जितेंद्र कुमार गौड़ ने आधिकारिक पुष्टि करते हुए बताया कि वन्यजीव को सुरक्षित रेस्क्यू



करने के बाद गहन चिकित्सा परीक्षण किया गया। पूरी तरह स्वस्थ पाए जाने पर उसे उसके प्राकृतिक आवास घोड़हवा बीट के घने जंगल में छोड़ दिया गया है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि यदि भविष्य में कोई वन्यजीव रिहाइशी इलाकों में दिखाई दे, तो उसे नुकसान न पहुंचाएं और तुरंत स्थानीय प्रशासन को सूचित करें ताकि समय रहते वन्यजीवों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### झूंसी में नारी शक्ति का प्रदर्शन: स्कूटी रैली के साथ 'नारी शक्ति बंधन' कार्यक्रम संपन्न



**झूंसी, प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी जिला गंगापार द्वारा फूलपुर विधानसभा क्षेत्र में 'नारी शक्ति बंधन' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत सेंट्रल अकैडमी, झूंसी (आवास विकास कॉलोनी) से हुई, जहां से महिलाओं ने उत्साह और जोश के साथ एक भव्य स्कूटी रैली निकाली। रैली में शामिल महिलाओं ने समाज में नारी सशक्तिकरण का संदेश देते हुए पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। इस अवसर पर नगर निगम प्रयागराज के नामित पार्षद अरुण कुमार मिश्रा (पिंटू नेता) भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी से समाज और राष्ट्र को नई दिशा मिलती है। कार्यक्रम में जिला एवं मंडल स्तर के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे आयोजन में अनुशासन एवं संगठन की एकता झलकती रही।

### नैनी में बाबा साहेब अंबेडकर जयंती पर भव्य आयोजन, 400 बच्चों को स्कूल सामग्री वितरित



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के ऐतिहासिक भटाई चौरा में भारत रत्न की जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजसेवियों द्वारा नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच स्कूल बैग, कॉपी, पेन व अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान लगभग 300 से 400 बच्चों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। आयोजन का मुख्य संचालन धीरेंद्र यादव 'धीरू' एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शाहिद दक्षिणी द्वारा किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बब्बन दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रवि गुप्ता, सुभाष, भवानी जी, देवीलाल, बाबा, पीर मोहम्मद, अजहर, सतीश श्रीवास्तव, कुमार कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, अंजू नाथ, राजेश गुप्ता, अंकित यादव, चंचल, मोहम्मद शारिक, गुड़िया यादव, ज्योति यादव सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों को अपनाने और शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए समाज को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

### नैनी पुलिस की त्वरित कार्रवाई: 24 घंटे में चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, स्कूटी बरामद



**नैनी, प्रयागराज।** बुधवार को नैनी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नकबजनी (चोरी) की घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई स्कूटी बरामद की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, वादी शैरी सालोमन निवासी गंगोत्री नगर, नैनी ने 13 अप्रैल 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर स्कूटी (नंबर UP70 HS 9602, नेवी ब्लू) समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। इस संबंध में थाना नैनी में मु0अ0सं0 191/2026 धारा 305(A)/331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।मामले की जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर 14 अप्रैल 2026 को नवप्रयागम पार्किंग के नाले के पास से दो अभियुक्तों–आकाश सिंह (28 वर्ष) एवं सनी केसरवानी (32 वर्ष), दोनों निवासी चकलाल मोहम्मद इसाई बस्ती, थाना नैनी–को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की स्कूटी बरामद कर ली गई।पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने गंगोत्री नगर क्षेत्र से स्कूटी चोरी की थी। हालांकि, उन्होंने अन्य सामान चोरी करने से इनकार किया। विवेचना के दौरान मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की भी बढ़ोत्तरी की गई है।आपराधिक इतिहास:गिरफ्तार अभियुक्त आकाश सिंह के विरुद्ध पूर्व में भी महोबा जनपद के कोतवाली नगर थाने में मारपीट, धमकी एवं आर्म्स एक्ट से संबंधित मामले दर्ज हैं।

## हिमाचल प्रदेश सरकार पर कर्मचारी और पेंशनरों का दसहजार करोड़ बकाया

**● बहाना पर बहाना बनाती रही बीजेपी और कांग्रेस सरकारें- सेवा निवृत्त प्रोफेसर अशोक कुमार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हिमाचल प्रदेश में कर्मचारी और पेंशनरों का दसहजार करोड़ बकाया सरकार पर है। यह पैसा कर्मचारी और पेंशनर्स दान में नहीं मांग रहे हैं। उनके तीस साल के मेहनत का पैसा है। जो सरकार दबा कर मौज कर रही है। और अपने चहेतों को पद चेयरमैन निगमो बोर्डो में बनाकर रेवड़ियां बाट रही है। लेकिन पेंशनर्स का पैसा देने का बहाना कभी प्राकृतिक आपदा पर तो कभी केन्द्र सरकार पर की हिमाचल का हक नहीं मिल रहा है। जब कि सरकार का कोई काम रूका नहीं है मंत्री के कार्यालय नये बन रहे हैं। गाडियां न ई खरीदी जाती है। उद्घाटन हो रहा हेलिकाप्टर भी हर रोज आसमान में उडता है। तब सरकार के पास धन की कमी नहीं होती है। बस वेतन और डीए का एरियर देने के लिए धन नहीं।

सबसे बड़ा धोखा कर्मचारियों को पेंशनर्स को जयराम सरकार ने दिया वह सातवें वेतनमान को लागू करने में पांच साल का समय लिया और चुनाव से चार महीने पहले घोषणा किया वेतनमान देने का पर एक नये नोटिफिकेशन में दो हजार सोलह से जनवरी दो हजार बाईस के तक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हर तरह के नये वेतनमान के एरियर को रोक दिया। यह ऐसा सौतेला व्यवहार हिमाचल की पहली सरकार ने किया।जो इतिहास में दर्ज होगया और दो हजार बाईस फरवरी में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नये वेतनमान में एरियर दिया जा रहा है। उस समय भाजपा की सरकार डबल इंजन की सरकार थी केन्द्र से भरपूर मदद मिल रहा था फिर भी किस वित्त सचिव के बहकावे में आकर गलत नोटिफिकेशन करके रोका गया जो आज की सरकार के लिए सिर दर्द हो गया है। जयराम ठाकुर चाहते तो उसी समय दो हजार सोलह से दो हजार बाईस के सेवानिवृत्त कर्मचारियों और पेंशनर्स का भुगतान कर सकते थे। परन्तु उनको यह अनुमान हो गया था कि सरकार वापस नहीं सत्ता में आ रही है। तो आने वाली सरकार के ऊपर बोझ डाल दिया और यह सरकार तीन साल से प्राकृतिक आपदा से ही लड रही है। इनके लिए भुगतान न करने का सबसे सुन्दर सरल बहाना बन गया।

वर्तमान सरकार बस चुनावी रेवड़ी बांटने मे लगी है। अपने चुनावी घोषणा को पूरा करने में लगी हैं ।पेंशनर्स मरे या जीये सरकार को कोई सरोकार नहीं है। वेतनमान व डीए का एरियर न मिलने से हर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कम से कम एक लाख से चार लाख रूपये सालाना व्याज का नुक़सान हो रहा है। भारत सरकार भी 2047 का सपना जनता को दिखा रही है यह जनता जानती है कि सपना दिखाने वाला दो हजार सैंतालीस तक जिन्दा नहीं रहेगा नहीं वह सत्ता पर रहेगा तो हसीन सपनों की दुनिया बनाकर दिखाने का काम हर सत्ता दल करने लगा है।आम जनता सपने में नहीं हकीकत की जमीन पर चलती रहती है। वह सपना वहीं देखना चाहती है जो सच हो। उसके अपने पास जो संसाधन हैं उसी के अनुसार सपना देखती और पूरा करने में लगी रहती है। सरकार जो सपना दिखाती है नारा देती वह कभी पूरा होता नहीं है। यही हिमाचल की वर्तमान सरकार कर रही है।

हिमाचल में कर्मचारियों और पेंशनर्स का दो गुट है एक सरकार का कांग्रेसी तो दूसरा समूह भाजपाई है। जिस कारण भी एरियर की लड़ाई कमजोर हो जा रही है ।एक गुट सरकार से एक मुश्त हर तरह का एरियर वेतनमान का और डीए का मांग रहा है। तो सरकार के चरण चुम्बक समूह किश्तों में मांग करने लगते हैं। सरकार भी दो समूहों को आपस में लड़ाने में यकीन करती है। आज जो भाजपा के समर्थक हैं वहीं समूह दो हजार बाईस में जो नोटिफिकेशन सरकार ने करके नये वेतनमान का एरियर दो हजार सोलह से दो हजार बाईस तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों और पेंशनर्स का रोक तब सब मौन थे जयराम ठाकुर के चरणों में गिरे थे। वहीं समूह तीस मार्च को विधानसभा शिमला में धरना दिया और दस दिन के आश्वासन पर अपने अपने घर चले गये ।यहां यह कहना सही होगा।

**चलो वापस घर चले। सरकार से बातें हो गई।**

हिमाचल के पेंशनर्स ने पेंशन दिवस पर घुमारवीं में बहुत भव्य स्वागत मुख्यमंत्री का किया था उनके सम्मान में कशिदे बहुत पढ़ें गये। हर नेता एक से बढ़कर एक अलंकृत शब्दों से मुख्यमंत्री का गुणगान कर रहा था म तालियां बजती रही थी। मुख्यमंत्री ने वही रटा-रटाया शब्द बोला अभी प्राकृतिक आपदा से तीन साल से लड रहे हैं? जनता की जरूरतों को अभी पूरा करना है सड़क पानी और जिनके मकान नहीं है उनको पहले देना है ।सरकार इस स्थिति में नहीं है कि कर्मचारियों और पेंशनर्स को दसहजारा बकाया दे सके। आप सरकार का सहयोग करे व्यवस्था परिवर्तन हो रहा है हम आत्म निर्भर हिमाचल बनाने में लगे।

सभी चरण चुम्बक नेता जो गुणगान घुमारवी में किये थे मौन हो गये।फिर सरकार ने बांट दिया कि सत्तर साल से पचहत्तर साल वालों को देंगे एक मुश्त तीन बार घोषणा किया। अब तो सरकार यह मान रही है एरियर की देनदारी और बढ़ रही है इस साल जो बजट पेश किया उसमें भी एरियर के लिए धन का प्रावधान नहीं है।बस एक आश्वसन है सरकार देगी पर समय तारीख नहीं बतायेगी अदालतों की तरह तारीख पर तारीख मिल रहाहै फैसला नहीं उसी तरह से सरकार का आश्वासन पर आश्वासन पर एरियर नहीं मिला न मिलने की अभी उम्मीद है। अब तो सरकार के दिन भी गिनती के महीने के बच गये है। सरकार बदलने पर भी यह उम्मीद कदापि कर्मचारी और पेंशनर्स न रखें की भाजपा आयेंगी तो देदेगी। वह भी आपको विकसित हिमाचल दोहजार सैतीस दिखायेंगे और एरियर लेकर दो हजार सैतीस तक जायेंगे। कारण तब तक आठवां वेतनमान भी केन्द्र का लग जायेगा।फिर हिमाचल में संकट रहेगा वित्त का।संकट केवल माननीयों को नहीं होता है उनका वेतनभत्ता बढ़ता रहेगा एक दिन का विधायक अस्सी हजार से ऊपर पेंशन लेगा पर तीस साल का कर्मचारी बिना पेंशन घर जायेगा।



गजब का देश में लोकतंत्र जनता जिसे विधायक सासद बनाती है उससे सवाल करना भूल गई कि आपको क्यों पेंशन चाहिए और हमारे लड़के जो सरकारी और निजी क्षेत्रों में तीस साल सेवा देते हैं उनको आपके बराबर पेंशन क्यों नहीं मिले। सम्विधान में एक नया संशोधन हो कि सांसद विधायक की तरह ही पेंशन मिले सभी कर्मचारियों को वह सरकारी हो या गैर सरकारी क्षेत्र। जिस दिन जनता यह सवाल लेकर सड़क पर आयेगी तभी देश में बदलाव सही मायने में आयेगा? पर हम जनता दलीय जनता बने है जातिय जनता है धार्मिक जनता है सरकार से सवाल नहीं पूछ रहे हैं क्यो हमारे लड़कों को सामाजिक सुरक्षा के रुप में पेंशन चिकित्सा नहीं मिल रहा है। सरकार दस अप्रैल को उन समूहों के नेताओं को पुनः वार्तालाप के लिए शिमला बुलाकर वार्ता करने वाली है पर जब अप्रैल बीत गया। सरकारने बुलाया नहीं। बात नहीं हुआ। भारत में हर सरकार का यही रवैया आन्दोलन को कमजोर करना है या कुचलना है तो आन्दोलन कर रहे संगठन से बात मत करो लम्बा चलने दो फिर थक कर हार कर झुक जायेंगे और आन्दोलन समाप्त हो जायेगा। यही हिमाचल सरकार ने किया। कर्मचारियों और पेंशनर्स का दो गुट बना दिया है।जिससे एरियर के भुगतान को दो हजार सत्ताईस तक न देना हो और सरकार जनता में जो चुनाव के समय वायदे किये थे हर महिला को पन्द्रह सौ हर माह उसको पूरा करके पुनः सत्ता वापसी करें। लेकिन यह नहीं पता हिमाचल में पेंशनर्स बहुत है वह चुनाव में एक निर्णायक भूमिका में रहते हैं।

## 2 करोड़ के बंगले में रहने वाले थानाप्रभारी के यहां छापेमारी





**● ताज होटल में मनाता था छुट्टियां; मिली 20 करोड़ की बेनामी संपत्ति।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार पुलिस के एक और अधिकारी पर भ्रष्टाचार की गाज गिरी है. किशनगंज सदर थाना के अध्यक्ष (SHO) अभिषेक कुमार रंजन के खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई (EOU) ने बड़ी कार्रवाई की है. मंगलवार, 14 अप्रैल 2026 की सुबह 8:30 बजे से ही ईओयू की टीमों ने पटना, छपरा और किशनगंज सहित उनके 5 अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ दस्तक दी. ईओयू के अनुसार, अभिषेक रंजन के पास उनकी वैध आय से करीब 118.66% अधिक की अवैध संपत्ति होने के पुख्ता सबूत मिले हैं।

सारण (छपरा) के रहने वाले अभिषेक कुमार रंजन साल 2009 में बिहार पुलिस में बतौर सब-इंस्पेक्टर भर्ती हुए थे. साल 2023 में उनका प्रमोशन हुआ और वे इंस्पेक्टर बने. अपने सेवा काल के दौरान वे मुजफ्फरपुर, मोतिहारी और पटना जैसे महत्वपूर्ण जिलों में तैनात रहे. ईओयू की जांच में सामने आया है कि इस अवधि में उनकी कुल वैध आय 1 करोड़ 47 लाख 17 हजार रुपये रही, जबकि उन्होंने 2 करोड़ 9 लाख रुपये से ज्यादा की संपत्ति अर्जित कर ली. सभी खर्चों को काटकर देखा जाए तो उनके पास 1.70 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अवैध पाई गई है।

छापेमारी के दौरान पटना के रामकृष्ण नगर में उनका 2200 वर्ग फीट में फैला एक आलीशान 4 मंजिला (G+3) मकान मिला है, जिसकी अनुमानित कीमत 2 करोड़ रुपये से अधिक है. इसके अलावा छपरा के प्रभुनाथ नगर में 30 लाख का मकान और पैतृक गांव पैगा में 50 लाख की लागत से बन रहा एक दो मंजिला मकान भी ईओयू की नजर में है. इतना ही नहीं, सिलीगुड़ी के दार्जिलिंग रोड पर 6 कट्ठा जमीन की बाउंड्री कराई गई है, जिसके लिए प्रमोटर को 84 लाख रुपये नकद दिए गए थे।

अभिषेक रंजन न केवल संपत्ति जुटाने में माहिर थे, बल्कि उनकी जीवनशैली भी किसी बड़े उद्योगपति जैसी थी. जांच में पता चला कि इसी साल जनवरी में वे अपने परिवार के साथ मुंबई की हवाई यात्रा पर गए थे और वहां 15 दिनों तक देश के सबसे महंगे 5 सितारा होटल 'द ताज' में ठहरे थे. उनके पास महंगे मोबाइल फोन और विलासिता के अन्य सामान भी मिले हैं. बच्चों की पढ़ाई पर भी मोटा पैसा खर्च किया जा रहा है. हाल ही में उन्होंने अपने बड़े बेटे का एडमिशन DPS सिलीगुड़ी में कराया, जिसके लिए 2.50 लाख रुपये केवल प्रवेश शुल्क के तौर पर दिए गए।

ईओयू को जानकारी मिली है कि अभिषेक रंजन का जमीन सिंडिकेट के साथ गहरा जुड़ाव है. सिलीगुड़ी के सेवक रोड पर एक फ्लैट और करीब 6-7 ट्रक खरीदे जाने की भी जानकारी सामने आई है. मुजफ्फरपुर के फतेहपुर कांटी में भी करोड़ों के निवेश की चर्चा है. बताया जा रहा है कि उनकी बेनामी संपत्तियों की कुल कीमत 20 करोड़ रुपये से भी अधिक हो सकती है. किशनगंज में तैनाती के दौरान उन पर बालू, शराब और तस्करी से जुड़े माफियाओं को संरक्षण देकर अवैध उगाही करने का भी गंभीर आरोप है।

## अभ्युदय विद्यालय (सीपीआई) का भव्य लोकार्पण, शिक्षा के क्षेत्र में नया अध्याय शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को साकार करते हुए नगर निगम, स्मार्ट सिटी और बेसिक शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयासों से निर्मित अभ्युदय विद्यालयों की श्रृंखला में आज आदर्श संविलियन विद्यालय (सीपीआई) का भव्य लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी द्वारा विधिवत रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर किया।

समारोह में बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार की उपस्थित रहे। इस अवसर पर साउथ मलाका पार्षद रितेश मिश्रा, कीडगंज पार्षद किरन जायसवाल, राजापुर वार्ड पार्षद भोला तिवारी, चौखंडी पार्षद रुद्रसेन जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अभिभावक, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिभा सिंह ने सभी अतिथियों स्वागत किया। इस दौरान सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से दिव्यांग छात्रा वैष्णवी की प्रस्तुति को सराहा गया, जिसे महापौर ने आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष को भी सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने नगर निगम और महापौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह संयुक्त प्रयास शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि इसी तरह के प्रयासों से समाज में शिक्षा का स्तर और बेहतर होगा। वहीं



महापौर ने अपने उद्बोधन में अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को बेसिक विद्यालयों से जोड़ें, जहां आधुनिक सुविधाएं और प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी शिक्षा विभाग को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी पार्षदों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार और विकास की आवश्यकता पर जोर दिया।

## मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ, में बेटे के लिवर दान से पिता को मिला नया जीवन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आज़मगढ़,** अप्रैल 15, 2026: हिम्मत, उम्मीद और बेहतरीन इलाज की एक मिसाल में, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के डॉक्टरों ने जटिल लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी के जरिए गंभीर लिवर बीमारी से पीड़ित 52 वर्षीय व्यक्ति की सफलतापूर्वक जान बचाई। अजीजुल्लाह खान, जो आज़मगढ़ के सीताराम क्षेत्र के निवासी हैं, पिछले 3 वर्षों से हेपेटाइटिस बी के कारण हुई डिकम्पेन्सेटेड क्रॉनिक लिवर डिजीज (सीएलडी) से जूझ रहे थे। उनकी स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी, जिसमें पीलिया, पेट में पानी भरना, लगातार बढ़ा हुआ बिलीरुबिन स्तर, कम प्लेटलेट काउंट और गंभीर कमजोरी जैसे लक्षण शामिल थे। उन्हें पोर्टल हाइपरटेंशन के कारण बार-बार खून की उल्टियां यानी हेमैटेमेसिस भी होती थी और उन्हें पोर्टल वेन थ्रॉम्बोसिस यानी आंतों से लिवर तक खून ले जाने वाली मुख्य नस में थक्का भी पाया गया, जिससे उनकी स्थिति और जटिल हो गई। लंबे समय तक इलाज के बावजूद उनकी सेहत लगातार गिरती रही, जिससे उनकी रोजमर्रा की जिंदगी और काम करने की क्षमता पर गहरा असर पड़ा। आखिरी ओर जीवन बचाने के विकल्प के रूप में, उन्हें डॉ. वलीउल्लाह सिद्दीक़ी, डायरेक्टर, हेपेटो-पैनक्रिएटो-बिलियरी एंड लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ, के पास लिवर ट्रांसप्लांट के लिए रेफर किया गया, जो उनके लिए एकमात्र जीवन रक्षक विकल्प था।




एक साहसी और निस्वार्थ कदम उठाते हुए, उनके 22 वर्ष के बेटे, श्री यूसुफ खान, ने अपने लिवर का एक हिस्सा दान करने का निर्णय लिया। कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी, साइ?कियाट्री, न्यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी सहित कई विशेषज्ञताओं द्वारा विस्तृत जांच के बाद, डोनर और रिसीपिएंट दोनों को इस प्रक्रिया के लिए उपयुक्त पाया गया। इस केस पर बात करते हुए, डॉ. वलीउल्लाह सिद्दीक़ी, ने कहा, 'मरीज़ लिवर बीमारी की एडवांस्ड स्टेज में पहुंच चुके थे, जहां ट्रांसप्लांट ही जीवन बचाने का एकमात्र विकल्प था। यह केस खास तौर पर चुनौतीपूर्ण था क्योंकि मरीज में पोर्टल वेन थ्रॉम्बोसिस और हेपेटाइटिस बी से जुड़ी सिरोसिस की समस्या भी बढ़ गई थी। इसके अलावा, डोनर की बाइल डक्ट संरचना काफ़ी कॉम्प्लेक्स थी, जिसके कारण सर्जरी के दौरान दो डक्ट्स को जोड़ना पड़ा, जिससे प्रक्रिया और कठिन हो गई।

लिवर का एक हिस्सा यानी राइट लोब - जिसका वजन 650 ग्राम था, सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया और सर्जरी बिना किसी बड़े ब्लड ट्रांसफ्यूजन की जरूरत के पूरी हुई। सर्जरी के दौरान सब कुछ सुचारु रहा और ऑपरेशन के बाद की रिकवरी बहुत अच्छी रही, जो सटीक योजना, सर्जिकल कुशलता और मजबूत मल्टीडिसिप्लिनरी तालमेल को दिखाता है। ऑपरेशन के बाद, डोनर और रिसीपिएंट दोनों में बहुत अच्छी रिकवरी देखी गई। डोनर को ऑपरेशन के पांचवे दिन डिस्चार्ज कर दिया गया और वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। रिसीपिएंट को उसी दिन वेंटिलेटर से हटाया गया, धीरे-धीरे उन्हें सामान्य खानपान और चलने-फिरने की इजाज़त दी गई, और ऑपरेशन के दसवें दिन स्थिर हालत में डिस्चार्ज कर दिया गया। अब मरीज़ की स्थिति अच्छी है, उनका बिलीरुबिन स्तर सामान्य है, प्लेटलेट काउंट में सुधार हुआ है और लिवर फंक्शन टेस्ट स्थिर हैं, जो एक सहज और बिना किसी जटिलता वाली रिकवरी को दिखाता है। यह केस न केवल मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ, में लिवर ट्रांसप्लांट की उन्नत सुविधाओं का प्रमाण है, बल्कि जटिल लिवर बीमारियों के इलाज में समय पर हस्तक्षेप, अंगदान और विशेष मल्टीडिसिप्लिनरी देखभाल की जरूरत को भी मज़बूत करता है।

## नैनी में धार्मिक कार्यों के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह आयोजित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र में संपन्न हुए विभिन्न धार्मिक कार्यों के उपलक्ष्य में नैनी व्यापार मंडल एवं व्यापार मंडल नैनी के तत्वावधान में एक भव्य सम्मान समारोह एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, समाजसेवियों एवं पत्रकारों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर गणेश केसरवानी उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर विनयानंद महाराज ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम के संयोजक राहुल जायसवाल पत्रकार के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया, जिन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की।इस अवसर पर मुख्य संरक्षक समर बहादुर सिंह, अध्यक्ष नैनी व्यापार मंडल, सुभाष चन्द्र केसरवानी, पार्षद राकेश जायसवाल, संरक्षक विनोद जायसवाल, महामंत्री घनश्याम जायसवाल, त्रिभुवन चौरसिया, भगवत कुशवाहा, धर्मराज पटेल, गोल्डी जायसवाल, नाजिम खान, संदीप कनोजिया, वीरु आर्या, ज्वाय सेन, मनोज विश्वकर्मा, डॉ. राकेश विश्वकर्मा, लाला जायसवाल, राजेश केसरवानी, गुड्डू गैरेज, सुनील सेन एवं जितेन्द्र कुमार सिंह,संजय श्रीवास्तव,नयन कुमार कुशवाहा,बबलू कौशल,सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धार्मिक कार्यों में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया और समाज में उनके योगदान की सराहना की गई। समारोह के अंत में उपस्थित पत्रकारों ने भी कार्यक्रम को व्यापक कवरेज प्रदान किया। यह आयोजन सामाजिक एकता एवं धार्मिक समर्पण का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

### सावित्रीबाई फुले वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा डॉ0 आम्बेडकर की 135 वीं जयंती से मनाई गई



**नैनी, प्रयागराज।** माता सावित्रीबाई फुले वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में संस्था के कार्यालय उमरपुर नीवां में संविधान निर्माता डॉ0 आम्बेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।कार्यक्रम जिसमें सर्वप्रथम संस्थापक की माता माया देवी ने बाबासाहेब अम्बेडकर माता रमाबाई आम्बेडकर, तथागत भगवान बुध्द, माता सावित्रीबाई फुले, राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले जी व अन्य महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। ततपश्चात संस्था की अध्यक्षा पूजा चौधरी व राहुल देव आज़ाद द्वारा केक काटकर बाबा साहेब का जन्मदिन मनाया गया।जयंती कार्यक्रम जिसमे मुख्य रूप से संस्थापक सदस्य सिद्धार्थ सोनकर, राजेश कुमार, विनोद अम्बेडकर, आनन्द व क्षेत्र की महिलाएं मातृ शक्ति व देश के भविष्य बच्चों ने भी कार्यक्रम में बढ़चढ़कर सहभागिता की।

## केपीयूसी छात्रावास में अवैध रूप से रह रहे छात्रों पर कार्रवाई

**● लगभग 45 कमरे कराए गए खाली।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित केपीयूसी छात्रावास में अवैध रूप से निवास कर रहे छात्रों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत अब तक लगभग 45 कमरों को खाली कराया जा चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लंबे समय से छात्रावास में ऐसे छात्र रह रहे थे जिनका नामांकन समाप्त हो चुका था या जिनके पास वैध आवंटन नहीं था। इससे नए और नियमित छात्रों को आवास मिलने में कठिनाई हो रही थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच अभियान शुरू किया।

कार्रवाई के दौरान छात्रावास प्रशासन और सुरक्षा कर्मियों की टीम ने प्रत्येक




कमरे की जांच की। जिन छात्रों के पास वैध दस्तावेज नहीं पाए गए, उन्हें तत्काल प्रभाव से कमरे खाली करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन की सख्ती के बाद कई छात्रों ने स्वेच्छा से कमरे खाली कर दिए, जबकि कुछ मामलों में प्रशासन को बलपूर्वक कार्रवाई करनी पड़ी।

विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और छात्रावास में केवल पात्र एवं नियमित छात्रों को ही रहने की अनुमति दी जाएगी।

साथ ही, भविष्य में इस तरह की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए सख्त निगरानी व्यवस्था लागू की जा रही है। छात्रावास में चल रही इस कार्रवाई से जहां नियमों का पालन सुनिश्चित हो रहा है, वहीं वैध छात्रों को राहत मिलने की उम्मीद भी बढ़ गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### अंबेडकर जयंती पर चाका में निकाली भव्य बाइक रैली



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के चाका में मंगलवार शाम डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में युवाओं द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया।इस रैली में सैकड़ों की संख्या में युवा शामिल हुए। यह रैली चाका क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होकर निकली,जहां लोगों ने भी इसे सराहा।इस आयोजन में मुख्य रूप से मोनू पासी (चाका), बेटू जायसवाल (छोटा बाबा), अंकुर गुप्ता, शनि गुप्ता, राहुल गुप्ता, आदित्य साहू, तनीश श्रीवास्तव सहित कई अन्य युवा उपस्थित रहे।युवाओं ने बताया कि इस तरह के आयोजन से समाज में एकता, जागरूकता और बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है।

## संक्षिप्त खबरें

### करसो पंचायत भवन में आयुष्मान आरोग्य शिविर का हुआ आयोजन, 72 एक्स-रे व 76 मरीजों का हुआ ओपीडी जांच



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के करसो पंचायत भवन में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। शिविर में उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी मुख्य रूप से उपस्थित रहे और स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी की। शिविर के दौरान कुल 72 मरीजों का एक्स-रे किया गया, जिसमें से 18 संदिग्ध मरीजों का स्पुटम टेस्ट के लिए सैंपल लिया गया। इसके अलावा 76 मरीजों का ओपीडी किया गया, जहां सभी का ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन, बीएमआई सहित अन्य आवश्यक जांच की गई। इस अवसर पर उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि टीबी उन्मूलन को लेकर क्षेत्र में लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र को जल्द से जल्द टीबी मुक्त बनाना है, जिसके लिए लोगों की समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। शिविर को सफल बनाने में डॉ. अंकुर विहान, बिजेंद्र कुमार, सुलेखा कुमारी सीएचओ, सोनी कुमारी एएनएम, संतोष कुमार एमपीडब्ल्यू, राहुल कुमार (एलटी), रीमा पांडेय बीटीटी, शैलेन्द्र कुमार एक्स-रे टेक्नीशियन, सूरज कुमार डीईओ, मोहम्मद शमसाद के साथ-साथ सहिया साथी एवं सभी सहिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बुधुडीह में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन, ग्रामीणों व विद्यार्थियों को दी गई कानूनी जानकारी




**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जामताड़ा एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार बुधवार को नारायणपुर प्रखंड के बुधुडीह मोड़ और उत्क्रमित उच्च विद्यालय चैनपुर बोर्ड में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। शिविर में ग्रामीणों और विद्यार्थियों को कानूनी सलाह व परामर्श प्रदान किया गया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय चैनपुर बोर्ड में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक शिक्षक मो. कुर्बान सेख ने किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सोहन मुर्मू सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। पीएलवी शहादत अली ने डीएलएसए की सेवाओं और प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम में बाल विवाह रोकथाम पर विशेष जोर दिया गया। छात्रों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए बताया गया कि यह शिक्षा में बाधा, स्वास्थ्य हानि और कानूनी दंड का कारण बनता है। यह बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। पंचायत भवन बुधुडीह में सप्ताह में दो दिन विधिक सहायता केंद्र संचालित होने की जानकारी भी दी गई, जहां ग्रामीणों को निःशुल्क कानूनी सलाह मिलती है। उपस्थित लोगों को इन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर साहेबराम मुर्मू, राजलीन सोरेन, वरुण कुमार मंडल, जयराम यादव, मुन्ना भंडारी और किसान पंडित सहित कई लोग उपस्थित थे।

### दो वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय में पेश

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के पर्यवेक्षण में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मड़ावरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रज्जू पुत्र वंशी एवं किशोरी लाल पुत्र घनश्याम, दोनों निवासी ग्राम साढ़ूमल थाना मड़ावरा, जनपद ललितपुर शामिल हैं। पुलिस ने दोनों को नियमानुसार गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया। यह कार्रवाई थाना मड़ावरा के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में की गई। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत आगे भी वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास जारी हैं।

# अन्तर्राष्ट्रीय मसलों में भारत की भूमिका आज क्यों नहीं बची है—कहना लेखक की अपरिपक्वता है

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मदन माधुर्य, पाकुड़ियाः-** संथाल हूल एक्सप्रेस विचार पृष्ठ संख्या 08 पर प्रकाशित संपादकीय में लेखक ने आत्म-निरीक्षण का विषय शीर्षक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के लिए यह लिखा है कि यह आत्म निरीक्षण का विषय होना चाहिए कि अन्तर्राष्ट्रीय मसलों में आज भारत की कोई भूमिका क्यों नहीं बची है। वहीं दूसरी ओर यह भी प्रश्न उठाया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर क्यों अलग-थलग नजर आया। लेखक को सर्वप्रथम यह जानकारी लेनी चाहिए कि भारत का पड़ोसी देश पाकिस्तान में वहां के नागरिकों, विशेष रूप से प्रबुद्ध वर्गों में, ईरान-अमेरिका-इजराइल युद्ध में दोहरी भूमिका तथा मध्यस्थता को लेकर पाकिस्तानी सरकार को किस प्रकार कठघरे में खड़ा कर आलोचना की जा रही है। वहीं ऑपरेशन सिंदूर में भारत कब और कैसे अलग-थलग पड़ा—यह स्पष्ट नहीं किया गया है। क्या राष्ट्र की रक्षा भारत दूसरे देशों से अनुमति लेकर करेगा? पाकिस्तान ने एक ओर सऊदी अरब से भारी कर्ज लिया तथा समझौते के तहत तेरह हजार सैनिक और हथियार भी भेजे। परंतु क्या इस स्थिति में ईरान उस पर भरोसा करेगा? जबकि ईरान और अरब के बीच शिया-सुन्नी का पुराना मसला है। इससे पहले पाकिस्तान के मुनीर ने तो पाकिस्तानी शियाओं को ईरान जाने तक की बात कह दी थी। विगत दिनों पाकिस्तान के शियाओं ने बड़ी रैली निकालकर मुल्ला मुनीर को उसकी औकात बता दी।

लेखक को यह भलीभांति समझना चाहिए कि भारत सदैव शांति का पक्षधर रहा है और वर्तमान केंद्र सरकार भी इसी नीति पर चल रही है। यह सत्य है कि भारत की गुटनिरपेक्ष नीति रही है, लेकिन पूर्व की सरकारों ने इसे पश्चिम एशिया की ओर झुकाए रखा। वर्तमान में भारत की नीति राष्ट्रीय हित में है और सभी देशों के साथ मित्रता का भाव रखती है। लेखक का यह कहना कि भारत इन दिनों अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग है, भारतीय दृष्टिकोण से कतई उचित नहीं है, क्योंकि भारत आज किसी भी देश के दबाव में नहीं है। लेखक को यह समझना चाहिए कि यह राष्ट्रीय नीति किसी एक वर्ग को बहलाने के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारत के हित में बनाई गई है। यदि एस. जयशंकर ने पाकिस्तान की दोहरी नीति को दलाली कहा है, तो यह अनुचित नहीं है।

### 326 यूनिट रक्त संग्रह कर रचा इतिहास, हजारीबाग यूथ विंग हुए सम्मानित

**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग यूथ विंग ने 13 अप्रैल को आयोजित रक्तदान शिविर में 326 यूनिट रक्त संग्रह कर जिले का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बनाया। इस उपलब्धि पर सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने संस्था को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है और संस्था का यह प्रयास अत्यंत प्रेरणादायक है। शिविर में रेड क्रॉस सोसाइटी, सदर अस्पताल की टीम और हजारीबाग पुलिस का सहयोग रहा। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि उनका उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता और युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित करना है। अध्यक्ष करण जायसवाल ने इसे सभी सदस्यों और रक्तदाताओं के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने इस पहल को मानवता की सेवा की एक मिसाल बताया।

## सीएचसी नारायणपुर में स्वास्थ्य कर्मियों की समीक्षात्मक बैठक हुई आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** नारायणपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बुधवार को स्वास्थ्य कर्मियों की एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के डब्ल्यूएचओ मॉनिटर शशिभूषण, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ए.के. सिंह, डीपीसी विपीन कुमार, एसटीटी साहीक अली, बीपीएम अखिलेश कुमार सिंह तथा प्रजीत कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी सीएचओ एवं एएनएम को दी गई। विशेष रूप से छूटे हुए बच्चों को नियमित टीकाकरण के अंतर्गत पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों का सर्वे कर उन्हें सीएचसी नारायणपुर या पीएचसी पतरोडीह में ले जाकर एचपीवी (HPV) टीकाकरण कराने पर बल दिया गया। समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन, कुष्ठ जागरूकता तथा नियमित टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की। साथ ही विशेष टीकाकरण अभियान के माध्यम से लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर शांतिलता हेंब्रम, नंदिनी कुमारी, बेबी पुष्पा, सुषमा टुडू, नीलम कुमारी, बसंती मुर्मू, नगमा निगार, सम्मा प्रवीण और शकुंतला शर्मा सहित कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## नोटिस का जबाव न देने पर पुनः सन साइज स्कूल को जारी होगा नोटिस - बीईओ

- **दूसरी नोटिस जारी होने के बाद नोटिस का जबाव न मिलने पर सन राइज स्कूल के खिलाफ होगी कार्रवाई - बीईओ**

**सन राइज स्कूल पर आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में अनियमितता का लगा था आरोप**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**बस्ती।** बस्ती जिले केनगर क्षेत्र खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार त्रिपाठी के द्वारा सन राइज स्कूल को एक सप्ताह पहले कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था और नोटिस का जबाव अभी तक सन राइज स्कूल द्वारा अभी तक खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार त्रिपाठी को नही दिया गया है । निर्धारित समय के अन्दर जारी नोटिस का जबाव न देने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार त्रिपाठी ने नाराज़गी जताई है और पुनः सन राइज स्कूल को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है ।

आपको बता दें कि सन राइज स्कूल रेलवे स्टेशन रोड पर सुशील हीरो एजेन्सी के निकट स्थित है सन राइज स्कूल पर बीते 02 अप्रैल 2026 को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ था सन राइज स्कूल पर अव्यवस्थाओं के बीच वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों और अभिभावकों ने जान जोखिम में डालकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे थे । निर्माणाधीन मकान के बीच में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हुआ था प्रधानाचार्य डा0 फैजल अख्तर ने लोहे की पाइप व बांस की बल्ली के बीच वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में जाने के लिए रास्ता बनाया था ।

सन राइज स्कूल में फैली हुई गन्दगी और अव्यवस्थाओं को लेकर अभिभावकों ने नाराज़गी जताई थी । सन राइज स्कूल का निर्माण कार्य चल रहा है वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान तीन मंजिला मकान कार्य में नीचे से लेकर ऊपर तक लोहे की पाइप और बांस की बल्ली बंधी हुई थी और नीचे चारों तरफ भी ईट , गिट्टी , मोरंग , बालू बिखरा हुआ था। नीचे से लेकर ऊपर 03 मंजिला मकान तक लोहे के पाइप व बांस की बल्ली बंधी हुई थी । अभिभावकों ने सन राइज स्कूल में फैले अव्यवस्था को लेकर प्रशासन से जांच कर कार्यवाही की मांग की थी । नाम न छापने की शर्त पर कुछ अभिभावकों ने कहा था कि छोटे - छोटे बच्चें लोहे की पाइप व बांस की बल्ली के बीच से दौड़ते हुए आ जा रहे थे यदि कहीं किसी लोहे की पाइप व बांस से टकरा गये तो 03 मंजिला मकान में लगा लोहे की पाइप व बांस की बल्ली कभी भी गिर सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था लेकिन भगवान की दया से कोई वार्षिकोत्सव समारोह में कोई अप्रिय घटना घटित नही हुई थी । बच्चों और अभिभावकों के जिन्दगी से खिलवाड़ करने वाले सन राइज स्कूल पर कार्रवाई की मांग की गई थी ।

सन राइज स्कूल के प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने भीड़ बढ़ाने के लिए व बस्ती वासियों को गुमराह करने के लिए अनुराग मिश्रा लखनऊ जादूगर को वार्षिकोत्सव समारोह में बुलाया था । सन राइज स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम कम हुआ था लेकिन जादूगरी ज्यादा हुआ था जिसको लेकर जिले में चर्चा में तरह - तरह की चर्चाएं चल रही थी कि सन राइज स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों का कार्यक्रम कम क्यों हुआ अर्थात् या तो स्कूल बच्चें स्कूल में कम है या सन राइज स्कूल में पढ़ने वाले छात्र - छात्राएं योग्य नहीं थे। मीडिया पड़ताल में सन राइज स्कूल के कारनामों की पोल खुल गई थी और अपने कारनामों को छुपाने के लिए सन राइज स्कूल ने उच्च अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास किया था लेकिन नगर क्षेत्र खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार त्रिपाठी ने सन राइज स्कूल के लापरवाही मामले का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तत्काल नोटिस जारी कर दिया था । निर्धारित समय सीमा में नोटिस का जबाव सन्तोष जनक न मिलने पर सन राइज स्कूल के कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था । उक्त प्रकरण में खण्ड शिक्षा अधिकारी ने फोन के माध्यम से बताया कि सन राइज स्कूल द्वारा अभी तक पूर्व में जारी नोटिस का जबाव नहीं दिया गया है पुनः नोटिस जारी की जा रही है । सन राइज स्कूल के द्वारा जारी नोटिस का जबाव देने के बाद ही अग्रिम कार्यवाही की जायेगी ।

# दबंग भू-माफियाओं के आतंक से सहमा बांसी का दलित परिवार, जिलाधिकारी से गुहार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** कस्बा बांसी के पुराने बार रोड पर स्थित हरिजन बस्ती के निवासियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर भू-माफियाओं और हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ितों का आरोप है कि दबंग उनकी पुस्तैनी जमीनों को फर्जी दस्तावेजों के सहारे हड़पना चाहते हैं और इनकार करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जिलाधिकारी को सौंपे गए पत्र में भैयालाल पुत्र नत्थू एवं अन्य स्थानीय निवासियों ने बताया कि उनका परिवार कई पीढियों से इस स्थान पर निवास कर रहा है। आरोप है कि क्षेत्र के कुख्यात शराब माफिया, भू-माफिया और बी-क्लास हिस्ट्रीशीटर और एक अन्य व्यक्ति ने सरकारी तंत्र से मिलीभगत कर जमीन के फर्जी कागजात तैयार करा लिए हैं। अब इन कागजातों के दम पर गरीब परिवारों से लाखों रुपयों की अवैध मांग की जा रही है और पैसे न देने पर बस्ती खाली करने का दबाव बनाया जा रहा है। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि विपक्षीगणों ने पीड़ितों के घरों पर जाकर उनके साथ गाली-गलौज की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें अपमानित किया। पीड़ितों का कहना है कि कुल्लू महाराज पहले भी कई गरीबों की जमीनें बाहुबल और धनबल के दम पर हड़प चुका है। अब वह पुलिस और प्रशासन में अपनी पैठ का डर दिखाकर इन गरीब मजदूरों को पलायन करने पर मजबूर कर रहा है। मजदूर और गरीब तबके के इन परिवारों ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि उक्त जमीन के कागजातों की पारदर्शी जांच कराई जाए। उन्होंने मांग की है कि भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि वे अपने ही घरों में सुरक्षित रह सकें। पत्र पर भैयालाल समेत बस्ती के कई पुरुषों और महिलाओं के हस्ताक्षर व अंगूठे के निशान मौजूद हैं।

## हजारीबाग में चोरी के जेवर बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ईचाक, हजारीबाग, झारखंडः-** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इचाक थाना क्षेत्र में हुई जेवर चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 07 अप्रैल 2026 को इचाक थाना क्षेत्र के ग्राम हदारी में अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर जेवरात की चोरी की थी। इस संबंध में इचाक थाना कांड संख्या 60/26, दिनांक 13 अप्रैल 2026 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(4)/305(डु) के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान पुलिस ने छापेमारी कर मुख्य आरोपी सुधीर कुमार उर्फ पकोड़ी (पिता- धनेश्वर मेहता, ग्राम- हदारी, थाना- इचाक, जिला- हजारीबाग) को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से चोरी के कई आभूषण बरामद किए गए, जिनमें सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी सोने के कर्णफूल, पिघलाया हुआ सोना (लगभग 12 ग्राम), सोने का हार, पिघलाया हुआ सोना (लगभग 14 ग्राम), चांदी की सिकड़ी, दो लड़ी वाली चांदी की सिकड़ी, एक जोड़ी चांदी की पायल, सोने जैसा कान का टॉप तथा पिघला हुआ सोने जैसा पदार्थ शामिल हैं। बरामद सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग 10 लाख रुपये बताया गया है।

छापेमारी दल में थाना प्रभारी गौतम कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक नन्दकिशोर दास, सुनील शर्मा, सहायक अवर निरीक्षक सच्चिदानंद राय एवं सुरेश कुमार दास सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है, जिसमें एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं। फिलहाल आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है तथा मामले की आगे की जांच जारी है।

### मौलाना आसिम बिहारी की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि, समाज सुधार में योगदान को किया गया याद



मौलाना अली हुसैन आसीम बिहारी

**हजारीबाग, झारखंडः-** पसमांदा मुस्लिम समाज के समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अली हुसैन आसिम बिहारी की जयंती (15 अप्रैल 1890) पर बुधवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस, हजारीबाग के जिलाध्यक्ष मो. जहांगीर अंसारी सहित अन्य लोगों ने उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि मौलाना आसिम बिहारी ने पसमांदा, दलित और पिछड़े मुसलमानों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा मोमिन कॉन्फ्रेंस को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया। 6 दिसंबर 1953 को इलाहाबाद में उनका निधन हुआ। इस अवसर पर समाज के लोगों से उनकी जयंती मनाने और उनके विचारों के प्रचार-प्रसार की अपील की गई।

# गरजामु में बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा का हुआ अनावरण, भव्य समारोह हुआ आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही विधानसभा क्षेत्र के डपोक पंचायत अंतर्गत गरजामु में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा के अनावरण सह जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बरही विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। दोनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से प्रतिमा का अनावरण कर तथा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा बाबा साहेब के जीवन पर आधारित लघु नाटिका का मंचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बमबम कुमार ने किया। आयोजन को सफल बनाने में अंबेडकर क्लब के संरक्षक अर्जुन रविदास, अध्यक्ष अनिल रविदास, उपाध्यक्ष पवन दास, सचिव रूपलाल दास, उपसचिव रविंद्र दास, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, उपकोषाध्यक्ष आकाश कुमार दास सहित अनेक सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभा को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि देश आज बाबा साहेब द्वारा निर्मित संविधान की शक्ति से निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने लोगों से उनके आदर्शों पर चलने, बच्चों को शिक्षित बनाने तथा सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। साथ ही समाज में एकता बनाए रखने पर जोर दिया।

वहीं विधायक मनोज कुमार यादव ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह समाज में समानता स्थापित करने का मजबूत आधार है। उन्होंने भी शिक्षा को जीवन में आगे बढ़ने का सबसे महत्वपूर्ण साधन बताया। समारोह में डपोक पंचायत एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, मोतीलाल चौधरी, गुरुदेव प्रसाद, रंजन चौधरी, मुखिया संघ अध्यक्ष सह मंडल अध्यक्ष विजय यादव, नागेश्वर रजक, समाजसेवी बासुदेव पासवान, क्यूम अंसारी, ढीलो पासवान, रघु मोदी, भूपेंद्र यादव, किशोर राणा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## आदिवासी साफाहोड़ समाज के श्रद्धालुओं ने भक्ति-भाव से किया महादेव-महादेवी का पूजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** पाकुड़िया प्रखंड के खाकसा सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में 14 अप्रैल को बैशाख माह की पावन बेला में आदिवासी साफाहोड़ समाज के श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा और भक्ति-भाव के साथ महादेव एवं महादेवी की पूजा-अर्चना की। प्रखंड के बीच पहाड़ी, खाकसा, श्रीरामपुर तथा अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष बैशाख महीने में समाज के भक्तगण अपने आराध्य देव महादेव एवं आदि माता महादेवी की उपासना कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। इस अवसर पर पाकुड़िया बाजार में विशेष रूप से महिलाओं की भीड़ देखी गई, जो भगवान-भगवती को अर्पित करने हेतु मिष्ठान, फल एवं पूजन सामग्री की खरीदारी करती नजर आई। इस पर्व को स्थानीय रूप से चढ़क पूजा भी कहा जाता है। खाकसा, बीच पहाड़ी और श्रीरामपुर गांवों में इस अवसर पर मेले का आयोजन किया जाता है, जिसे स्थानीय भाषा में पाता मेला कहा जाता है। वर्षों पूर्व इन मेलों में श्रद्धालु अंगारों पर चलकर और एक ऊँचे खंभे पर चरखी बनाकर महादेव के जयघोष के साथ परिक्रमा करते थे। हालांकि, वर्तमान में यह परंपरा बंद हो चुकी है। बुधवार, 15 अप्रैल को बीच पहाड़ी गांव में पाता मेला आयोजित किया गया, जिसके बाद डोमनगड़िया पंचायत के श्रीरामपुर गांव में भी मेला आयोजित होगा। बैशाख माह की संध्या बेला में पाकुड़िया बाजार में बंगला हरि कीर्तन का भी आयोजन किया जाता है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहता है।

### अपना दल (क) के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महेंद्र पटेल का ललितपुर में भव्य स्वागत

**ललितपुर।** अपना दल (कमेरावादी) के प्रदेश अध्यक्ष डा.सी.एल. पटेल की संस्तुति पर महेंद्र पटेल (बरोदा) को ललितपुर जिले का नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पदभार ग्रहण करने के पश्चात जनपद में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका ऐतिहासिक स्वागत किया। रेलवे स्टेशन पहुँचने पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ अपने नए जिलाध्यक्ष का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। यहाँ से महेंद्र पटेल एक विशाल काफिले के साथ रवाना हुए। उन्होंने सामाजिक न्याय और राष्ट्र गौरव के प्रतीक रानी अवंती बाई लोधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, कर्पूरी ठाकुर और बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्तियों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान देवेन्द्र पटेल (जिला महासचिव), सुजान पटेल (कोषाध्यक्ष), सेठ सुजान पटेल, रामस्वरूप पटेल, नत्थू अहिरवार, पुरुषोत्तम प्रजापति, युवा पटेल वाहिनी के सदस्य राजेश, सुनील, महेंद्र, धनीराम, राजेन्द्र यादव, वीर सिंह, भूपेंद्र, नरेंद्र, जाहर सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टीईटी के काले कानून के विरोध में शिक्षक, शिक्षिकाओं ने हाथों में थामी मशाल

- **अखिल भारतीय सयुंक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर द्वितीय चरण के आंदोलन में सम्मिलित हुए हजारों शिक्षक-शिक्षिकाएं**

**अनुभवी शिक्षक का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान के शिक्षकों ने लगाये नारे**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** अखिल भारतीय सयुंक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले राष्ट्रीय आह्वान पर द्वितीय चरण के विरोध प्रदर्शन में सैकडों की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शहर के नगर संसाधन केन्द्र पर एकत्रित होकर टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में हाथों में मशाल व तख्तियां लेकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए एक विशाल मशाल जुलूस निकालकर टीईटी के काले कानून का विरोध जताया। शिक्षक-शिक्षिकाएं टीईटी गो वैक, चोरी से किया गया संशोधन स्वीकार नहीं, टीईटी का काला कानून वापिस लो, अनुभवी शिक्षक का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान। शिक्षक का सम्मान नहीं, तो शिक्षा का उत्थान नहीं के जोशीले स्वर में नारे लगाते हुए निर्धारित मार्ग पर सुव्यवस्थित पंक्तिवद्ध चल रहे थे। शिक्षक- शिक्षिकाओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए टीईटी का विरोध जताया। बताते चलें मशाल जुलूस के महाआंदोलन में हजारों की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एकजुटता दिखाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान अखिल भारतीय सयुंक्त शिक्षक महासंघ जिला संयोजक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (संबद्ध-अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली) जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन ने कहा कि 01 सितंबर 2025 के सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार टीईटी अनिवार्यिता के खिलाफ इस काले कानून के विरोध में सैकडों की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हाथों में मशाल और तख्तियां लेकर सडकों पर उतरकर विरोध दर्ज कराया। सुप्रीम कोर्ट, केन्द्र व राज्य सरकार से इस आंदोलन के द्वारा मांग की गई कि आरटीई अधिनियम लागू होने से पूर्व सेवारत शिक्षक-शिक्षिकाओं को टीईटी अनिवार्यिता से दूर रखा जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन, जिला कोषाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी, अरूण निरंजन, विनय ताम्रकार, सत्येंद्र जैन, विनय रजक, अरविंद सिंह राजपूत, रामरक्षपाल सिंह, मो.मुनीर, आदर्श रावत, अनिल यादव, रामेंद्र यादव, लखनलाल आर्य, इंदर सिंह पटेल, हरिनारायण चौबे, श्याम बिहारी, संजीव सिद्धार्थ, मोहम्मद जाकिर, राजेश साध, हिमांशु मिश्र, जगदीश चौरसिया, रूपसिंह, नरेंद्र पटेल, परशुराम निरंजन, ब्रजेश चौरसिया, राममिलन रजक, रामरक्षपाल राजपूत, रामसेवक निरंजन, संतोष सिद्दीकी, डा. स्मिता जैन, बली हुसैन, विनय रजक, राजीव बजाज, प्रद्युम्न जैन, धर्मेंद्र जैन, पुष्पेंद्र जैन, संतोष निरंजन, संजय कुशवाहा, संजीव टडैया, मनोज किलेदार, सचिन, अरविंद राजपूत, दयाशंकर रजक, दीप्ति रानी गुप्ता, नीलम ताम्रकार, अनामिका निरंजन, सुमनलता सेन, कविता साहू, संतोषी, मनीषा राजेंद्र राठौर, अभिषेक राजपूत, अविनेश कुमार, संजय कुशवाहा, दिवाकर शुक्ला, अरविंद सिंह, बाबूलाल वर्मा, ध्यानचंद, महेंद्र पंथ, मनीराम, गोरी शंकर सेन, गिरीश साहू, राजीव बजाज, हाकिम सिंह यादव, राघवेंद्र, बाबूसिंह राठेर, गणेश कुमार, स्वदेश भूषण, पंकज जैन, अंतिम जैन, संजय विजरोनिया, संतोषी, नविता शर्मा, रितिका मिश्रा, नीलम गुप्ता, बबीता बुंदेला, अरुणा पाठक, रितु कुशवाहा, विमलेश सोनी, चित्र तिवारी, रोशनी, प्रियंका, विनीता, रचना, बबीता, सोनाली, अनुराधा मोदी, स्वेता मलैया, रजनी, गायत्री, अमित बबेले, संदीप नामदेव, महेश निरंजन, रमाकांत, रामेश्वर, सुरेश रजक, राजेश अनुरागी, जयप्रकाश रजक, करन लाल, अशोक, भगीरथ, प्रदीप राठौर, सुरेश कुमार, कल्यान सिंह, जेपी गौतम, दिलीप सेन, परिवेश मालवीय, टीकाराम अहिरवार, राजेश निरंजन, उदयभान सिंह, पुरुषोत्तम, राजकुमार झां, मो.असलम, इंद्रपाल निरंजन, रविंद्र निरंजन, बृजेश झां, पुष्पेंद्र पटेल, सूरज राजवंश, हिमांशु पटेल, मयंक, निशांत कुमार, चंद्रकुमार राजपूत, मुकेश कुशवाहा, महेंद्र, ललित, देवेंद्र कुशवाहा, सुरेश निरंजन, सुजान सिंह, राजेश अनुरागी, दीपेंद्र पुरिहित, अमन नामदेव, ब्रजेन्द्र सिंह, मथुरा दास, राघवेंद्रसिंह, रामनरेश जाट, अयूब खान, राजेश वर्मा के अलावा हजारों की संख्या में शिक्षक- शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रीपेड स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं ने फिर किया प्रदर्शन

कोंच(जालौन)- प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इन मीटरों के खिलाफ बुधवार को महिलाओं और स्थानीय लोगों ने तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। नगर के विभिन्न मोहल्लों से बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष तहसील पहुंचे और स्मार्ट मीटर हटाने की मांग को लेकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने से आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि पहले से ही महंगाई के कारण घर का बजट संभालना मुश्किल हो रहा है, ऐसे में प्रीपेड मीटर व्यवस्था से उन्हें और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली का उपयोग जरूरत के हिसाब से होता है, प्रीपेड सिस्टम से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। कई जगहों पर स्मार्ट मीटर में रीडिंग और बिलिंग को लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं। ऐसे में बिना जन सहमति के मीटर लगाया जाना ठीक नहीं है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जब तक लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम ज्योति सिंह को ज्ञापन देकर स्मार्ट मीटर हटाने और पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग की। एसडीएम ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त करते हुए विद्युत एसडीओ रवींद्र कुमार को तत्काल शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### बिजली अव्यवस्थाओं को दुरुस्त किए जाने हेतु एसडीएम ने विभागीय अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश



**कोंच (जालौन)**- कस्बा कोंच सहित तहसील क्षेत्र के गांवों में गर्मी के दिनों में बिजली अव्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त कर आमजन को निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान किए जाने की मंशा से एसडीएम ने बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। अपने कार्यालय में बैठक करते हुए एसडीएम ज्योति सिंह ने बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिधर भी टेढ़े पोल लगे हैं उन्हें दुरुस्त किए जाएं, साथ ही जर्जर लाइनें ठीक की जाए। इसके अलावा मोबाइल ट्रांसफार्मर गतिशील अवस्था में रखा जाए ताकि किसी जगह का ट्रांसफार्मर खराब होने पर उसके स्थान पर मोबाइल ट्रांसफार्मर रखा जा सके। स्मार्ट मीटर से अधिक बिल आने की शिकायतों का तत्काल ही निवारण करें और आंधी में क्षतिग्रस्त बिजली उपकरणों को समय से ठीक किया जाए। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। इस दौरान एसडीओ रविंद्र सिंह, जेई अमन पांडेय, अमन खान आदि विभागीय कर्मी मौजूद रहे।

### आग लगने से बैटरी चालित स्कूटी जलकर हुई खाक

**कोंच(जालौन)**- कस्बे के नदीगांव रोड पर मंगलवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बाजार में खड़ी एक बैटरी चालित स्कूटी में अचानक भयंकर धुआं निकलने लगा जिससे लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि आसपास के दुकानदारों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाई जिससे बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के मुताबिक, लहार निवासी इश्तहाक मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे कोंच नगर के बाबू पैलेस के पास बाजार करने आए थे। बताया जा रहा है कि वह अपनी बैटरी वाली स्कूटी को सड़क किनारे खड़ी कर पास की दुकान से सामान लेने चले गए। इसी दौरान अचानक स्कूटी से धुआं उठने लगा और कुछ ही क्षणों में स्कूटी में आग लग गई। आग लगते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद दुकानदार और राहगीर घबरा गए। लोगों ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए बाल्टियों और पाइप से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। कुछ देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो पास खड़े अन्य वाहनों और दुकानों तक आग फैल सकती थी, जिससे बड़ा नुकसान हो सकता था। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन स्कूटी पूरी तरह जल गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार बैटरी में शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी के कारण आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

## थम नहीं रहा है करहिया राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय व एएनएम सेंटर कार्यरत चिकित्सकों व कर्मचारियों की मनमानी

- केन्द्र पर लटक रहा ताला, डॉक्टर सहित अन्य कर्मचारी गायब

**ग्रामीणों ने किया दूसरी बार प्रदर्शन, स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ लोगों का फूटा गुस्सा**

**स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे, ग्रामीणों ने किया कार्रवाई की मांग**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश**- दुद्धी तहसील व विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत करहिया में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय और चिकित्सा उप केन्द्र / एएनएम सेंटर में कई वर्षो से लटक रहा है ताला और वहीं डॉक्टर व एएनएम सहित अन्य नदारत। बतातें चलें कि जनपद का सबसे पिछड़ा व आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र दुद्धी तहसील व विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत करहिया का सबसे बड़ा चौकाने वाला मामला सामने आया है जहाँ एक तरफ सूबे के मुख्यमंत्री आदिवासियों के लिए तरह तरह की योजनाएं व स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए कटिवद्ध है वहीं राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में नियुक्त होम्योपैथिक चिकित्सक कई वर्षो से गायब हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार कई वर्षो से घर बैठे बैठे वेतन उठा रहे हैं और जिम्मेदार चुप्पी साधे बैठे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि न तो उप केन्द्र पर एएनएम हैं और न ही होम्योपैथिक चिकित्सक व अन्य स्टॉफ जिससे लोगों को ईलाज व टिकाकरण प्रभावित हो रहा है। बतातें चलें कि उक्त स्वास्थ्य केंद्र अपनी दुर्दशा पर आँसू बहा रहा है और केन्द्र पर गंदगी और झाड़ियों को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। जिसके क्रम में बुधवार को सुबह लगभग 11.30 बजे समाजसेवी कुंदन यादव की अगुवाई में जोरदार प्रदर्शन कर तत्काल लापरवाह गायब होम्योपैथिक चिकित्सक सहित अन्य कर्मचारी व एएनएम .के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग किया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि होम्योपैथिक चिकित्सक सहित अन्य स्टॉफ वर्षो से घर बैठे वेतन ले रहे है और जनपद के संबंधित अधिकारी चुप्पी साधे हुए कागजी कोरम पूरा करने में मशगुल हैं। बतातें चलें कि कुछ दिन पूर्व स्थानीय लोगों द्वारा संबंधित चिकित्सक व अन्य के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया गया था जिसकी खबर समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी जिसके क्रम में खबर का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारी कागजी कोरम पूरा करने करहिया पहुंचे। वहीं स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि खबर प्रकाशित होने के बाद पहले उक्त केन्द्र पर डॉक्टरों की टीम पहुंचती है उसके कुछ देर बाद जाँच अधिकारी की टीम पहुंची पर ठोस कार्रवाई नहीं दिखा।वहीं स्थानीय निवासी रामनिहोर ने बताया कि कई वर्षो से राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय और उप केन्द्र / एएनएम सेंटर करहिया वीरान पड़ा है जिससे स्थानीय लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है जिससे राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सा से मिलने वाला लाभ व बच्चों / गर्भवती महिलाओं का टिकाकरण प्रभावित हो रहा है और खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभाग के कर्मचारी स्थानीय लोगों से साईन कराने में ब्यस्त हैं ताकि उनका वेतन आहरण हो सके। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी के नाम शिकायती पत्र लिखकर ध्यान आकृष्ट कराते हुए संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई और डॉक्टर सहित अन्य कर्मचारियो व एएनएम की उपर नकेल कसने की मांग किया है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से कुंदन, रामनिहोर, बाबूलाल , देवकुमार, बजरंगी , द्वारिका , ब्रह्मदेव , रामनिहोर आदि शामिल रहे । इस बावत मुख्य चिकित्साधिकारी पी के राय ने सेल फोन पर बताया कि उक्त सेंटर पर फर्मासिस्ट व सीएचओ की नियुक्ति है बहरहाल मामले की जाँच व स्पष्टीकरण के लिए सीएचसी अधीक्षक को निर्देशित करने की बातें कही। वहीं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी ने कहा कि खबर प्रकाशित होने के बाद जाँच के क्रम में कुछ दिन पूर्व उक्त केन्द्र पर गया था जहाँ संबंधित चिकित्साधिकारी सहित फर्मासिस्ट, चतुर्थ श्रेणी मार्च महीनें का वेतन अवरूद्ध करते हुए स्पष्टीकरण के साथ साक्ष्य माँगा गया है उसके बाद ही आगे की कार्यवाही की जायेगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या योगीराज में गायब चिकित्सक व कर्मचारियों के ऊपर कार्रवाई होती है या सरकारी फाईलों में दबकर रह जायेगा।

## खेत में गेहूं हार्वेस्टिंग दौरान लगी आग

- आग से हार्वेस्टर सहित 10 बीघा का गेहूं जलकर खाक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**कोंच(जालौन)**- बदनपुरा मौजा स्थित एक खेत में गेहूं की हार्वेस्टिंग के दौरान अचानक आग लग जाने से हार्वेस्टर सहित सारा गेहूं जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड गाड़ी ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझाई।

जानकारी के अनुसार कोंच बदनपुरा मौजे में नया पटेल नगर निवासी रविंद्र और पप्पू का संयुक्त रूप से 10 बीघा का एक खेत है। खेत में गेहूं की फसल बोई गई थी। गत दिनों पूर्व हुई ओलावृष्टि में आधी से अधिक फसल नष्ट हो गई थी। थोड़ी बहुत जो फसल नष्ट होने से शेष बच गई थी उसकी बुधवार की दोपहर में हार्वेस्टिंग हो रही थी। बताया जा रहा है कि अचानक हार्वेस्टर में से चिंगारी निकली और आग लग गई। पल भर में ही आग ने हार्वेस्टर को अपनी चपेट में ले लिया जिससे हार्वेस्टर सहित उसकी टंकी में भरा करीब 8 कुंतल गेहूं जलकर खाक हो गया। पास में ही स्थित बस्ती के लोग दौड़ कर खेत पर पहुंचे और फायर स्टेशन को सूचना दी। जब तक फायर ब्रिगेड गाड़ी आ पाती तब तक लोग ट्रेक्टर- ट्रॉली में समरसेबिल से पानी भर भर कर आग बुझाने की कोशिश करने में जुट गए, साथ ही प्लाऊ से खेत की पराली युक्त मिट्टी को उलट-पलट करने लगे जिससे आग आसपास के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को अपनी चपेट में नहीं ले सकी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड गाड़ी ने धू-धू कर जल रहे हार्वेस्टर की आग बुझाई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पीड़ित किसान/खेत मालिकों रविंद्र और पप्पू ने बताया कि करीब-करीब पूरे खेत की फसल हार्वेस्टर से कट चुकी थी और सारा गेहूं हार्वेस्टर के टैंक में भरा हुआ था। उन्होंने बताया कि ओलावृष्टि में फसल पहले ही नष्ट हो चुकी थी जिससे करीब 8 कुंतल गेहूं ही शेष बचा था लेकिन वह भी आग की भेंट चढ़ गया जिससे उन्हें भारी आर्थिक क्षति पहुंची है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के प्रचार हेतु एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा भव्य नारी शक्ति पदयात्रा आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ओबरा / सोनभद्र** – बुधवार दिनांक 15 अप्रैल 2026 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा सोनभद्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक भव्य नारी शक्ति पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनसीसी (NCC) एवं एनएसएस (NSS) के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज में जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया। पदयात्रा का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर से हुआ, जिसमें सैकड़ों स्वयंसेवकों ने हाथों में बैनर लेकर नगर के प्रमुख मार्गों से होकर रैली निकाली। नारी सम्मान, देश का अभिमान, महिलाओं को अधिकार, तभी होगा देश सशक्त जैसे नारों के माध्यम से लोगों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) प्रमोद कुमार ने बताया कि यह अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में समान भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान एवं समानता की भावना विकसित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने अनुशासन एवं उत्साह के साथ पदयात्रा को सफल बनाया। नगरवासियों ने भी इस अभियान की सराहना की और महिला सशक्तिकरण के इस प्रयास में अपना समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूक रहने एवं दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। यह पदयात्रा समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में एक प्रभावी पहल साबित होगी । उक्त अवसर पर डॉ संतोष कुमार सैनी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ सचिन कुमार, डॉ संघमित्रा, डॉ अंजलि मिश्रा इत्यादि प्राध्यापक गणों के साथ-साथ कार्यालय अधीक्षक श्री राजेश्वर रंजन, धर्मेंद्र कुमार, महेश पांडेय, सरफुद्दीन, मनीष, अरुण इत्यादि कर्मचारीगण अमित, पायल, खुशी, काजल, सूरज, आकाश, प्रियंका, खुशबु, आकांक्षा, प्रीति, अदिति, रघुराज, साधना,अमन इत्यादि भारी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## सफाई कर्मचारियों के हित में 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों ने वाल्मीकि समाज एवं सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश सरकार के समक्ष अपनी मांगें उठाई। संघ के राष्ट्रीय महासचिव कुंजबिहारी बावरा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनीत बाबा वाल्मीकि तथा जिलाध्यक्ष आदर्श करोसिया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) लाला जी प्रसाद निर्मल तथा पूर्व सदस्य सफाई कर्मचारी आयोग मुन्ना सिंह धानुक से भी भेंट कर 14 अप्रैल 2025 को अपनी मांगों से अवगत कराया। ज्ञापन में सफाई कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए सात सूत्रीय मांगें रखी गई। पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2006 में नियुक्त सफाई कर्मचारियों ने लगभग 20 वर्षो की सेवा पूर्ण कर ली है, इसलिए उन्हें नियमित किया जाना न्यायसंगत है। साथ ही नगर निगम एवं नगर पालिकाओं में प्रचलित ठेका प्रथा को समाप्त कर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को नियमित करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। संघ ने संविदा पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों की मृत्यु के बाद उनके आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति देने की व्यवस्था लागू करने की मांग की। इसके अतिरिक्त आर्थिक रूप से कमजोर सफाई कर्मचारियों की पुत्रियों के विवाह हेतु विभागीय सहायता राशि प्रदान करने की बात भी कही गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यरत आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को अधिकारियों द्वारा बिना कारण हटाए जाने की शिकायतें सामने आती रहती हैं। ऐसे में कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट नियम बनाए जाने की आवश्यकता जताई गई। संघ ने संविदा एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को भविष्य निधि सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ देने की मांग भी उठाई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की पहल का उल्लेख करते हुए वाल्मीकि समाज की बेरोजगार महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर आउटसोर्सिंग सफाई कार्य में रोजगार देने की मांग रखी गई।

## सपा छात्र सभा के प्रदेश महासचिव ने ली समीक्षा बैठक

**कोंच( जालौन )**- समाजवादी पार्टी के फ्रंटल संगठन छात्र सभा के प्रदेश महासचिव विक्रम परिहार ने बैठक लेकर जिला संगठन की समीक्षा की। नगर में पहाड़गांव रोड पर स्थित एक विवाह घर में बुधवार को जिला संगठन की समीक्षा बैठक लेने आए प्रदेश महासचिव ने संगठन स्तर पर चलाए गए कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि सपा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों के प्रति जागरूक कर छात्रों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने का काम करें। छात्र छात्राओं के हित में पूर्ववर्ती सपा सरकार में चलाई गईं कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करें। आगामी विधानसभा आम चुनाव की तैयारियों में अभी से जुटें। इससे पहले छात्रसभा जिलाध्यक्ष रामानंद कुशवाहा एवं सपा नगर अध्यक्ष सभासद अमित यादव की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महासचिव का भव्य स्वागत सम्मान किया। संचालन कौशल प्रजापति ने किया।

## संत समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी पर हिंदू महासभा ने पुलिस को दिया शिकायती पत्र

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)**- संत समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर अखिल भारत हिंदू महासभा गुस्से में लाल है। संगठन के जिलाध्यक्ष रामभूषण उदैनिया ने कोंच कोतवाली में एक शिकायती पत्र देकर यूट्यूबर गौतम खट्टर के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

संगठन ने आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में जगद्गुरु स्वामी चक्रपाणि महाराज, श्री जूना अखाड़ा, अखाड़ा परिषद तथा संत समाज के विरुद्ध आपत्तिजनक, भ्रामक और मानहानिकारक टिप्पणियां की गई हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक एवं यूट्यूब पर प्रसारित एक वीडियो में यूट्यूबर गौतम खट्टर द्वारा जगद्गुरु स्वामी चक्रपाणि महाराज के विरुद्ध कथित रूप से असत्य और दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाए गए हैं। संगठन का कहना है कि इससे न केवल स्वामी जी की व्यक्तिगत छवि को नुकसान पहुंचा है, बल्कि संत समाज एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रति भी नकारात्मक माहौल बनाने की कोशिश की गई है। संगठन के अनुसार, जगतगुरु स्वामी चक्रपाणि जी महाराज ने राम जन्मभूमि मामले में सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की थी। साथ ही, उन्होंने कथित रूप से राष्ट्रविरोधी तत्वों और आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई, जिसके चलते उन्हें कई बार जान से मारने की धमकियां भी मिलीं। सुरक्षा कारणों से उन्हें केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2015 से जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। संगठन ने इसे सुनियोजित षड्यंत्र बताते हुए इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापक जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियमः महिलाओं ने स्कूटी रैली निकाल कर किया समर्थन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**कोंच(जालौन)**- 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' का महिलाओं ने स्कूटी रैली निकालकर समर्थन किया। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित इस ऐतिहासिक कानून, जिसमें महिलाओं को राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है।

नगरपालिका परिसर से शुरू हुई स्कूटी और बाइक रैली में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। रैली मुख्य मार्गों से होते हुए चंदकुआं, पावर हाउस और बजरिया मार्ग से गुजरती हुई हाटा स्थित सद्भाव मंडपम पर जाकर खत्म हुई। इस दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाए और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को महिलाओं के अधिकारों की दिशा में बड़ा कदम बताया। रैली के समापन पर सद्भाव मंडपम में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' विषय पर संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में उनके जीवन और योगदान पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बबीना कृष्णपाल राजपूत ने डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि विधायक मूलचंद्र निरंजन ने महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने में समावेशी शिक्षा की भूमिका को अहम बताया और महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। इस दौरान अनुसूचित वर्ग के पूर्व प्रधानाचार्य ओमप्रकाश, रवींद्रनाथ, देशराज रजक, मीरा बाल्मीकि, सीमा अहिरवार, राममूर्ति बाल्मीकि, मीरा, रामबाबू आदि को शॉल और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। संचालन कार्यक्रम संयोजक अनिल वर्मा ने किया, अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने की। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, शशि सोमेल, अशोक राठौर, पुष्पेंद्र सेंगर, ब्लॉक प्रमुख रानी देवी, राजेंद्र दुबे, दीपक गर्ग, सौरभ पुरवार, कुलदीप, राजेश्वरी यादव, नरेश वर्मा, बादाम कुशवाहा, रवि कुशवाहा, प्रदीप वर्मा, धर्मेंद्र राठौर, मीरा चंदेरिया, मधु सोनी, संगीता पटेल, इच्छा पटेल, अरुणा, उर्मिला सोनी, सोनिया, हिमानी राठौर, राममूर्ति, ज्योति आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का संवेदनशील श्रवण, त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** – बुधवार दिनांक 15.04.2026 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई कार्यक्रम पुलिस और जनता के मध्य विश्वास, संवाद एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है। आमजन की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं संतोषजनक समाधान ही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## जखौली गांव में आबादी से शराब ठेका हटाने की महिलाओं ने उठाई आवाज

**महिलाओं ने एसडीएम को दिया शिकायती पत्र**

**कोंच(जालौन)**- जखौली गांव में आबादी के बीच में खुले शराब के ठेके को हटाए जाने की मांग करते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है। तहसील क्षेत्र के जखौली गांव की तमाम महिलाओं ने बुधवार को तहसील पहुंचकर एसडीएम ज्योति सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में आबादी के बीच में शराब का ठेका खुला हुआ है। ठेके पर और इसके आसपास पूरे दिन लोगों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे लोगों खासकर महिलाओं, छात्राओं एवं बच्चों को मौके से आने-जाने में हर स्तर पर परेशानी उठानी पड़ रही है। उक्त ठेके से बमुश्किल 800 मी. की दूरी पर ही स्कूल और मंदिर भी है। ठेके के आसपास जमावड़ा लगाने वाले लोग आपस में गाली गलौज कर एक दूसरे के साथ अभद्रता करते रहते हैं जिससे महिलाओं और छात्राओं को हर समय शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। इतना ही नहीं शराब पीने वाले लोग ठेके के आसपास सार्वजनिक जगह पर गंदगी भी फैलाते हैं। महिलाओं ने आबादी क्षेत्र से अन्यत्र स्थान पर ठेका का संचालन किए जाने की मांग एसडीएम से की है। एसडीएम ने जांच के उपरांत उचित कार्यवाही अमल में लाए जाने का भरोसा शिकायतकर्ता महिलाओं को दिया है।

### ओबरा पुलिस ने किया 154 अभियोगों से संबंधित अवैध शराब नष्ट

**ओबरा / सोनभद्र** – पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के कुशल निर्देशन में ओबरा पुलिस द्वारा न्यायालय के आदेश के अनुपालन में विनिष्टीकरण की कार्यवाही संपन्न कराई गई। उक्त कार्यवाही के अंतर्गत थाना ओबरा पर पंजीकृत कुल 154 अभियोगों से संबंधित बरामद माल का नियमानुसार निस्तारण किया गया, जिसमें लगभग 1500 लीटर कच्ची शराब एवं 11500 लीटर अंग्रेजी शराब को मा0 न्यायालय एफटीसी सोनभद्र के आदेशानुसार विनष्ट किया गया। यह कार्यवाही पूर्ण पारदर्शिता एवं विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए अभियोजन अधिकारी, उप जिलाधिकारी ओबरा एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार की उपस्थिति में संपन्न कराई गई।

**कार्यालय-ग्राम पंचायत कठेला शर्की वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक: मेमो/निविदा/सामग्री/2026-27**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कठेला शर्की द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना ( VB- G RAMG )/पन्द्रहवां वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन एस.एल.डब्ल्यू.एम. सांसद/विधायक/ एम.एल.सी निधि आदि योजना अंतर्गत वर्ष 2026-2027 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (प्रथम श्रेणी ईट, सीमेण्ट ईट की गिट्टी, पत्थर की गिट्टी, सरिया, पैंट, साइनबोर्ड, हयूमपाइप, स्ट्रीट लाईट, सफाई सामग्री, ठेला, सादा बालू मोरंग, कुढ़ापात्र, प्लास्टिक बैंक, ई-रिक्शा, साइकिल, ई-रिक्शा मरम्मत, स्वच्छता किट, इन्सीनीरेटर आदि एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। इस निमित निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक. 29-04-2026 को 12:00 बजे तक आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म रूपयां 100.00 रु. स्टाम्प पेपर तथा वांक्षित प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय स्थान ग्राम पंचायत कठेला शर्की निविदा बाक्स में डाला जाएगा। निविदा उसी दिन 04:00 बजे निविदाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

1. अधिकृत फर्म/अधिकृतं डीलर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है 03 वर्ष का आयकर क्लियरेंश संलग्न करना अनिवार्य है।
2. जी.एस.टी. तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर ही दरें प्रस्तुत की जाय।
3. आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2.28 प्रतिशत आयकर / टीडीएस देना होगा।
4. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगी। पी. डब्लू डी के समयानुसार तय दर पर ही भुगतान की जाएगी।
5. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, टीए, अवर अभियन्ता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
6. धरोहर की धनराशि मु. 5000.00 (पांच हजार) है।
7. धरोहर की राशि राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफडीआर/एनएसेंसी एवं डाकघर के बचत पत्र जो सचिव ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो की। मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8. निविदा स्वीकृत होने के उपरांत ग्राम प्रधान / सचिव ग्राम पचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
9. आदेश देने के सात दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जप्त कर ली जाएगी।
10. सामग्री की आपूर्ति स्वीकृतदर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
11. सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान का. इंजिनियर/अवर अभियन्ता (ग्रा.अभि.वि ) / तक. सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर भुगतान नहीं की जायेगा।
13. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपंत्र 100.00 रुपये है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।
15. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान सचिव ग्राम पंचायत के पास होगा।
16. निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत कठेला शर्की से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
17. जिस कार्य कि निविदा पृथक से निकाली जाएगी उस कार्य पर इस निविदां की शर्ते लागू नहीं होगी।

**रीमा**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत कठेला शर्की**
**विकास खण्ड- इटवा, सिद्धार्थनगर**

**अनूप रावत**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत कठेला शर्की**
**विकास खण्ड- इटवा, सिद्धार्थनगर**

## संक्षिप्त खबरें

### छत काटकर शोरूम में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



शोरूम में नगदी चोरी का खात्मा

**कानपुर।** कमिश्नरेट पुलिस ने छत काटकर ऑटोमोबाइल शोरूम में चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। जानकारी के अनुसार, बीते दिनों पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदोरिया के ऑटोमोबाइल शोरूम में छत काटकर घुसकर नगदी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी राजीव सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। उपनिरीक्षक सैय्यद गुलाम अब्बास की सूझबूझ और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने घाटमपुर के कठेठा क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी राम नरेश संखवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की वारदातों में शामिल अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### कानपुर पुलिस में बड़ी कार्रवाई: 50 कर्मियों का अतिरिक्त वेतन रोका, 4 निलंबित

**कानपुर।** पुलिस विभाग में अनियमित वेतन भुगतान के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। करीब 50 पुलिसकर्मियों का अतिरिक्त वेतन रोक दिया गया है, जो उन्हें नियमों के विरुद्ध मिला था। जांच में सामने आया कि कुछ पुलिसकर्मी लंबी छुट्टी पर होने के बावजूद वेतन ले रहे थे। इस दौरान उन्हें एक माह का अतिरिक्त भुगतान भी कर दिया गया था। मामला उजागर होने के बाद विभाग ने तत्काल प्रभाव से वेतन की वसूली शुरू कर दी है। इस प्रकरण में एक कांस्टेबल और एक हेड कांस्टेबल को निलंबित किया गया है, वहीं दो एएसआई रैंक के अधिकारियों पर भी कार्रवाई करते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, सभी निलंबित कर्मचारियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है और दोष सिद्ध होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वित्तीय अनियमितताओं को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### स्कूल चलो अभियान रैली को बीईओ ने दिखाई हरी झंडी




**सिद्धार्थनगर/** नगर पंचायत उस्का बाजार अंतर्गत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द में बुधवार को स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवना किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर गांव में भ्रमण किया । तख्तियों पर लिखे प्रेरणादायक स्लोगन जैसे– सब पढ़ें, सब बढ़ें, शिक्षा है जीवन का आधार, हर बच्चा स्कूल जाए आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। रैली के दौरान अभिभावकों से अपने बच्चों का समय पर विद्यालय में नामांकन कराने तथा नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की गई। बीईओ ने रैली के साथ पूरे गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया, कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार है और सभी अभिभावकों का दायित्व है कि वे अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें। साथ ही संचारी रोगों से बचाव के लिए साफ-सफाई, स्वच्छ जल एवं स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक बालजीत कुमार, अभय श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्र, अमित, चंद्रजीत, सुप्रिया, अर्पिता, अर्चना, शीला, हरिकेश, राजाराम आदि उपस्थित रहे।

# 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' से बदली किसान की किस्मत, स्प्रिंकलर से पानी-बिजली में 50% तक बचत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना का असर अब गांवों में साफ दिखने लगा है। सरसौल ब्लॉक के पाली भोगीपुर गांव के प्रगतिशील किसान राम जीवन ने आधुनिक स्प्रिंकलर तकनीक अपनाकर न केवल अपनी आमदनी बढ़ाई है, बल्कि पानी और बिजली की बचत का भी उदाहरण पेश किया है। राम जीवन ने बताया कि पहले पारंपरिक सिंचाई पद्धति में काफी पानी बर्बाद हो जाता था, लेकिन अब स्प्रिंकलर प्रणाली से फसलों को जरूरत के अनुसार पानी मिल रहा है। इससे पानी की खपत में करीब 50 प्रतिशत तक कमी आई है और फसल की गुणवत्ता भी बेहतर हुई है।



पहले जहां 8.5 बीघा खेत की सिंचाई के लिए 10 एचपी की मोटर घंटों चलानी पड़ती थी, अब वही काम 5 एचपी की मोटर से कम समय में पूरा हो रहा है। इससे बिजली खर्च में भी बड़ी बचत हुई है। स्प्रिंकलर के जरिए पानी सीधे पौधों तक पहुंचता है, जिससे कम पानी में अधिक क्षेत्र की सिंचाई संभव हो पा रही है। राम जीवन ने बताया कि इस सिस्टम को लगाने में सरकार की ओर से 90 प्रतिशत अनुदान मिला, जिससे लाखों रुपये की लागत वाला यह सिस्टम उन्हें मात्र 27 हजार रुपये में उपलब्ध हो गया। किसान की इस सफलता से क्षेत्र के अन्य किसानों में भी आधुनिक तकनीक अपनाने की रुचि बढ़ी है। यह पहल न केवल खेती को लाभकारी बना रही है, बल्कि गिरते भूजल स्तर को बचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही।

### बाबासाहेब अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई

**ललितपुर।** नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन शाखा के तत्वावधान में स्थानीय शाखा कार्यालय पर भारत रत्न डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। अध्यक्षता कार्यकारी शाखा अध्यक्ष शांतनु पुरोहित ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता नितिन शर्मा, मनोज तिवारी एवं राजेंद्र मीणा सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबासाहेब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने उनके विचारों को अपनाने और सामाजिक समरसता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुरुषोत्तम मीणा (एसएससी जनरल), पूरनलाल (शाखा उपाध्यक्ष), सुभाष यादव (शाखा कोषाध्यक्ष), राजेंद्र मीणा (सहायक शाखा सचिव), कैलाश नारायण (शाखा उपाध्यक्ष), प्रेमचंद मीणा (सहायक शाखा सचिव), जितेंद्र नामदेव, मथुरा मीणा, नितिन मालवीय, रिपु सुदन प्रसाद, बने सिंह मीणा, अजय कुमार, रूपेश कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फर्जी बिल्टी बनाकर 2 करोड़ का गबन, अकाउंटेंट गिरफ्तार; नकदी और लैपटॉप बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर के जाजमऊ क्षेत्र स्थित एक निजी फर्म में करीब 2 करोड़ रुपये के गबन का मामला सामने आया है। आरोप है कि फर्म के अकाउंटेंट ने फर्जी ट्रांसपोर्ट बिल्टी और दस्तावेज तैयार कर कंपनी के खातों से बड़ी रकम निकाल ली। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, वाजिदपुर स्थित इनायत ओवरसीज फर्म के संचालक मोहम्मद शाहनवाज ने आरोप लगाया है कि उनके यहां कार्यरत अकाउंटेंट सुरेश कुमार, जो पिछले पांच वर्षों से ट्रांसपोर्ट भुगतान का काम देख रहा था, ने फर्जी बिल्टी बनाकर भारत, एसएएफ और एसएन ट्रांसपोर्ट के नाम से भुगतान दिखाया। इन फर्जी एंट्री के जरिए उसने करीब 2 करोड़ रुपये से अधिक की रकम निकाल ली। गड़बड़ी का शक होने पर फर्म ने जब रिकॉर्ड की जांच कराई तो बड़े पैमाने पर गबन का खुलासा हुआ। पूछताछ में आरोपी ने पैसे निकालने की बात स्वीकार कर ली है।



पुलिस अब पिछले पांच वर्षों के पूरे लेनदेन की जांच कर रही है, जिससे वास्तविक गबन की कुल राशि का पता लगाया जा सके। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी ने रकम अपने और पत्नी आरती के खातों में ट्रांसफर की। इस पैसे से उसने गहने खरीदे, जमीन ली और अन्य खर्च किए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 17.95 लाख रुपये नकद और एक लैपटॉप बरामद किया है। थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि मामले की जांच जारी है और यह भी देखा जा रहा है कि इस गबन में अन्य कोई व्यक्ति शामिल है या नहीं। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अमर हिन्दी गाने ग्रुप ने राजकुमारी गोस्वामी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**ललितपुर।** अमर हिन्दी गाने ग्रुप की एक आवश्यक बैठक स्थानीय कैम्प कार्यालय में ग्रुप के एडमिन अतुल मालवीय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सांसद कार्यालय प्रभारी एवं ग्रुप के संस्थापक सदस्य दिनेश गोस्वामी की धर्मपत्नी राजकुमारी गोस्वामी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक को संबोधित करते हुए ग्रुप के एडमिन अतुल मालवीय ने कहा कि राजकुमारी गोस्वामी का निधन समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने बताया कि वे लंबे समय से बीमारी से संघर्ष कर रही थीं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दें। संस्थापक सदस्य सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय श्रीमती गोस्वामी मृदुभाषी, सरल स्वभाव एवं धर्मपरायण व्यक्तित्व की धनी थीं। उनका जीवन सदैव प्रेरणास्पद रहेगा।

## स्कूलों की छुट्टी के समय विशेष यातायात प्रबंध किए जाएं - पुलिस उपायुक्त यातायात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आज दिनांक 15.04.2026 को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों रामादेवी चौराहा , नरौना चौराहा , सरसैया घाट चौराहा एवं ग्रीन पार्क चौराहा का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा यह निरीक्षण विशेष रूप से स्कूलों की छुट्टी के समय किया गया, ताकि यातायात व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का आंकलन किया जा सके। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त यातायात ने सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूल समय के दौरान यातायात का दबाव अधिक रहता है, अतः यातायात का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। पुलिस उपायुक्त यातायात ने



निर्देश दिए कि स्कूल वाहनों की नियमित जांच, अभिभावकों एवं वाहन चालकों को जागरूक करने तथा यातायात संकेतों का पालन सुनिश्चित कराने पर भी विशेष बल दिया गया एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आमजन की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएं, जिससे शहरवासियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन उपलब्ध हो सके।

## यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए दुकानदार सहयोग करें - पुलिस उपायुक्त यातायात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में एडीसीपी यातायात कपिल देव सिंह द्वारा सुगम यातायात योजना 'Reducing Traffic Congestion (RTC) Scheme' के प्रभावी क्रियान्वयन के क्रम में चावला व नन्दलाल चौराहा पर विशेष निरीक्षण किया गया। दुकानदारों से संवाद स्थापित किया गया। दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के सामने अतिक्रमण न करने, सड़क पर अनावश्यक सामान न रखने तथा ग्राहकों के वाहनों को व्यवस्थित रूप से पार्क कराने हेतु जागरूक किया गया। दुकानदारों से अपील की गई कि वे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें, जिससे चौराहा पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। चावला व नन्दलाल चौराहा पर रूट मार्शल की तैनाती की



गयी है । चौराहा पर चिन्हित चोक पॉइंट्स की पहचान कर उनके कारकों को दूर किया जाएगा जिससे यात्रियों के ट्रैवल टाइम को घटाया जा सके। निरीक्षण के दौरान बिना निर्धारित कलर कोड के संचालित हो रहे 140 ऑटो एवं ई-रिक्शा के विरुद्ध भी प्रभावी कार्रवाई करते हुए चालान किए गए। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य चौराहा पर अनावश्यक जाम की स्थिति को समाप्त करना, यातायात प्रवाह को निर्बाध बनाए रखना तथा यात्रियों के समय की बचत करना है।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर हमला

**जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज**

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ मारपीट और उसे जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में ग्राम कल्यानपुरा निवासी बृजेश साहू पुत्र शिवनारायण ने बताया कि बीते शुक्रवार (10 अप्रैल) की रात करीब 08.30 बजे वह ललितपुर से अपने गांव जा रहा था। आरोप है कि जब वह कल्यानपुरा रोड पर सिद्ध बाबा के पास पहुंचा, तभी गांव के ही संजू यादव और रवि यादव ने उसे रास्ते में रोक लिया। पीड़ित का आरोप है कि दोनों आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर उसे गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। जब बृजेश ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की।

## सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकार को शक्ति सम्पन्न बनाये पत्रकारिता- विनोद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ द्वारा बुधवार को स्थानीय ब्लाक सभागार में पत्रकारिता एवं लेखन की गरिमा व दिशा पर संगोष्ठी के साथ तहसील इकाई के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबागंज विधायक विनोद सरोज एवं जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय महासचिव डॉ0 केएन ओझा एवं महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ0 भगवान प्रसाद उपाध्याय एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम में सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में योगदान के लिए विशिष्टजनों का सम्मानित किया गया।विधायक विनोद सरोज ने कहा कि सामाजिक सरोकार को मजबूत बनाने में आज के दौर में लेखन व पत्रकारिता में सच की अभिव्यक्ति की आवश्यकता है। अति विशिष्ट अतिथि जनसत्ता दल के राष्ट्रीय महासचिव डॉ0 केएन ओझा ने कहा कि विचारधारा को सुदृढ़ बनाने के लिए पत्रकारिता की दिशा रचनात्मक होनी चाहिए। विषय प्रवर्तन रखते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने फेक




न्यूज तथा ट्रोलिंग से बचाव के साथ राष्ट्रीय मूल्यों के संवर्धन पर जोर दिया। कार्यक्रम में विधायक विनोद सरोज ने कुण्डा इकाई के नव निर्वाचित अध्यक्ष गौरव मिश्र, महामंत्री अरशद खान, उपाध्यक्ष रवि मोदनवाल व राज शुक्ला तथा रमेश सिंह व सुशील पटेल तथा संरक्षक डॉ0 विजय यादव, सचिव इजहार अहमद एवं शाद अहमद, संयुक्त सचिव नरेन्द्र सिंह एवं सतीश कुमार तथा संगठन सचिव धनंजय मिश्र व मनमोहन सिंह, प्रान्तीय प्रतिनिधि मो0 जाकिर, कोषाध्यक्ष सक्षम मौर्या, जिला प्रतिनिधि अजमत अली को समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण कराया। आयोजन समिति की ओर से मुख्य राष्ट्रीय महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया, प्रान्तीय महासचिव अजय पाण्डेय व डॉ0 विजय यादव ने सीओ कुण्डा अमरनाथ गुप्ता, तहसीलदार कुण्डा अलख शुक्ला, लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, शिवशंकर तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार तिवारी भगवन, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष सिंह, पूर्व प्रमुख पंकज सिंह, हरिओम शंकर श्रीवास्तव, प्रदीप सिंह, मदनमोहन मिश्र, रामभरोस मिश्र, गिरीश पाण्डेय, गणेश राय को अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। स्वागत भाषण पूर्व अध्यक्ष रूपेन्द्र शुक्ल व आभार प्रदर्शन पन्ना लाल गुप्ता ने किया। समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र व संचालन डॉ0 विजय यादव एवं अजय पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय, मनीष पाण्डेय, प्रभाकर सिंह, राजू नायडू, सुरेश पाण्डेय, दिनेश सिंह आदि रहे।

## कानपुर में एम एस सी की छात्रा को हवस का शिकार बनाने वाले कांस्टेबल को दिखाया जेल का रास्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** यहां कानून के रक्षक पुलिस वाले भी बलात्कार जैसी घटनाओं को देने में किसी के पीछे नहीं हैं। ऐसी ही एक घटना में नौकरी और शादी का झांसा देकर एक कांस्टेबल ने एम एससी की छात्रा के साथ रेप किया। छात्रा की रिपोर्ट पर उसे गिरफ्तार करके जेल का रास्ता दिखाया गया है। आरोप है कि इस दौरान कांस्टेबल ने उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए। जब छात्रा ने कांस्टेबल पर शादी के लिए दबाव डाला, तो उसने विवाह करने से इनकार कर दिया। साथ ही आरोपी ने छात्रा को धमकी दी कि यदि उसने शिकायत की, तो वह अश्लील फोटो और वीडियो वायरल कर देगा। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस छात्र की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही मामले की जांच कर रही है। प्राप्त विवरण के मुताबिक रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात आरोपी कांस्टेबल योगेंद्र



से पीड़ित छात्रा की मुलाकात जनवरी 2026 में ट्रेन में हुई थी। मामले की जांच कर रही पुलिस को रावतपुर थानाक्षेत्र निवासी एमएससी छात्रा ने बताया वह एक हॉस्टल में रहकर गणित विषय से एमएससी और प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी कर रही है। छात्रा के मुताबिक 19 जनवरी 2026 को कानपुर सेंट्रल से आगरा परीक्षा देने जाते समय उसकी मुलाकात रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल योगेंद्र सिंह से हुई थी। योगेंद्र ने बताया कि वह सिपाही की ट्रेनिंग कर रहा है। पीड़ित छात्रा ने बताया बातचीत के बाद कांस्टेबल योगेंद्र ने नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद दोनों ने मोबाइल नंबर साझा किए और बातचीत शुरू हो गई। इसी दौरान योगेंद्र ने शादी का प्रस्ताव रखा। उसने मेरी मां से भी बातचीत की और आश्वासन दिया कि शादी के साथ-साथ नौकरी भी लगवा देगा।

छात्रा काआप है कि 22 फरवरी 2026 की रात योगेंद्र ने उसे रिजर्व पुलिस लाइन के पास बुलाया और जबरन रेप किया। इस दौरान आरोपी ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए। करीब 2 महीने तक फोटो, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रेप करता रहा। 8 अप्रैल को कांस्टेबल ने बुलाकर उसके साथ फिर रेप किया और बोला कि अब न शादी करूंगा और न ही नौकरी लगवाऊंगा। साथ ही आरोपी कांस्टेबल ने शिकायत करने पर अश्लील फोटो, वीडियो वायरल करने की धमकी दी। कोतवाली थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि आरोपी कांस्टेबल को गिरफ्तार का जेल का रास्ता दिखाने के साथ ही मामले की जांच की जा रही है।

## ललितपुर में किसना हीरा-सोने के आभूषणों के शोरूम का भव्य उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर के स्टेशन रोड पर आज हरि कृष्णा ग्रुप द्वारा किसना ब्रांड के हीरा एवं सोने के आभूषणों के नए ज्वैलरी शोरूम का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। शोरूम का उद्घाटन हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक व प्रबंध निदेशक श्रीधनश्याम ढोलकिया एवं राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड. मौजूद रहे। इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण और नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथियों ने शोरूम का अवलोकन कर यहां उपलब्ध आधुनिक डिजाइन के हीरा एवं स्वर्ण आभूषणों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठित ब्रांड के आगमन से ललितपुर के लोगों को अब महानगरों जैसी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेंगी, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। शोरूम के संचालक सुधीर श्रीवास्तव, आदर्श श्रीवास्तव एवं आकर्ष श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि ग्राहकों को यहां उच्च गुणवत्ता के आकर्षक एवं नवीनतम डिजाइन के आभूषण उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ग्राहकों की संतुष्टि और विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर हरीश कपूर टीटू, राजीव श्रीवास्तव, डा.आर.के. अग्रवाल, डा.रामगोपाल साहू, हरीराम निरंजन, श्रीमती उमा श्रीवास्तव, श्रीमती कनुप्रिया श्रीवास्तव, अंशुल बड़कुल, सतीश जैन बंटी, अनुपमा जैन, अजय पटैरिया, चीफ ऑपरेटिंग ऑफीसर राजेश पुरोहित, ए.पी.सिंह, अमित लखेरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा और लोगों में नए शोरूम को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

## कम्प्यूटर शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए विधायक मोना ने मेधावियों को दी कम्प्यूटर सेटों की सौगात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर स्थित गांधी इण्टर कालेज में कम्प्यूटर शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से मेधावियों को कम्प्यूटर सेट की सौगात मिली है। मंगलवार की शाम विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना ने सांगीपुर इण्टर कालेज में बीस तथा इसी के साथ संग्रामगढ़ इण्टर कालेज व एसपी इण्टर कालेज कुण्डा के लिए भी बीस-बीस सेट कम्प्यूटर प्रदान किये। सरयू समाज कल्याण संस्थान के बैनरतले आयोजित कार्यक्रम में सीएसआर योजना के तहत एलआईसी गोल्डेन




जुबली फाउण्डेशन के द्वारा डिजिटल कम्प्यूटर लैब का सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने समारोहपूर्वक शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में वैश्विक पटल की स्पर्धा में कम्प्यूटर शिक्षा का महत्व शीर्ष पर है। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने छात्र छात्राओं को तकनीकी ज्ञान में वृद्धि के लिए कम्प्यूटरीकृत शिक्षा को प्राथमिकता देना होगा। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना लैब के उदघाटन को लेकर छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन भी करते दिखे। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य डॉ0 अमिताभ शुक्ल व संचालन हृदय नारायण मिश्र ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, रामबोध शुक्ल, कृष्णदेव दुबे, अशोकधर दुबे, रविशंकर उपाध्याय, महादेव प्रजापति, अनुराग उपाध्याय, रवीन्द्र भूषण मिश्र, अनिल कुमार सरोज, बच्चा बाबू वर्मा, बृजेश द्विवेदी, संतोष तिवारी, अल्प नारायण शुक्ला, श्रीधर तिवारी, चंद्रप्रकाश तिवारी, प्रेम कुमार वैश्य, इम्तियाज अहमद, सूरज पाल, हरकेश विश्वकर्मा, नन्हें खां, महेश शुक्ल, राघवेंद्र पाठक आदि रहे।

# मारपीट मामले में आमने-सामने आए दो पक्ष

**●पुलिस ने दर्ज की क्रॉस एफआईआर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो पक्षों के बीच मारपीट और गाली-गलौज का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र की निवासी रजनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 अप्रैल की रात करीब 08.30 बजे जब वह अपने पुत्र आशु के साथ रास्ते से जा रही थीं, तभी आरोपी राहुल शर्मा ने उन्हें रोककर अभद्रता की। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट की और बचाने आए उनके पुत्र को भी पीटा। इसके साथ ही आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी राहुल शर्मा के खिलाफ धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं, दूसरे पक्ष के एड. राहुल शर्मा ने जवाबी आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। राहुल का कहना है कि वह वेस्टन कैफे पर बैठकर चाय पी रहे थे, तभी रजनी जोशी, अशोक जोशी, आशु जोशी और तीन अज्ञात लोगों ने उन पर हमला कर दिया। राहुल का आरोप है कि मारपीट के दौरान उनका मोबाइल फोन और जेब में रखे 250 रुपये भी गिर गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने इस शिकायत पर रजनी जोशी व अन्य के खिलाफ धारा 191(2) और 115(2) के तहत मामला पंजीकृत किया है। कोतवाली पुलिस ने दोनों ही मामलों में एफआईआर संख्या 0410 और 0411 दर्ज कर ली है।

**तीसरे पक्ष ने भी दर्ज कराई एफआईआर, पुलिस जांच में जुटी**

इधर तीसरे पक्ष की ओर से पीड़ित अजित कुमार ने बताया कि सोमवार (13 अप्रैल) की रात करीब 08.30 बजे जब वह रास्ते से गुजर रहे थे, तभी आरोपी राहुल शर्मा ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि बिना किसी कारण के राहुल शर्मा ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट कर धमकाया। पुलिस ने तीसरे पक्ष की तहरीर पर राहुल शर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

## अंबेडकर जयंती पर कवि सम्मेलन व मुशायरा, साहित्यकारों ने बांधा समां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती के अवसर पर तालाबपुरा स्थित एक विद्यालय में कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कौमी एकता की प्रतीक साहित्यिक संस्था हिंदी-उर्दू अदबी के तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष सोनाली जैन उपस्थित रहीं, जबकि अध्यक्षता पूर्व सीएमओ डा.खेमचंद वर्मा ने की। संचालन रामकृष्ण कुशवाहा एड.ने किया। शुरुआत बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। संचालन करते हुए रामकृष्ण कुशवाहा ने कहा कि सोई हुई कौम थी, बाबा जगा गए, सम्मान से हमें जीना सिखा गए। उन्होंने अपनी पंक्तियों के माध्यम से अंबेडकर के योगदान को याद किया। कवि सम्मेलन में महेश नामदेव ने व्यंग्य के माध्यम से समाज की विसंगतियों पर प्रहार किया। राधेश्याम ताम्रकार ने गजल प्रस्तुत करते हुए वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त की। युवा शायर सरबर हिंदुस्तानी ने जिंदगी के विभिन्न पहलुओं को अपनी शायरी में बयां किया। बुंदेली रचनाओं के लिए प्रसिद्ध शील चंद्र शास्त्री ने अपनी विशिष्ट शैली में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की एकमात्र महिला कवयित्रीचांदनी शर्मा ने अपनी रचना से श्रोताओं का मन मोह लिया। एम.आर. खान ने इश्क और भावनाओं पर आधारित शायरी प्रस्तुत की। अध्यक्षीय संबोधन में डा.खेमचंद वर्मा ने देश में भाईचारे और एकता का संदेश देते हुए कहा कि भारत को फिर से सोने की चिड़िया बनाने के लिए हमें मिलकर प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम में पलाश कश्यप, जलील पक्ष, बृजेश श्रीवास्तव सहित अनेक कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर कृपाल सिंह यादव, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, ध्रुव साहू, नारायण सिंह यादव, दिनेश कुमार, अनिल यादव, रोहित यादव, नैंसी, संजीव झा, पूजा देवी, जगदीश यादव समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में प्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोंसले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### वृद्धावस्था पेंशन के नियमों में बदलाव, अब आधार नहीं होगा मान्य आयु प्रमाण

**ज्ञानपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में आयु सत्यापन को लेकर महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि पहले इस योजना के तहत आवेदकों की आयु की गणना के लिए आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि को मान्य माना जाता था, लेकिन शासन के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार अब आधार कार्ड को आयु प्रमाण के रूप में अमान्य कर दिया गया है। अब वृद्धावस्था पेंशन योजना के लिए आवेदन करते समय आवेदकों को आयु प्रमाण के रूप में परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति या शैक्षिक योग्यता से संबंधित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इन दस्तावेजों में जन्मतिथि स्पष्ट रूप से अंकित होना जरूरी है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जनपद के सभी वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे ऑनलाइन आवेदन करते समय निर्धारित नए नियमों का पालन करें और सही दस्तावेज अपलोड करें, ताकि उन्हें पेंशन योजना का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि गलत या अपूर्ण दस्तावेज अपलोड करने पर आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

### आर्टिगा कार से टक्कर मारकर हत्या मामले में गैंगस्टर अभियुक्त गिरफ्तार, भदोही पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**ज्ञानपुर।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कमलाकांत दूबे की दुकान का शटर बंद करते समय आर्टिगा कार से टक्कर मारकर हत्या करने की घटना में शामिल गैंगस्टर अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागी के निर्देशन में अपराध एवं कानून-व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। मामले में पहले ही चार अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, मनीष यादव के नेतृत्व में एक संगठित आपराधिक गिरोह सक्रिय था, जिसमें मेहीलाल, सुजीत यादव और अंकित यादव उर्फ लवकुश शामिल हैं। यह गिरोह लोगों के साथ मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और हत्या जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देता रहा है। इसी क्रम में 14 अप्रैल 2026 को थाना भदोही पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट (मु0अ0सं0 165/26, धारा ×(1)) से संबंधित वांछित अभियुक्त मेहीलाल (56 वर्ष) निवासी धसकरी, थाना व जिला भदोही को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। भदोही पुलिस की इस कार्रवाई को अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### मिशन शक्ति फेज-5.0' के तहत महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष जागरूकता अभियान




**ज्ञानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 द्वितीय चरण के तहत जनपद भदोही में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जिले के सभी थानों द्वारा व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस टीमों ने गांव, कस्बों, मौहल्लों और शिक्षण संस्थानों में भ्रमण कर चौपाल लगाई। महिलाओं और बालिकाओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया गया। छात्राओं और महिलाओं को आत्मरक्षा के उपाय, गुड टच बैड टच की पहचान और उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। छेड़खानी या किसी भी अपराध की स्थिति में 1090 वीमेन पावर लाइन पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई। साथ ही अन्य जरूरी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के सावधानीपूर्वक उपयोग और साइबर अपराधों से बचाव के टिप्स दिए गए। महिलाओं और बालिकाओं को यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक किया गया। पुलिस का उद्देश्य नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के मंत्र के साथ महिलाओं में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बनाना है।

# ऐसा क्या हो गया था जो ट्रंप ने तुरंत मोदी को फोन लगाया और 40 मिनट तक बातचीत की?

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



एक ओर पाकिस्तान की कूटनीति धराशायी हो चुकी है तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति वैश्विक मंच पर ऐसे गूंज रही है कि दुनिया उसे नजरअंदाज नहीं कर पा रही। हालिया घटनाक्रम ने यह साफ कर दिया है कि अब वैश्विक शक्ति संतुलन का नया केंद्र भारत बन चुका है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच हुई ताजा बातचीत बदलती विश्व व्यवस्था का स्पष्ट संकेत है। करीब चालीस मिनट चली इस बातचीत में जिस तरह द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति पर चर्चा हुई, वह इस बात का प्रमाण है कि भारत अब केवल साझेदार नहीं, बल्कि रणनीतिक धुरी बन चुका है। यह वही भारत है जिसे कभी क्षेत्रीय शक्ति तक सीमित समझा जाता था, लेकिन आज वही भारत वैश्विक फैसलों के केंद्र में बैठा है। इस बातचीत का सबसे अहम पहलू पश्चिम एशिया की स्थिति पर गहन विचार विमर्श रहा। होरमुज जलडमरूमध्य को खुला और सुरक्षित रखने पर जोर देना वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की जीवनरेखा को बचाने का स्पष्ट संदेश है। यह वही मार्ग है जहां से दुनिया की बड़ी ऊर्जा जरूरतें गुजरती हैं। ऐसे में भारत की सक्रिय भागीदारी यह दिखाती है कि अब वह केवल अपने हितों तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता का जिम्मेदार प्रहरी बन चुका है।

रणनीतिक दृष्टि से देखें तो यह घटनाक्रम कई स्तरों पर भारत के लिए निर्णायक है। अमेरिका के साथ संभावित बड़े समझौते इस दिशा में एक ठोस कदम हैं। यह केवल तेल या गैस की खरीद नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक सुरक्षा का ढांचा है। जब कोई देश अपनी ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित कर लेता है, तो वह आर्थिक और सामरिक दोनों मोर्चों पर मजबूत हो जाता है। एक और महत्वपूर्ण पहलू आपूर्ति श्रृंखला और तकनीकी सहयोग है। अमेरिका के साथ बढ़ती साझेदारी का मतलब है कि भारत अब वैश्विक उत्पादन और तकनीकी ढांचे में केंद्रीय भूमिका निभाएगा। यह वह क्षेत्र है जहां भविष्य की ताकत तय होती है।

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर का यह कहना कि आने वाले दिनों में बड़े समझौते अंतिम रूप ले सकते हैं, इस बात का संकेत है कि दोनों देश अब परिणाम देने की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं। यह वही बदलाव है जो भारत की कूटनीति को अलग बनाता है। गोर के मुताबिक, बातचीत के अंत में ट्रंप ने मोदी से कहा, 'मैं बस आपको यह बताना चाहता हूं कि हम सब आपसे प्यार करते हैं।'' उधर, ट्रंप से बातचीत के बाद मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'मुझे मेरे मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फोन आया था।

हमने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग में हासिल की गई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की।' उन्होंने लिखा, 'हम सभी क्षेत्रों में अपनी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की और होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला एवं सुरक्षित रखने के महत्व पर जोर दिया। 'देखा जाये तो इस पूरे घटनाक्रम का समय भी बेहद महत्वपूर्ण है। पश्चिम एशिया में तनाव, ईरान और अमेरिका के बीच अनिश्चितता, समुद्री मार्गों पर खतरा और युद्धविराम की नाजुक स्थिति ने पूरी दुनिया को असमंजस में डाल रखा है। ऐसे समय में भारत का संतुलित रुख उसे एक विश्वसनीय शक्ति के रूप में स्थापित करता है।

भारत न तो किसी सैन्य गठबंधन में कूद रहा है और न ही निष्क्रिय बैठा है, बल्कि कूटनीतिक संतुलन के साथ अपने हितों और वैश्विक स्थिरता दोनों को साध रहा है। बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच निरंतर संवाद इस बात का प्रमाण है कि दोनों देशों के रिश्ते केवल अवसर आधारित नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीति पर आधारित हैं। यह संबंध अब उतार चढ़ाव से ऊपर उठकर स्थिरता की दिशा में बढ़ चुका है। पश्चिम एशिया में संकट शुरू होने के बाद से यह मोदी और ट्रंप की दूसरी वार्ता थी। इसके अलावा, अगले महीने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की भारत यात्रा इस साझेदारी को और मजबूत कर सकती है। यह यात्रा कई बड़े फैसलों की भूमिका तैयार करेगी। हाल ही में विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी अमेरिका यात्रा पर गये थे और इस दौरान दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर सहमति बनी है।

## दादा देव मंदिर में बैसाखी पर्व पर भव्य आयोजन



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महेश मिश्रा पालम गांव स्थित प्रसिद्ध दादा देव मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बैसाखी पर्व के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन के साथ हुई, जिसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।मंदिर की स्थापना लगभग 1400 वर्ष पूर्व मानी जाती है और तब से यह आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। पालम गांव सहित आसपास के बारह गांवों के श्रद्धालु दादा देव के प्रति गहरी आस्था रखते हैं। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।दादा देव समिति के मीडिया प्रभारी रणबीर सिंह सोलंकी ने जानकारी दी कि दादा देव की कृपा से समस्त क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं स्वास्थ्य का वास बना रहता है। उन्होंने बताया कि क्षेत्रवासी प्रत्येक शुभ कार्य–चाहे वह विवाह हो या कोई व्यावसायिक आरंभ–से पूर्व दादा देव का स्मरण अवश्य करते हैं।समिति के प्रधान ओमवीर सोलंकी ने अपने संबोधन में कहा कि दादा देव सदैव क्षेत्र के संरक्षक के रूप में उपस्थित रहते हैं और सभी पर अपनी कृपा बनाए रखते हैं।इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सिंह सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित थे। वर्ष भर मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं, किंतु बैसाखी एवं शारदीय नवरात्रि के अवसर पर विशेष आयोजन का महत्व अधिक होता है। मीडिया प्रभारी रणबीर सिंह सोलंकी ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए उनके सहयोग एवं सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर रामचंद्र पहलवान महासचिव सुरेंद्र यादव उपप्रधान भूप सिंह, सतबीर सिंह, हरी सिंह, कोषाध्यक्ष जिले सिंह सहित पूर्व सांसद महाबल मिश्रा, सांसद रामवीर बिधूड़ी, विधायक कुलदीप सोलंकी, पूर्व विधायक धर्मदेव सोलंकी, पूर्व विधायक विजय लोचव, विधायक कैलाश गहलोत, विधायक संदीप सहरावत, पूर्व पार्षद पवन शर्मा, पार्षद नरेंद्र गिरसा, सहरावत खाप दिल्ली प्रदेश के उपप्रधान करमवीर सहरावत एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## PMO में शिकायत के बाद बड़ा एक्शनः शिक्षा मंत्रालय सख्त, यूपी में निजी स्कूलों की मनमानी पर जांच के आदेश

**● व्यापारी नेता जितेंद्र चतुर्वेदी की पहल रंग लाई, महंगी किताबें और यूनिफॉर्म थोपने के मामले में केंद्र ने लिया संज्ञान**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलिया।** निजी विद्यालयों द्वारा महंगी किताबें, यूनिफॉर्म और तय दुकानों से खरीद के दबाव के खिलाफ की गई शिकायत पर अब केंद्र सरकार ने संज्ञान ले लिया है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश इकाई के प्रदेश संगठन महामंत्री जितेंद्र चतुर्वेदी द्वारा प्रधानमंत्री को भेजे गए शिकायत पत्र के आधार पर भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश के संबंधित अधिकारियों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि जितेंद्र चतुर्वेदी द्वारा दर्ज कराई गई जन शिकायत को उत्तर प्रदेश के स्कूल शिक्षा महानिदेशक एवं समग्र शिक्षा विभाग को प्रेषित किया गया है। मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

गौरतलब है कि जितेंद्र चतुर्वेदी ने अपने




शिकायत पत्र में प्रदेश भर के निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों पर महंगी किताबें, कॉपियां और यूनिफॉर्म खरीदने का दबाव बनाने, तथा एनसीईआरटी की पुस्तकों के स्थान पर निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें थोपने का मुद्दा उठाया था। साथ ही उन्होंने यह भी बताया था कि कई स्कूल स्वयं ही किताबों की बिक्री कर रहे हैं या कुछ निश्चित दुकानों से खरीदारी के लिए बाध्य करते हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जितेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि यह केवल उनकी नहीं बल्कि प्रदेश के लाखों अभिभावकों की आवाज है, जो लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि इस दिशा में सख्त कार्रवाई होती है, तो इससे अभिभावकों को बड़ी राहत मिलेगी और शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता आएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो इस मुद्दे को और बड़े स्तर पर उठाया जाएगा, ताकि निजी विद्यालयों की मनमानी पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

## सुरियावा-निगोह मार्ग की बदहाल स्थिति से ग्रामीण परेशान, चौड़ीकरण व मरम्मत की उठी मांग

**सुरियांवा।** सुरियावा निगोह मार्ग से बेला त्रिमुहानी होते हुए ग्राम अबरना, हरिहरपुर, बिसही, विसापुर, सांडा व पूरे बदल तक जाने वाली सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। हरिहरपुर अस्पताल के पास सहित कई स्थानों पर सड़क धंस गई है और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग 24 घंटे व्यस्त रहता है और आसपास के कई गांवों को जोड़ते हुए सीधे जौनपुर तक संपर्क स्थापित करता है। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत और चौड़ीकरण को लेकर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क संकरी होने के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, वहीं खराब सड़क के चलते आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से मरीजों को अस्पताल ले जाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में वीरेंद्र प्रताप सिंह, धर्मराज यादव, विनोद कुमार, आशुतोष कुमार व राजकुमार समेत अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क के शीघ्र चौड़ीकरण और मरम्मत की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## ईरान के नुक्लेअर प्रोग्राम पर अमेरिका का रुख साफ, उपराष्ट्रपति बोले- 'परमाणु हथियार नहीं रखने देंगे'

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने मंगलवार (स्थानीय समय) को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता और प्रशासन इस नीति को लागू करवाने के लिए काम कर रहा है। जॉर्जिया विश्वविद्यालय में आयोजित 'टर्निंग पॉइंट यूएसए' कार्यक्रम में बोलते हुए वैंस ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत में प्रगति हुई है, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ट्रंप एक व्यापक समझौते की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने एक नीति निर्धारित की हैः ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता और अभी हम यह सुनिश्चित करने के लिए बातचीत कर रहे हैं कि ऐसा ही हो। और इसमें दिलचस्प बात यह है कि हमारे पास यह युद्धविराम है, जो मुझे लगता है कि छह या सात दिन पुराना है। अभी यह युद्धविराम कायम है और आप देख रहे हैं कि राष्ट्रपति एक बड़ा समझौता करना चाहते हैं, वह कोई छोटा समझौता नहीं करना चाहते। वैंस ने कहा कि अमेरिका ईरान को सामान्य आर्थिक संबंधों का रास्ता दिखा रहा है, बशर्ते वह अपना आचरण बदले।

उन्होंने कहा कि ईरान को उनका प्रस्ताव बहुत सीधा-सादा है और सच कहूँ तो ऐसा प्रस्ताव देने की क्षमता किसी भी राष्ट्रपति के पास नहीं रही है। उन्होंने कहा कि अगर आप एक सामान्य देश की तरह व्यवहार करने को तैयार हैं, तो हम भी आर्थिक रूप से आपके साथ एक सामान्य देश जैसा व्यवहार करेंगे।

उन्हें कोई छोटा-मोटा समझौता नहीं चाहिए। और यही एक कारण है कि पाकिस्तान में हमने बहुत प्रगति की है, लेकिन समझौता अभी तक इसलिए नहीं हो पाया है क्योंकि राष्ट्रपति वास्तव में ऐसा समझौता चाहते हैं जिसमें ईरान के पास परमाणु हथियार न हों, ईरान आतंकवाद को प्रायोजित न करे, और साथ ही ईरान के लोग समृद्ध और खुशहाल हों और विश्व अर्थव्यवस्था में उस तरह से योगदान दे सकें जैसा उन्होंने मेरे जीवनकाल में कभी नहीं दिया।

वैंस ने आगे कहा कि और यही वो ट्रम्पवादी भव्य समझौता है जिसे राष्ट्रपति ने सामने रखा है। हम बातचीत जारी रखेंगे और इसे साकार करने की कोशिश करेंगे क्योंकि यह दुनिया के लिए, हमारे देश के लिए, सबके लिए बहुत अच्छा होगा, इसलिए मैं इसे साकार करने के लिए संघर्ष करता रहूंगा। ये टिप्पणियां तब आई जब ट्रंप ने मंगलवार (स्थानीय समय) को कहा कि वह ईरान के साथ चल रहे दो सप्ताह के युद्धविराम को बढ़ाने पर विचार नहीं कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि पश्चिम एशिया में तनाव को समाप्त करने का सबसे अच्छा तरीका बातचीत के जरिए समझौता करना ही है।

# प्रयागराज पावर प्लांट में चार हजार मजदूरों का उग्र प्रदर्शन

**● प्रबंधन पर शोषण का आरोप।8 घंटे के स्थान पर 12 ड्यूटी लेने का आरोप। निर्धारित मजदूरी दर न मिलने का आरोप।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बारा प्रयागराज।** यमुनानगर के बारा क्षेत्र में स्थित प्रयागराज पावर जनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (PPGCL) में मंगलवार को उस समय हालात तनावपूर्ण हो गए, जब 4000 से अधिक मजदूरों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्लांट के मुख्य गेट पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मजदूरों ने कामकाज पूरी तरह ठप कर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे पूरे प्लांट परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

**12 घंटे की ड्यूटी बनी विवाद की जड़**

प्रदर्शन कर रहे मजदूरों का आरोप है कि उनसे जबरन 12-12 घंटे काम लिया जा रहा है, जो श्रम कानूनों का खुला उल्लंघन है। उनका कहना है कि उन्हें निर्धारित 8 घंटे की ड्यूटी ही दी जानी चाहिए। मजदूरों ने इसे 'गुलामी जैसी स्थिति' बताते हुए तत्काल बदलाव की मांग की है।

**वेतन वृद्धि को लेकर भी नाराजगी**

मजदूरों का कहना है कि महंगाई के इस दौर में उन्हें पुराने और बेहद कम मानदेय पर काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। वर्करों ने स्पष्ट कहा कि अब केवल मौखिक आश्वासन नहीं, बल्कि वेतन वृद्धि को लेकर लिखित समझौता चाहिए। बिना लिखित आश्वासन के वे काम पर लौटने को तैयार नहीं हैं।

**नारों से गूंजा पूरा बारा इलाका**

सुबह से ही मजदूरों का जमावड़ा शुरू हो गया था, जो देखते ही देखते 4000 के पार पहुंच गया। 'हम अपना हक मांगते, नहीं किसी से भीख मांगते!' जैसे नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। मजदूरों ने साफ कर दिया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा।

**प्रशासन और प्रबंधन अलर्ट**

इतनी बड़ी संख्या में मजदूरों के प्रदर्शन को देखते हुए कंपनी प्रबंधन के साथ-साथ प्रशासन भी सतर्क हो गया है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि स्थिति



नियंत्रण में बनी रहे। हालांकि अभी तक मजदूरों और प्रबंधन के बीच कोई ठोस वार्ता नहीं हो सकी है।

**उत्पादन पर असर की आशंका**

लगातार जारी इस हड़ताल से प्लांट के उत्पादन पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। यदि जल्द ही समाधान नहीं निकला, तो बिजली उत्पादन और आपूर्ति पर भी प्रभाव पड़ सकता है। बताया जाता है इस प्लांट में मजदूरों का काफी अरसे से शोषण हो रहा है ।इन्हें सरकार द्वारा निर्धारित दर सीज़दूरी नहीं दी जाती।बोनस एल की तो बात दूर रही। 8 घंटे से ऊपर काम करने पर ओवर टाइम देने का नियम है जो निर्धारित दर से दो गुना देना चाहिए लेकिन यहां कुछ भी नहीं दिया जाता। यहां काम करने वाले गरीबों आदिवासी दलितों , और अन्य कमजोर लोगों की गरीबी का फायदा प्रबंधन काफी दिनों से उठा रहा है। न तो इनकी मांग को यहां के विधायक उठाते है न ही समाज सेवी न ही श्रम विभाग न ही पत्रकार। आरोप है कि प्रबंधन ने सबको उपकृत कर के मजदूरों का शोषण करता है।पता चला है इस क्षेत्र के एक पुलिस अधिकारी को यहां के प्रबंधन ने परिसर के अंदर एक सुसज्जित आवास दे रखा है जिससे भय के मारे मजदूर अपनी आवाज न उठा सके।

## किसान दिवस आयोजित, योजनाओं की दी गई जानकारी, समस्याओं के समाधान का आश्वासन

**ज्ञानपुर।** जनपद भदोही के विकास भवन सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं किसानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों की समस्याओं को सुनना और विभागीय योजनाओं की जानकारी देना रहा। उप कृषि निदेशक डॉ. अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि सभी कृषकों के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए रजिस्ट्री जरूरी है, अन्यथा लाभ रोका जा सकता है। उन्होंने किसानों से जल्द से जल्द सहज जन सेवा केंद्र, लेखपाल या कृषि विभाग के माध्यम से पंजीकरण कराने की अपील की। कार्यक्रम में सोलर पंप योजना, कृषि यंत्रीकरण और फसल सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला कृषि अधिकारी कु. ईरम ने बताया कि जल्द ही राजकीय बीज भंडार पर ढैंचा का बीज उपलब्ध होगा, जिससे किसान बुवाई कर सकते हैं। सहकारिता विभाग के प्रतिनिधि राम प्रकाश ने बताया कि जनपद में उर्वरक की कोई कमी नहीं है और साधन सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। उन्होंने किसानों से ओवररेटिंग या टैगिंग की शिकायत मिलने पर तुरंत सूचना देने की अपील की। साथ ही नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के उपयोग पर भी जोर दिया गया। नहर विभाग के सहायक अभियंता ने जानकारी दी कि 26 अप्रैल से नहरों का संचालन शुरू किया जाएगा, जिससे तालाब और पोखरों को भरा जा सकेगा। वहीं नलकूप विभाग द्वारा भी गर्मी में जल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। मत्स्य निरीक्षक सुषमावती ने प्रधानमंत्री मत्स्य योजना और मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना की जानकारी देते हुए बताया कि निजी तालाबों पर अनुदान दिया जा रहा है। पशु चिकित्सा विभाग की ओर से डॉ. गीता ने खुरपका-मुंहपका व गलाघोटू रोगों के टीकाकरण के लिए पशुपालकों को जागरूक किया। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता एस.पी. पटेल ने किसानों से समय पर बिजली बिल जमा करने की अपील की, अन्यथा कनेक्शन वि'छेद की चेतावनी दी। किसान दिवस के दौरान किसानों ने बिजली, नलकूप और सिंचाई से जुड़ी समस्याएं भी रखीं। अधिकारियों ने सभी समस्याओं के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 8 महीने से बंद स्ट्रीट लाइट, पासी चौराहा अंधेरे में- राहगीर परेशान

**सीतामढ़ी।** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत इटहरा के पास स्थित पासी चौराहा पिछले लगभग 8 महीनों से अंधेरे में डूबा हुआ है। यहां जिला पंचायत द्वारा लगाई गई स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी है, जिससे रात होते ही पूरे चौराहे पर घना अंधेरा छा जाता है। इसका सीधा असर स्थानीय लोगों और राहगीरों पर पड़ रहा है, जिन्हें आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पासी चौराहा क्षेत्र का एक प्रमुख मार्ग है, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों लोग गुजरते हैं। स्ट्रीट लाइट के अभाव में रात के समय दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। साथ ही अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढने् का खतरा भी बना हुआ है, जिससे लोगों में भय का माहौल व्याप्त है। समाजसेवी अजीत सिंह ने इस गंभीर समस्या को उठाते हुए जिला पंचायत से तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। उन्होंने इसे जनसुरक्षा से जुड़ा मामला बताते हुए अधिकारियों से शीघ्र संज्ञान लेने की अपील की है। वहीं पंकज तिवारी, शिवकुमार सिंह, कमला शंकर मिश्रा और शैलेंद्र सरोज सहित अन्य ग्रामीणों ने भी




जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी से जल्द समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान न होने पर वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भदोही में महिलाओं की भव्य बाइक रैली, 100 महिलाओं ने लिया हिस्सा

**ज्ञानपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026 के प्रति आभार और समर्थन व्यक्त करने के उद्देश्य से जनपद भदोही में महिलाओं द्वारा एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में जिले की लगभग 100 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली को जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी एवं ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे ने हरी झंडी दिखाकर जीआईसी इंटर कॉलेज, ज्ञानपुर से रवाना किया। तिरंगा झंडा हाथों में लिए और 'धन्यवाद मोदी सरकार', 'नारी शक्ति जिंदाबाद' जैसे नारों के साथ महिलाओं ने बुलेट, स्कूटी और बाइक से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तय की। रैली जीआईसी इंटर कॉलेज से शुरू होकर जिला पंचायत कार्यालय पर संपन्न हुई। इस अवसर पर मनीषा अम्बष्ट ने कहा कि ×× प्रतिशत आरक्षण का यह कानून महिलाओं को केवल प्रतिनिधित्व ही नहीं, बल्कि निणज्य लेने की शक्ति भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं की भागीदारी अब सुनिश्चित होगी और यह रैली उसी खुशी और आभार का प्रतीक है। रैली में डॉक्टर, वकील, शिक्षिका, गृहिणी और कॉलेज छात्राओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनीषा अम्बष्ट, अर्चना पटेल, सरिता बिंद, पूजा, छाया मौर्य, सुषमा मालवीय, स्नेहलता श्रीवास्तव, रेशमा बानो, लक्ष्मी बिंद, नीलम दुबे, संध्या मौर्य, आराधना शर्मा, सीमा पांडे, महिमा चौधरी, रीना यादव, संजू यादव, अंतिम यादव, रिया यादव, संजू सरोज, निशा बेन, बबीता पांडे, स्वरूप बिंद, आरती सिंह, उर्मिला दुबे समेत बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम ने जिले में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता और उत्साह का संदेश दिया।